4 रायपुर संभाग
15 सालों से कोई हाईटेक बस स्टैण्ड नही होने से भटक रहे...

6 अभिमत
बांग्लादेश में विरोध मानवाधिकारों का हनन

09 छत्तीसगढ़
स्कूल भवन की मांग को लेकर विधायक ने किया था...

10 संस्कारधानी
सूखे वृक्ष को हटाने की दरकार

रायपुर, लखनऊ और नई दिल्ली से प्रकाशित
हमेशा सच के साथ
RNI NO. CHHHIN/2016/70655

# पायनियर

www.dailypioneer.com रायपुर, बुधवार 06 नवम्बर 2024 पृष्ठ-12 वर्ष-09, अंक-75 मूल्य 3.00 ₹

**क्विक न्यूज़**

### संसद का शीतकालीन सत्र 25 नवंबर से 20 दिसंबर तक

**नयी दिल्ली।** सरकार ने संसद का शीतकालीन सत्र 25 नवंबर से 20 दिसंबर तक आयोजित कराने की घोषणा की। इस दौरान 26 नवंबर को संविधान दिवस पर



संविधान सदन के केंद्रीय कक्ष में संविधान दिवस समारोह का आयोजन किया जायेगा। संसदीय कार्य मंत्री किरण रिजिजू ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर एक पोस्ट में यह जानकारी देते हुये कहा, भारत सरकार की सिफारिश पर माननीय राष्ट्रपति ने संसद के दोनों सदनों को शीतकालीन सत्र के लिये 25 नवंबर से 20 दिसंबर 2024 तक आहूत करने के प्रस्ताव को स्वीकृति प्रदान की है।

### कनाडा में सिख हिंदू मंदिर परिसर में हिंसा करने वालों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की मांग

**नयी दिल्ली।** सिख समाज के संगठन 'द सिख फोरम' ने कनाडा में ब्रैम्पटन में हिंदू मंदिर के परिसर में हिंसक घटनाओं की कड़ी निंदा की है और इस घटना में शामिल लोगों के खिलाफ वहां की सरकार द्वारा सख्त कार्रवाई की जाने की अपील की है। संगठन ने ब्रैम्पटन के हिंदू महासभा मंदिर परिसर में रविवार को दर्शनार्थियों पर हमले को सिख विचारधारा के बिल्कुल विपरीत बताया है। अध्यक्ष और महासचिव ने एक सजा बयान में कहा, सिख समाज के लोग सभी धर्मों का आदर करते हैं और वे लोगों के अपनी अपनी धार्मिक आस्था और रीति-रिवाजों के अनुपालन में किसी के द्वारा किसी तरह की बाधा डाले जाने के कतई विरुद्ध हैं।

### रुपया एक पैसे बढ़ा

**मुंबई।** शेयर बाजार में करीब एक फीसदी की उछाल की बदौलत अंतरबैंकिंग मुद्रा बाजार में रुपया



एक पैसे बढ़कर 84.10 रुपये प्रति डॉलर पर पहुंच गया। वहीं, इसके पिछले कारोबारी दिवस रुपया 84.11 रुपये प्रति डॉलर पर रहा था। कारोबार की शुरूआत में रुपया एक पैसे फिसलकर 84.12 रुपये प्रति डॉलर पर खुला और सत्र के दौरान आयातकों एवं बैंकरों की लिवाली के दबाव में 84.13 रुपये प्रति डॉलर के निचले स्तर तक लुढ़क गया। वहीं, बिकवाली होने से यह 84.10 रुपये प्रति डॉलर के उच्चतम स्तर पर पहुंचा और इसी स्तर पर बंद हुआ।

# राज्योत्सव : मांदर बजाते हुए थिरके मुख्यमंत्री विष्णुदेव

पायनियर संवाददाता रायपुर
www.dailypioneer.com





मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने राज्योत्सव की द्वितीय संध्या को जनसंपर्क विभाग की छायाचित्र प्रदर्शनी का अवलोकन किया। मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर वहां मौजूद कलाकारों के पास पहुंचे और मांदर बजाकर अपनी प्रसन्नता का इजहार किया। मुख्यमंत्री साय कलाकारों के साथ मांदर की थाप पर थिरकते हुए अलग अंदाज में नजर आए। मुख्यमंत्री का छत्तीसगढ़ी कला-संस्कृति से जुड़ाव और उनके सहज-सरल व्यवहार को देखकर लोग उनके मुरीद हो गए और तालियां बजाकर अपनी खुशी का इजहार किया। मुख्यमंत्री को इस मौके पर रिखी क्षत्रीय ने अपनी ओर से मांदर भेंट किया। गौरतलब है कि जनसंपर्क विभाग की प्रदर्शनी में राज्य की विभिन्न योजनाओं, विकास कार्यों और जनहितकारी परियोजनाओं को प्रदर्शित किया गया है। मुख्यमंत्री ने प्रदर्शनी में दिखाई गई योजनाओं और उपलब्धियों की सराहना की और इसे जनता के बीच जागरूकता बढ़ाने का महत्वपूर्ण माध्यम बताया। इस अवसर पर उन्होंने वहां एलईडी टीव्ही के माध्यम से प्रसारित हो रहे पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न स्वर्गीय अटल बिहारी वाजपेयी द्वारा संयुक्त राष्ट्र महासभा में हिन्दी में दिए गए भाषण को हेडफोन लगाकर सुना। गौरतलब है 4 अक्टूबर, 1977, भारत के विदेश मंत्री के तौर पर स्वर्गीय अटल बिहारी वाजपेयी देश का प्रतिनिधित्व करते हुए उन्होंने संयुक्त राष्ट्र महासभा में हिन्दी में अपना भाषण दिया था। उन्होंने अपने भाषण में परमाणु निरस्त्रीकरण, आतंकवाद जैसे कई गंभीर मुद्दे उठाए थे। हिंदी में बोलने की वजह से ही उनका यह भाषण अविस्मरणीय और ऐतिहासिक हो गया। उन्होंने कहा कि भारत सभी देशों से मैत्री चाहता है और भारत विश्व शांति के लिए हमेशा अग्रणी भूमिका निभाएगा। उन्होंने वसुधैव कुटुंबकम की अवधारणा को विश्व मंच पर पुरजोर तरीके से रखते हुए कहा कि मैं भारत की ओर इस महासभा को आश्वासन देता हूं कि हम एक विश्व के आदर्शों की प्राप्ति और मानव के कल्याण तथा उसके गौरव के लिए त्याग और बलिदान की बेला कभी पीछे नहीं रहेंगे। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न स्वर्गीय अटल बिहारी वाजपेयी के भाषण को ऐतिहासिक बताते हुए कहा कि यह भारत को गौरवान्वित करने वाला है।

## देश की सुरक्षा की गारंटी है भाजपा : योगी

पायनियर संवाददाता कोडरमा
www.dailypioneer.com



उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि उनकी पार्टी भाजपा देश की सुरक्षा, स्वाभिमान, युवाओं के रोजगार, महिलाओं के लिए सम्मान, स्वालंबन, विरासत और विकास के समन्वय की गारंटी भी है। योगी आदित्यनाथ ने मंगलवार कोडरमा के डोमचांच में चुनावी सभा को सम्बोधित करते हुए विपक्ष पर जोरदार निशाना साधा और मुगल शासक औरंगजेब का जिक्र करते हुए जेल में बंद कांग्रेस नेता आलमगीर आलम पर हमला किया। उन्होंने कहा कि एक औरंगजेब था जिसने देश को लूटा, एक आलमगीर है जिसने झारखंड को लूट लिया। उनके घर से नोटों की गड्डी मिली थी। मुख्यमंत्री ने कहा, भाजपा देश की सुरक्षा की गारंटी है, देश के स्वाभिमान की गारंटी है, युवाओं के रोजगार की गारंटी है, महिलाओं के लिए सम्मान और स्वालंबन की गारंटी है, विरासत और विकास के समंवय की गारंटी भी है। जब कांग्रेस के लोग सत्ता में थे तब अयोध्या में दुर्व्यवस्थाएं थीं। राम मंदिर का निर्माण न हो इसके लिए उनके द्वारा रोड़े अटकाए जाते थे। अयोध्या में अब 500 वर्षों के बाद भव्य दीपोत्सव मनाया गया। हर भारतवासी के लिए इससे ज्यादा सम्मान और क्या हो सकता है।

## सलमान को जान से मारने की एक और धमकी



**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेता सलमान खान को मंगलवार को जान से मारने की एक और धमकी मिली है जिसमें उन्हें माफी मांगने या जिंदा रहने के लिए पांच करोड़ रुपये देने को कहा गया है। मुंबई ट्रैफिक पुलिस के हेल्पलाइन नंबर पर एक महीने में यह चौथा धमकी भरा संदेश है। मुंबई पुलिस ने कहा कि उन्हें मंगलवार को सुबह करीब 12.30 बजे मुंबई ट्रैफिक कंट्रोल रूम के हेल्पलाइन नंबर पर एक संदेश मिला, जिसके बाद वर्ली पुलिस अधिकारियों को सूचित किया गया। उन्होंने कहा, संदेश भेजने वाले ने खुद को गैंगस्टर लॉरेंस बिश्नोई का भाई बताया।

## यूपी मदरसा शिक्षा बोर्ड कानून को वैध करार देने के निर्णय का स्वागत : मायावती

पायनियर संवाददाता लखनऊ
www.dailypioneer.com



बहुजन समाज पार्टी सुप्रीमो मायावती ने यूपी मदरसा शिक्षा बोर्ड कानून को वैध एवं संवैधानिक करार देने के उच्चतम न्यायालय के फैसले का स्वागत किया है। मायावती ने कहा सुप्रीम कोर्ट द्वारा आज एक अहम फैसले में यूपी मदरसा शिक्षा बोर्ड कानून-2004 को वैध व संवैधानिक करार दिए जाने के फैसले का स्वागत। इससे यूपी में मदरसा शिक्षा को लेकर उपजे विवाद व हजारों मदरसों की अनिश्चितता को अब निश्चय ही समाप्त होने की संभावना। इस पर सही से अमल जरूरी। उन्होने कहा सुप्रीम कोर्ट के फैसले के बाद अब खासकर यूपी के मदरसों को मान्यता मिलने और उनके सुचारू संचालन में स्थायित्व आने की संभावना है। अदालत ने कहा कि मदरसा एक्ट के प्रावधान संवैधानिक मूल्यों के अनुरूप हैं और ये धार्मिक अल्पसंख्यकों के शैक्षिक अधिकारों की सुरक्षा करते हैं। बसपा अध्यक्ष ने कहा साथ ही, सुप्रीम कोर्ट की 9-जजों की बेंच द्वारा हर निजी सम्पत्ति को संविधान के अनुच्छेद 39(बी) के तहत सामुदायिक सम्पत्ति का हिस्सा नहीं मानना व इसका अधिग्रहण करने से रोकने के फैसले का भी स्वागत।

## पीएम मोदी ने छठ महापर्व की बधाई दी

वार्ता नयी दिल्ली
www.dailypioneer.com



प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने छठ महापर्व की शुरुआत पर देशवासियों को बधाई दी। उन्होंने कहा, 'महापर्व छठ में नहाय-खाय के पवित्र अवसर पर सभी देशवासियों को मेरी शुभकामनाएं। विशेष रूप से सभी व्रतियों को मेरा अभिनंदन। छठी मइया की कृपा से आप सबका अनुष्ठान सफलतापूर्वक संपन्न हो, यही कामना है।' गौरतलब है कि लोक आस्था के महापर्व छठ के चार दिवसीय अनुष्ठान की शुरुआत मंगलवार को नहाय-खाय के साथ हो गई है। छठ के पहले दिन व्रती नर-नारियों ने अंतःकरण की शुद्धि के लिए नहाय-खाय के संकल्प के तहत नदियों-तालाबों के निर्मल एवं स्वच्छ जल में स्नान करने के बाद अरवा भोजन ग्रहण करके इस व्रत को शुरू किया। सुबह से ही गंगा नदी, तालाब, पोखर आदि में व्रती स्नान करते देखे गए। परिवार की सुख-समृद्धि तथा कष्टों के निवारण के लिए किये जाने वाले इस व्रत की एक खासियत यह भी है कि इस पर्व को करने के लिए किसी पुरोहित की आवश्यकता नहीं होती है। महापर्व छठ के दूसरे दिन महिला और पुरुष व्रती कल एक बार फिर नदियों, तालाबों में स्नान करने के बाद अपना उपवास शुरू करेंगे। दिनभर के निर्जला उपवास के बाद व्रती सूर्यास्त होने पर भगवान सूर्य की पूजा करके एक बार ही दूध और गुड़ से बनी खीर खायेंगे। इसके बाद जब तक चांद नजर आयेगा तभी तक वह जल ग्रहण कर सकेंगे और उसके बाद से उनका करीब 36 घंटे का निराहार-निर्जला व्रत शुरू हो जायेगा। इस महापर्व के तीसरे दिन व्रतधारी अस्ताचलगामी सूर्य को नदियों और तालाबों में खड़े होकर प्रथम अर्घ्य अर्पित करेंगे। व्रतधारी अस्त हो रहे सूर्य को फ्ल और कंद मूल से अर्घ्य अर्पित करते हैं। पर्व के चौथे और अंतिम दिन नदियों और तालाबों में उदीयमान सूर्य को दूसरा अर्घ्य दिया जायेगा।

## एक हजार घाटों पर भव्यता से होगा छठ महापर्व का आयोजन : आतिशी



**नयी दिल्ली।** दिल्ली की मुख्यमंत्री आतिशी ने कहा कि सरकार द्वारा बनाए गए 1000 घाटों पर छठ महापर्व का आयोजन भव्यता से होगा। आतिशी ने सभी को छठ की शुभकामनाएं देते हुए कहा, हमारे पूर्वांचली भाई-बहन दिल्ली का अभिन्न हिस्सा हैं, इसलिए उन्हें छठ मनाने के लिए दूर जाने की जरूरत नहीं है। वर्ष 2014 तक दिल्ली में सिर्फ 60 घाट बनते थे लेकिन अब 1000 से अधिक घाटों पर धूमधाम से छठ महापर्व का आयोजन होता है। दिल्ली सरकार के प्रयासों से छठ का त्योहार पूर्वांचलियों के साथ-साथ सभी दिल्लीवालों का महापर्व बन गया है। उन्होंने कहा, नहाय-खाय के साथ छठ महापर्व की शुरुआत हो चुकी है। छठ का त्योहार हमारे पूर्वांचली भाई-बहनों के लिए साल का सबसे महत्वपूर्ण त्योहार होता है। एक समय ऐसा था जब दिल्ली में रहने वाले,काम करने वाले पूर्वांचली भाई-बहनों को छठ आते ही ट्रेनों-बसों में भीड़भाड़ में दूर अपने गाँव त्योहार मनाने जाना पड़ता था। मुख्यमंत्री ने कहा, हमें इस बात की ख़ुशी है कि, पिछले 10 साल में जब से दिल्ली में आम आदमी पार्टी की सरकार बनी है।

## डूब रही है झामुमो की नैया, बन रही एनडीए सरकार : राजनाथ सिंह

एजेंसी रांची
www.dailypioneer.com



केंद्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने हटिया और लोहरदगा में आयोजित चुनावी जनसभा में लोगों को छठ पर्व की शुभकामना देते हुए कहा कि झारखंड की जनता ने राज्य में एनडीए सरकार बनाने का मन बना लिया है। रक्षा मंत्री ने झामुमो के प्रस्तावक मंडल मुर्मू के भाजपा में शामिल होने पर कहा कि, अब झामुमो की नैया डूब रही है।झामुमो-कांग्रेस-आरजेडी दिवाली के दबे हुए पटाखे है। इनकी हालत फुस्स पटाखे जैसी हो गई है। भाजपा एक शक्तिशाली रॉकेट है, जो झारखंड को नई उंचाईयों पर ले जाने का काम करेगी। झारखंड को अलग राज्य बनाने का काम भाजपा ने ही किया था, लेकिन झामुमो-कांग्रेस-आरजेडी सरकार के राज में झारखंड राज्य लगातार जूबता चला गया। राज्य में 13 मुख्यमंत्री रहे, जिनमें से कई जेल भी गए। लेकिन आज तक भाजपा का कोई भी मुख्यमंत्री जेल नहीं गया है। झामुमो-कांग्रेस-आरजेडी सरकार सिर्फ अपना घर भरने के लिए सत्ता में आती है, लेकिन भाजपा विकास करने के लिए सत्ता में आती है। सिंह ने कहा भाजपा के तीन मुख्यमंत्री रहे जिनमें बाबूलाल मरांडी, रघुवर दास और अर्जुन मुंडा पर एक भी भ्रष्टाचार का आरोप नहीं लगा है। लेकिन झामुमो-कांग्रेस-आरजेडी की सरकारों पर लगातार भ्रष्टाचार के आरोप लगते आ रहे है। उन्होने कहा कि झामुमो का अर्थ है, जेएमएम यानी जमकर मलाई मारो- झामुमो आदिवासी विरोधी पार्टी है। कहा कि इन्होंने आदिवासियों का खून चूसा है। ये आदिवासियों के हितैषी नहीं हैं। सिंह ने कहा, झारखंड से हमारा आत्मीय रिश्ता है। झामुमो ने अपना घर भरने के लिए आदिवासी भाइयो को धोखा दिया है, इनके मंत्रियों और सांसद के पास करोड़ो रुपए पकड़े जाते है।

## इस बार फिर झारखंड में इंडिया गठबंधन की सरकार लाना है : मल्लिकार्जुन खड़गे

एजेंसी रांची
www.dailypioneer.com



कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के उस बयान को चुनौती दी, जिसमें प्रधानमंत्री मोदी ने कहा था कि कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष आखिर सच बोल गए कि अनाप-शनाप योजनाओं के कारण कांग्रेस का ये हाल हुआ है। खड़गे ने झारखंड के मांडू में चुनावी सभा को संबोधित करते हुए कहा कि मैं प्रधानमंत्री मोदी को चुनौती देता हूं कि जो बातें मैंने बेंगलुरु में कही और जो वादे किए, उनमें से कितने पूरे हुए, इसका हिसाब भी दे सकता हूं। खड़गे ने कहा कि भाजपा और एनडीए कांग्रेस की कॉपी करती है। उनकी एक भी योजना अपनी नहीं है। उन्होंने कहा कि कर्नाटक में हमलोगों ने भाग्यलक्ष्मी योजना लेकर आए, उसी की नकल गोगो दीदी और लाडली बहना योजना है। उन्होंने प्रधानमंत्री पर तंज कसते हुए कहा कि प्रधानमंत्री के वादों का कद भी उनके ही जैसा है।जब नापो तब कम निकलता है।सोनिया गांधी ने गरीबों का पेट भरने की गारंटी दी थी, जिससे गरीबों का पेट भर रहा है। हेमंत सोरेन की योजनाएं आदिवासियों के हित के लिए हैं, लेकिन उन पर इनका ध्यान नहीं जाता।उन्होंने लोगों से अपील की और कहा कि इस बार फिर झारखंड में इंडिया गठबंधन की सरकार लाना है।

**बौद्ध समुदाय के पास मानवता को देने के लिए बहुत कुछ है**

## एशिया को मजबूत बनाने के लिए बौद्ध धर्म की भूमिका पर चर्चा हो : मुर्मु

पायनियर संवाददाता नयी दिल्ली
www.dailypioneer.com



राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने कहा कि विभिन्न संकटों से गुजर रहे विश्व को की सहायता के लिए बौद्ध समुदाय के पास बहुत ज्ञान और शिक्षाएं हैं तथा एशिया को मजबूत बनाने के लिए भी बौद्ध धर्म की भूमिका के बारे में चर्चा करने की आवश्यकता है। मुर्मु ने कहा, वास्तव में, हमें इस बारे में विस्तार से चर्चा करनी होगी कि बुद्ध धर्म एशिया और दुनिया में शांति, वास्तविक शांति कैसे ला सकता है - ऐसी शांति, जो न केवल शारीरिक हिंसा से बल्कि सभी प्रकार के लालच और घृणा से भी मुक्त हो - बुद्ध के अनुसार, ये दो मानसिक शक्तियां हमारे समस्त दुखों का मूल कारण हैं। वह यहां प्रथम एशियाई बौद्ध शिखर सम्मेलन को संबोधित कर रही थीं। इस सम्मेलन का आयोजन अंतरराष्ट्रीय बौद्ध परिसंघ (आईबीसी) के सहयोग से केंद्र सरकार के संस्कृति मंत्रालय द्वारा किया गया। राष्ट्रपति ने विश्वास व्यक्त करते हुए कहा, यह शिखर सम्मेलन बुद्ध की शिक्षाओं की हमारी साझा विरासत के आधार पर हमारे सहयोग को मजबूत बनाने की दिशा में दूरगामी प्रभाव उत्पन्न करेगा। राष्ट्रपति ने कहा कि आज जब दुनिया कई मोर्चों पर अस्तित्व के संकट का सामना कर रही है, उसके सामने केवल संघर्ष ही नहीं, बल्कि जलवायु संकट भी है, तो ऐसे में इस विशाल बौद्ध समुदाय के पास मानवता को देने के लिए बहुत कुछ है। उन्होंने कहा कि बौद्ध धर्म के विभिन्न संप्रदाय दुनिया को दर्शाते हैं कि संकीर्ण संप्रदायवाद का मुकाबला कैसे किया जाए। उनका मुख्य संदेश शांति और अहिंसा पर केंद्रित है। यदि कोई एक शब्द बुद्ध धम्म को व्यक्त कर सकता है, तो वह है 'करुणा' या दया, जिसकी दुनिया को जरूरत है। मुर्मु ने कहा, बुद्ध की शिक्षाओं का संरक्षण हम सभी के लिए एक महान सामूहिक प्रयास रहा है। उन्होंने इस बात पर प्रसन्नता व्यक्त की कि भारत सरकार ने अन्य भाषाओं के साथ-साथ पाली और प्राकृत को भी 'शास्त्रीय भाषा' का दर्जा दिया है। उन्होंने कहा कि पाली और प्राकृत को अब वित्तीय सहायता मिलेगी, जो उनके साहित्यिक खजाने के संरक्षण और उनके पुनरुद्धार में महत्वपूर्ण योगदान देगी। उन्होंने कहा कि भारत धर्म की पवित्र धरती है। हर युग में भारत में महान गुरु और रहस्यवादी, द्रष्टा और साधक हुए हैं, जिन्होंने मानवता को अपने भीतर की शांति और बाहर सद्भाव खोजने का मार्ग दिखाया है। इन पथप्रदर्शकों में बुद्ध का अद्वितीय स्थान है। राष्ट्रपति ने कहा कि बोधगया में बोधि वृक्ष के नीचे सिद्धार्थ गौतम का ज्ञान प्राप्त करना इतिहास की एक अनुपम घटना है। उन्होंने न केवल मानव मन की कार्यप्रणाली के बारे में अतुलनीय समृद्ध अंतर्दृष्टि प्राप्त की, बल्कि उन्होंने - जन कल्याण के लिए - इसे ÷बहुजन सुखाय बहुजन हिताय च÷ की भावना से सभी लोगों के साथ साझा करने का भी चयन किया। उन्होंने कहा कि सदियों से यह स्वाभाविक ही रहा कि अलग-अलग साधकों ने बुद्ध के प्रवचनों से अलग-अलग अर्थ ग्रहण किए और इस तरह अनेक संप्रदाय उभरे। बुद्ध धर्म का उत्कर्ष इतिहास के विभिन्न कालखंडों में अनेक दिशाओं में हुआ। विस्तृत भौगोलिक क्षेत्र में धम्म के इस प्रसार ने एक समुदाय, एक विशाल संघ निर्मित किया पर बुद्ध के ज्ञान की भूमि भारत इसके केंद्र में है। लेकिन, ईश्वर के बारे में जो कहा जाता है, वही इस विशाल बौद्ध संघ के बारे में भी सत्य है: इसका केंद्र हर जगह है और सीमा कहीं नहीं है।

## झारखंड में इंडिया गठबंधन ने किया 7 गारंटी का ऐलान, 450 रुपए में सिलेंडर, 15 लाख का बीमा

एजेंसी रांची
www.dailypioneer.com



झारखंड विधानसभा चुनाव के लिए इंडिया गठबंधन ने अपना घोषणापत्र जारी किया है। इस घोषणापत्र में कांग्रेस और झारखंड मुक्ति मोर्चा ने राज्य की जनता से कई अहम वादे किए हैं। रांची में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन और कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने इन गारंटियों का ऐलान किया। यदि इंडिया गठबंधन की सरकार बनती है, तो राज्य के लोगों को कई फायदे मिलने का वादा किया गया है। इंडिया गठबंधन ने महिलाओं के लिए मइया सम्मान योजना की घोषणा की है। इस योजना के तहत महिलाओं को हर महीने 2,500 रुपये की सम्मान राशि दी जाएगी। इससे सालभर में महिलाओं को 30,000 रुपये मिलेंगे। यह योजना दिसंबर 2024 से लागू की जाएगी। गठबंधन ने यह भी वादा किया है कि गरीब परिवारों को हर महीने 7 किलो राशन दिया जाएगा। इसके अलावा, राज्य के गरीब परिवारों को गैस सिलेंडर 450 रुपये में उपलब्ध कराया जाएगा। झारखंड के युवाओं के लिए बड़ा कदम उठाते हुए गठबंधन ने राज्य के 10 लाख युवाओं को नौकरी और रोजगार देने का वादा किया है। इसके साथ ही 15 लाख तक के परिवारों को स्वास्थ्य बीमा दिया जाएगा। किसानों के लिए धान की न्यूनतम समर्थन मूल्य को 2,400 रुपये से बढ़ाकर 3,200 रुपये करने का वादा किया गया है। इसके अलावा, लाह, तसर, करंज, इमली, महुआ, चिरोंजी, साल बीज जैसे कृषि उत्पादों के समर्थन मूल्य में भी 50 प्रतिशत तक वृद्धि की जाएगी।

## रेलवे ने एक दिन में एक करोड़ से अधिक जनरल यात्रियों को गंतव्य तक पहुंचाया

एजेंसी नयी दिल्ली
www.dailypioneer.com



भारतीय रेलवे ने इस वर्ष छठ के पर्व पर एक दिन में अनारक्षित श्रेणी के एक करोड़ से अधिक यात्रियों को गंतव्य तक पहुंचा कर कीर्तिमान स्थापित किया है। रेलवे के एक प्रवक्ता ने कहा कि इस साल त्योहारों के अवसर पर रेलवे द्वारा 7663 स्पेशल गाड़ियों को अधिसूचित किया गया है। ये गाड़ियां एक अक्टूबर से 30 नवंबर के बीच चलाई जा रही हैं। पिछले साल इस अवधि में 4429 विशेष गाड़ियों का परिचालन किया गया था। इस तरह इस वर्ष 73 प्रतिशत से अधिक गाड़ियों का परिचालन किया गया है। प्रवक्ता के अनुसार 24 अक्टूबर से चार नवंबर के बीच भारतीय रेल में 9.58 करोड़ यात्रियों ने नॉन-सब-अर्बन रूट पर यात्रा की। यह एक नया कीर्तिमान है। पिछले वर्ष दीपावली और छठ वाले सप्ताह में 9.24 करोड़ यात्रियों ने यात्रा की थी। प्रवक्ता ने कहा कि सोमवार को चार नवंबर को भारतीय रेल के नॉन सबअर्बन रूट पर एक करोड़ 20 लाख 72 हजार से अधिक यात्रियों ने यात्रा की जो एक नया कीर्तिमान है। इसमें आरक्षित श्रेणी में 19.43 लाख यात्री और अनारक्षित श्रेणी में एक करोड़ एक लाख 29 हजार यात्री शामिल है। उन्होंने कहा कि भारतीय रेलवे ने तीन नवंबर को 207 विशेष गाड़ियों का और चार नवंबर को 203 विशेष रेलगाड़ियां का परिचालन किया,जो एक नया कीर्तिमान है।

# राज्योत्सव–2024 में विभिन्न अलंकरणों से सम्मानित होने वाले विभूतियों के नाम हुए घोषित

पायनियर संवाददाता < रायपुर
www.dailypioneer.com



राजधानी नवा रायपुर में राज्योत्सव के अवसर पर राज्य अलंकरण समारोह का आयोजन 06 नवंबर को किया जाएगा। उप मुख्यमंत्री अरूण साव ने राजधानी रायपुर के महंत घासीदास संग्रहालय में आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस में राज्य अलंकरण समारोह में सम्मानित होने वाले विभूतियों के नाम की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि छत्तीसगढ़ के विभिन्न क्षेत्रों से उत्कृष्ट योगदान देने वाले व्यक्तियों को उप राष्ट्रपति जगदीप धनखड़ द्वारा 06 नवंबर को 36 विभूतियों को छत्तीसगढ़ राज्य अलंकरण से सम्मानित किया जाएगा। राज्यपाल रमेन डेका समारोह की अध्यक्षता करेंगे। अति विशिष्ट अतिथि के रूप में मुख्यमंत्री विष्णु देव साय और विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह उपस्थित रहेंगे। राज्य अलंकरण समारोह एवं राज्योत्सव के समापन समारोह पर छत्तीसगढ़ की विभिन्न विभूतियों को उनकी उपलब्धियों एवं राज्य के विकास में योगदान के लिए राज्य अलंकरण से सम्मानित किया जाएगा। आदिम जाति कल्याण विभाग द्वारा आदिवासी पिछड़ा वर्ग के उत्थान के लिए शहीद वीरनारायण सिंह पुरस्कार बुटलू राम माथरा को दिया जाएगा। सामान्य प्रशासन विभाग द्वारा दिया जाने वाला अहिंसा एवं गौ रक्षा के क्षेत्र में यति यतनलाल सम्मान मनोहर गौशाला खैरागढ़, खेल एवं युवा कल्याण विभाग द्वारा खेल के क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए गुण्डाधूर सम्मान सुछोटी मेहरा, खेल (तीरंदाजी) के क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए महाराजा प्रवीरचंद भंजदेव सम्मान विकास कुमार को दिया जाएगा। इसी प्रकार महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा महिला उत्थान के क्षेत्र में मिनीमाता सम्मान पार्वती ढ़ीढ़ी, महिलाओं में वीरता, शौर्य, साहस तथा आत्मबल को सशक्त बनाने के लिए वीरांगना रानी अवंतिबाई लोधी स्मृति पुरस्कार अदिती कश्यप और महिलाओं के उत्पीड़न के खिलाफ संघर्ष, नारी उत्थान के लिए माता बहादुर कलारिन सम्मान कुमारी चित्ररेखा सिन्हा, आदिम जाति कल्याण विभाग द्वारा सामाजिक चेतना और दलित उत्थान के क्षेत्र में गुरू घासीदास सम्मान राजेन्द्र रंगीला (गिलहरे), सहकारिता विभाग द्वारा सहकारिता के क्षेत्र में ठाकुर प्यारेलाल सम्मान शशिकांत द्विवेदी को प्रदान किया जाएगा। इसी तरह सामान्य प्रशासन विभाग द्वारा सामाजिक, आर्थिक, शैक्षणिक क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य के लिए पंडित रविशंकर शुक्ल सम्मान उमेश कच्छप, संस्कृति विभाग द्वारा हिन्दी साहित्य के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य के लिए पंडित सुन्दरलाल शर्मा सम्मान डॉ. सत्यभामा आडिल, संस्कृति विभाग द्वारा संगीत एवं कला के क्षेत्र में चक्रधर सम्मान पं. सुधाकर रामभाऊ शेवलीकर को प्रदान किया जाएगा। संस्कृति विभाग द्वारा लोककला एवं शिल्प के क्षेत्र में दिया जाने वाला दाऊ मंदराजी सम्मान पंडीराम मंडावी को प्रदान किया जाएगा। संस्कृति विभाग द्वारा ही छत्तीसगढ़ी लोकगीत के लिए लक्ष्मण मस्तुरिया सम्मान निर्मला ठाकुर (बेलचंदन) और छत्तीसगढ़ी लोक संगीत के लिए खुमान साव सम्मान दुष्यंत कुमार हरमुख, कृषि विभाग द्वारा कृषि के क्षेत्र में डॉ. खूबचंद बघेल सम्मान संयुक्त रूप से शिवकुमार चंद्रवंशी और खेमराज पटेल को प्रदान किया जाएगा। सामान्य प्रशासन विभाग द्वारा सामाजिक समरसता के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य के लिए महाराजा अग्रसेन सम्मान सियाराम अग्रवाल, समाज कल्याण विभाग द्वारा दानशीलता, सौहार्द्र एवं अनुकरणीय सहायता के क्षेत्र में दानवीर भामाशाह सम्मान सुभाष चंद अग्रवाल, मत्स्य विभाग द्वारा मछली पालन के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य के लिए बिलासाबाई केंवटीन मत्स्य विकास पुरस्कार विनोद दास को प्रदान किया जाएगा। आदिम जाति कल्याण विभाग द्वारा आदिवासियों की सेवा और उत्थान के क्षेत्र में दिया जाने वाला भंवर सिंह पोर्ते सम्मान सोनऊ राम नेताम को प्रदान किया जाएगा। श्रम विभाग द्वारा श्रम के क्षेत्र में महाराजा रामानुज प्रताप सिंहदेव पुरस्कार संयुक्त रूप से सुरेन्द्र कुमार राठौर, शोभा सिंह एवं ललित कुमार नायक को प्रदान किया जाएगा। गृह (पुलिस) विभाग द्वारा अपराध अनुसंधान क्षेत्र में पंडित लखन लाल मिश्र सम्मान रामनरेयश यादव, ग्रामोद्योग विभाग द्वारा बुनकर क्षेत्र में बिसाहूदास महंत पुरस्कार संयुक्त रूप से पन्नालाल देवांगन और बहोरी लाल देवांगन को प्रदाय किया जाएगा।

# लोगों को लुभा रहा छत्तीसगढ़ विधानसभा के नए भवन का मॉडल

पायनियर संवाददाता < रायपुर
www.dailypioneer.com





नया रायपुर में निर्माणाधीन छत्तीसगढ़ के नए विधानसभा भवन का विहंगम दृश्य लोगों को रोमांचित कर रहा है। नया रायपुर के डॉ. श्यामाप्रसाद मुखर्जी उद्योग एवं व्यापार परिसर में आयोजित तीन दिवसीय राज्योत्सव में लोक निर्माण विभाग के स्टॉल में नए विधानसभा भवन और भिलाई के पॉवर हाउस में निर्मित फ्लाई ओवर के मॉडल को प्रदर्शित किया गया है। स्टॉल में इन दोनों निर्माणों से संबंधित जानकारियां भी दर्शाई गई हैं। यहां हाल के वर्षों में लोक निर्माण विभाग द्वारा राज्य के विभिन्न क्षेत्रों में निर्मित प्रमुख भवनों, सड़कों और पुलों को भी प्रदर्शित किया गया है। नया रायपुर में छत्तीसगढ़ विधानसभा का नया भवन 52 एकड़ में 273 करोड़ रुपए की लागत से बनाया जा रहा है। इसके सदन में सदस्यों की बैठक क्षमता 200 होगी। नए विधानसभा भवन के एक विंग में विधानसभा सचिवालय, दूसरे में विधानसभा का सदन, सेंट्रल-हॉल, विधानसभा अध्यक्ष और मुख्यमंत्री का कार्यालय तथा तीसरे विंग में मंत्रियों के कार्यालय होंगे। यहां 500 दर्शक क्षमता का ऑडिटोरियम भी बनाया जाएगा। 700 कारों की पार्किंग क्षमता वाले परिसर में डेढ़-डेढ़ एकड़ को दो सरोवरों का निर्माण भी प्रस्तावित है। राज्योत्सव में इसके मॉडल को आकर्षक तरीके से प्रस्तुत किया गया है। राज्योत्सव स्थल पर लोक निर्माण विभाग के स्टॉल में प्रदर्शित पॉवर हाउस, भिलाई का फ्लाई ओवर राष्ट्रीय राजमार्ग-53 पर रायपुर-दुर्ग फोरलेन सड़क पर निर्मित है। 1660 मीटर लंबे और 16 मीटर ऊंचे इस फ्लाई-ओवर के नीचे भी एक फ्लाई ओवर गुजरता है जो भिलाई-नंदिनी मार्ग पर है। इस फ्लाई ओवर के पास तीन अलग-अलग ऊंचाईयों... एक सड़क और दो फ्लाई ओवर पर आवागमन देखा जा सकता है।

# पीएचई की विकास प्रदर्शनी में हर घर नल से जल वाले गांव का जीवंत मॉडल

पायनियर संवाददाता < रायपुर
www.dailypioneer.com



राज्योत्सव स्थल नया रायपुर के डॉ. श्यामाप्रसाद मुखर्जी उद्योग एवं व्यापार परिसर में लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग की विकास प्रदर्शनी में हर घर नल वाले आदर्श गांव का जीवंत मॉडल प्रदर्शित किया गया है। गांव के मॉडल में हर घर लगे नल से लगातार गिर रही पानी की धार देखने वालों को वास्तविक गांव में ही मौजूदगी का अहसास करा रहा है। विभाग के स्टॉल में फील्ड टेस्ट किट से जल की गुणवत्ता जांचने के लिए प्रशिक्षित महिलाएं लोगों को किट के माध्यम से पानी की गुणवत्ता जांचने के बारे में भी बता रही हैं। राज्योत्सव स्थल पर लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के स्टॉल में स्वच्छ और सुरक्षित पेयजल के बारे में लोगों को जागरूक करने फील्ड टेस्ट किट के माध्यम से दस तरह की परीक्षण की जानकारी प्रदर्शित की गई है। इसके माध्यम से लोगों को पेयजल में टर्बिडिटी (मटमैलापन), पीएच वेल्यू, लौह तत्व, क्षारीयता, कठोरता, क्लोराइड, रेसिडुअल क्लोरीन, अमोनिया, नाइट्रेट और फ्लोराइड के परीक्षण के लिए जागरूक किया जा रहा है।

# फूड कोर्ट में छत्तीसगढ़ी व्यंजनों के स्वाद लेने लोगों की भीड़

पायनियर संवाददाता < रायपुर
www.dailypioneer.com



राज्योत्सव स्थल नवा रायपुर में दूसरे दिन फूड कोर्ट में पारंपरिक छत्तीसगढ़ी व्यंजनों के स्वाद के लिए गढ़ कलेवा में लोगों की भीड़ देखते ही बन रही है। छत्तीसगढ़ केवल अपने सांस्कृतिक धरोहर के लिए ही नहीं जाना जाता है बल्कि यहां के बड़ा, फरा, चीला और भजिया जैसे छत्तीसगढ़ी व्यंजनों में जो स्वाद है, वह हर छत्तीसगढ़िया के मुंह में बसा हुआ है।उड़द दाल से बने बड़े व्यंजन का शादी-ब्याह तथा पितर में विशेष चलन है। चावल आटा से बना फरा दो तरह से बनता है पहला मीठा, जिसमे फरा में गुड़ का घोल उपयोग होता है और दूसरा भाप में पकाया हुआ जिसको बघार लगाकर अधिक स्वादिष्ट किया जाता है। चीले के दो रुप प्रचलन मे है मीठा एवं नमकीन। चावल के आटे में नमक डालने से नुनहा चीला बनता है एवं घोल में गुड़ डाल देने से गुरहा चीला। इन दोनों चीले का स्वाद हरी मिर्च और पताल की चटनी से बढ़ जाता है। उड़द की पीठी या बेसन दोनों से भजिया बनाने का रिवाज है। छत्तीसगढ़ी व्यंजन संतुलित, स्वास्थ्यवर्धक और स्वादिष्ट होते हैं।

# हर क्षेत्र में नई बुलंदियों को छू रहा है छत्तीसगढ़ : मंत्री राजवाड़े

पायनियर संवाददाता < रायपुर
www.dailypioneer.com




राज्य स्थापना दिवस के अवसर पर जिला मुख्यालय के शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बलरामपुर के खेल मैदान में आयोजित कार्यक्रम में प्रदेश की महिला एवं बाल विकास विभाग तथा समाज कल्याण विभाग व जिले की प्रभारी मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े शामिल हुईं। इस दौरान करमा नृत्य से उनका भव्य स्वागत किया गया। तत्पश्चात् मुख्य मंच पर मंत्री ने सरस्वती माता एवं छत्तीसगढ़ महतारी के छाया चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्ज्वलन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस अवसर पर सामरी विधायक उद्देश्वरी पैंकरा, पिछड़ा आयोग सदस्य कृष्णा गुप्ता, जनपद अध्यक्ष विनय पैंकरा, जनपद उपाध्यक्ष भानुप्रकाश दीक्षित, कलेक्टर रिमिजियुस एक्का, पुलिस अधीक्षक बैंकर वैभव रमनलाल, जिला पंचायत सीईओ रेना जमील, गणमान्य नागरिक ओमप्रकाश जायसवाल, गोपाल मिश्रा, दीनानाथ यादव, दिलीप सोनी सहित अन्य जनप्रतिनिधिगण मौजूद रहे। महिला बाल विकास विभाग मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े ने उपस्थित जनसमुदाय को राज्य स्थापना दिवस की बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि आज छत्तीसगढ़ राज्य स्थापना दिवस मनाया जा रहा है।

# नगरीय प्रशासन विभाग की विकास प्रदर्शनी में प्रधानमंत्री आवास योजना की झलक, देख सकते हैं बड़े शहरों के आवासीय निर्माण के मॉडल

पायनियर संवाददाता < रायपुर
www.dailypioneer.com



नया रायपुर में राज्योत्सव स्थल डॉ. श्यामाप्रसाद मुखर्जी उद्योग एवं व्यापार परिसर में नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग के स्टॉल में प्रदेश के विभिन्न शहरों में प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) के अंतर्गत निर्मित आवासों और कॉलोनियों के मॉडल्स प्रदर्शित किए गए हैं। विभाग की विकास प्रदर्शनी में निमोरा में 90 एमएलडी क्षमता के निर्माणाधीन सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट का भी मॉडल दर्शाया गया है। दीनदयाल अंत्योदय योजना राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन की स्वसहायता समूहों की महिलाओं द्वारा निर्मित सामग्रियों की प्रदर्शनी के साथ बिक्री भी की जा रही है। राज्योत्सव देखने आने वाले इस स्टॉल में विभिन्न समूहों की महिलाओं द्वारा बनाए गए सजावट के समान, धूप, अगरबत्ती, फ्लावर-पॉट, मधुबनी प्रिंट से बनी साड़ी जैसी अनेक चीजें खरीद सकते हैं। राज्योत्सव स्थल पर नगरीय प्रशासन विभाग के स्टॉल में राजनांदगांव, रायपुर और भिलाई-चरोदा नगर निगम में प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत हितग्राहियों द्वारा एक जगह निर्मित आवासों को समग्र कॉलोनियों के रूप में दर्शाया गया है।

# अम्बेडकर अस्पताल के न्यू ट्रामा विभाग में आग लगने की घटना में मरीज एवं डॉक्टर सुरक्षित

## स्वास्थ्य मंत्री ने किया मौके का निरीक्षण, तीन दिन के भीतर जाँच रिपोर्ट प्रस्तुत करने के दिए निर्देश

पायनियर संवाददाता < रायपुर
www.dailypioneer.com



डॉ. भीमराव अम्बेडकर स्मृति चिकित्सालय के तृतीय तल में स्थित न्यू ट्रामा विभाग में आग लगने की घटना घटित हुई थी जिसमें कोई भी मरीज एवं मेडिकल स्टाफ घायल नहीं हुआ है। घटना के दौरान वहां मौजूद सभी लोग सुरक्षित हैं। न्यू ट्रामा की जिस ओटी में आग लगने की घटना घटित हुई वहां ओटी के बाद साफ-सफाई करके ओटी को बंद कर दिया गया था। बगल में जो ओटी थी वहां पर ऑपरेशन चल रहा था। ऑपरेशन टीम में तीन-चार डॉक्टर एवं अन्य पैरामेडिकल स्टॉफशामिल थे। जैसे ही उन्होंने धुआं उठता देखा तुरंत इसकी सूचना प्रबंधन को दी। इसके साथ प्रबंधन ने आग लगने की घटना के दौरान तुरंत तत्परता दिखाते हुए अस्पताल के स्टाफ की मदद से ओटी से लगे हुए खिड़की के ग्रिल को इलेक्ट्रिक कटर से काटकर और कांच को तोड़कर मरीज एवं डॉक्टरों को सुरक्षित बाहर निकाला। ऑपरेशन टीम के डॉक्टरों को धुएं के कारण सांस लेने में दिक्कत हो रही थी इसलिए उन्हें ऑब्जरवेशन में भर्ती रखा गया है। सभी लोग अभी सामान्य स्थिति में हैं। आग लगने का कारण फिलहाल स्पष्ट नहीं है परंतु प्रथम दृष्ट्या ऐसा प्रतीत होता है कि एयर प्यूरीफायर एवं ए.सी. में शॉर्ट सर्किट से आग लगी थी जिस पर त्वरित काबू पा लिया गया था किंतु दोनों उपकरणों के प्लास्टिक बॉडी के जलने से कक्ष में अत्यधिक धुआं भर गया था। इस सम्बन्ध में अम्बेडकर अस्पताल अधीक्षक डॉ. संतोष सोनकर ने लोक निर्माण विभाग के कार्यपालन अभियंता विद्युत/यांत्रिक को पत्र लिखकर घटनास्थल का निरीक्षण कर निरीक्षण रिपोर्ट उपलब्ध कराने के त्वरित निर्देश दिए हैं। इसके साथ ही संपूर्ण अस्पताल परिसर के विद्युत प्रवाह सिस्टम की ऑडिट कराकर ऑडिट रिपोर्ट तत्काल उपलब्ध कराने को कहा है। प्रदेश के स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल ने इस घटना की सूचना मिलते ही तत्काल घटना स्थल पर पहुंचकर मरीज के परिजनों एवं डॉक्टरों से मुलाकात की और उनके स्वास्थ्य के संबंध में इलाज कर रहे डॉक्टरों से जानकारी ली। उन्होंने घटना को लेकर अस्पताल प्रबंधन एवं डॉक्टरों की त्वरित तत्परता और सूझबूझ की तारीफ़ की। स्वास्थ्य मंत्री ने चिकित्सा महाविद्यालय के डीन डॉ. विवेक चौधरी को संपूर्ण घटनाक्रम की जांच तकनीकी टीम से कराकर रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिए हैं। इसके साथ ही उन्होंने घटना की वास्तविक वस्तुस्थिति से अवगत होकर प्रबंधन को तीन दिन के भीतर न्यू ट्रामा विभाग को ठीक करने के लिए आवश्यक निर्देश दिए हैं।

# बस्तर ओलंपिक–2024 : बस्तर संभाग के सभी विकासखण्ड एवं जिला स्तरीय प्रतियोगिता के आयोजन हेतु तिथि जारी

## बस्तर संभाग के सभी विकासखण्ड एवं जिला स्तरीय प्रतियोगिता के आयोजन हेतु तिथि जारी

पायनियर संवाददाता < रायपुर
www.dailypioneer.com



बस्तर ओलम्पिक 2024 के तहत संभाग के सातों जिलों में खेल प्रतियोगिता आयोजन के लिए विकासखण्ड एवं जिला स्तरीय प्रतियोगिता हेतु तिथि निर्धारित किया गया है। बस्तर जिले के बकावण्ड विकासखण्ड में 06 से 12 नवम्बर तक हाई स्कूल मैदान बकावण्ड, बास्तानार विकासखण्ड में 06 से 09 नवम्बर तक शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय मिनी स्टेडियम किलेपाल, दरभा विकासखण्ड में 07 से 12 नवम्बर तक शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय मांझीगुड़ा छिंदपाल, तोकापाल विकासखण्ड में 07 से 11 नवम्बर तक हाई स्कूल मैदान तोकापाल में प्रतियोगिता आयोजित की जाएगी। इसी तरह लोहण्डीगुड़ा विकासखण्ड में 07 से 11 नवम्बर तक हाई स्कूल मैदान उसरीबेड़ा, बस्तर विकासखण्ड में 08 से 12 नवम्बर तक लालबहादुर शास्त्री मैदान बस्तर और जगदलपुर विकासखण्ड के अंतर्गत 09 से 14 नवम्बर तक मिनी स्टेडियम बिलोरी में विकासखण्ड स्तरीय प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा। बस्तर जिले में जिला स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन 21-22 नवम्बर को क्रीड़ा परिसर धरमपुरा, इंदिरा प्रियदर्शनी स्टेडियम जगदलपुर और खेलो इंड़िया हॉकी प्रशिक्षण केंद्र पंडरीपानी में आयोजित की जाएगी। इसी तरह जिला कोंडागांव के अंतर्गत विकासखण्ड कोण्डागांव में 07 से 14 नवम्बर तक विकास नगर स्टेडियम, खेलो इंडिया सेंटर बड़े कनेरा एवं टाउनहॉल, विकासखण्ड फरसगांव में 08 से 14 नवम्बर तक आदर्श विद्यालय फरसगांव मैदान, विकासखण्ड केशकाल में 08 से 14 नवम्बर तक प्रियदर्शनी स्टेडियम सूरडोंगर केशकाल, विकासखण्ड माकड़ी में 08 से 14 नवम्बर तक आदर्श विद्यालय फरसगांव मैदान और विकासखण्ड बड़ेराजपुर में 08 से 14 नवम्बर तक विश्रामपुरी खेल मैदान में खेल प्रतियोगिता आयोजित की जाएगी। जिला स्तरीय खेल प्रतियोगिता का आयोजन 20-21 नवम्बर को विकास नगर स्टेडियम, खेलो इंडिया सेंटर बड़े कनेरा एवं टाउनहॉल कोंड़ागांव मुख्यालय में किया जाएगा। जिला दंतेवाड़ा के अंतर्गत विकासखण्ड दंतेवाड़ा में 08 से 13 नवम्बर तक शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय दंतेवाड़ा ग्राउंड, विकासखण्ड गीदम में 08 से 13 नवम्बर तक जावंगा खेल मैदान, विकासखण्ड कुआकोण्डा में 08 से 13 नवम्बर तक हितावारा खेल मैदान कुआकोण्डा और विकासखण्ड कटेकल्याण में 08 से 13 नवम्बर तक गाटम एवं परचेली खेल मैदान में आयोजित की जाएगी। साथ ही जिला स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन 20-21 नवम्बर को शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय दंतेवाड़ा ग्राउंड में किया जाएगा। नारायणपुर जिले के अंतर्गत विकासखण्ड नारायणपुर में 09 से 11 नवम्बर तक क्रीड़ा परिसर मैदान तथा विकासखण्ड ओरछा में 14 से 16 नवम्बर तक क्रीड़ा परिसर मैदान परेड ग्राउंड में तथा जिला स्तरीय प्रतियोगिता का आयोजन 19-20 और 24 नवम्बर को क्रीड़ा परिसर मैदान, परेड ग्राउंड, ऑफिसर्स क्लब, विश्वदिप्ती स्कूल एवं फुटबॉल ग्राउंड बंगलापारा नारायणपुर मुख्यालय में आयोजित की जाएगी। जिला सुकमा के अंतर्गत विकासखण्ड सुकमा में 10 से 15 नवम्बर तक मिनी स्टेडियम, हड़मा मिनी स्टेडियम सुकमा में, विकासखण्ड कोंटा में 10 से 15 नवम्बर तक मिनी स्टेडियम कोंटा और विकासखण्ड छिंदगढ़ में 10 से 15 नवम्बर तक मिनी-इंडोर स्टेडियम छिंदगढ़ में आयोजित की जाएगी।

06 Nov. 2024 Pride Of Raipur

M A K AZAD COLLEGE OF PHARMACY, RAIPUR (C.G.)
Since – 2004
Approved by PCI New Delhi
Affiliated with CSVTU Bhilai
ADMISSION / REGISTRATION OPEN - 2024-25
B Pharmacy – D Pharmacy
XII Science – PCB/ PCM
B Pharmacy lateral entry
CHOURASIYA COLONY NAV DURGA NAGAR RAIPUR
9329621221 , 9425214413 , 9981224037 ,7714913335
email I D - makazadpharmacy123@gmail.com
For online registration Visit: www.makazadpharmcy.com

DYNAMO
Price 72000/- Offer 59,990/- Today Only
ESCAPE EXPLORE EXHILARATE
3 Year Warranty
कोई भी पुरानी गाड़ी लाएं और DYNAMO ले जाएं। बाकि आसान किश्तो में पाएं।
निश्चित उपहार प्रत्येक बुकिंग पर 2999/- देकर बुक करें।
आज ही ले फ्री-टेस्ट ड्राइव
कैशबैक 5000/-
सिर्फ 9999/- देकर घर ले जायें
फाइनेंस सुविधा उपलब्ध
बढ़ती कीमतों से फायदा
CHAWLA ELECTRIC जी.ई. रोड तेलीबांधा रायपुर, मो. 87708 96699, 99079 60900

SAVI Arts
ONE STOP SHOP FOR ALL FINE ART ITEMS
Deals In
Resin work and material
Festival decoration
Handmade bandhanwar (Toran)
Diyas
Painting
Crockery items
Tealight holder (Metal/ cloth/ wood etc)
Call Now 8964029818, 8319103510
Savi Arts And Craft Store, Shop No. 4, Business Apartment Near Shankar Nagar, Chowpaty, Beside Post Office, Shankar Nagar, Raipur (C.G.)

9575261555
VASTU समाधान
दीपक गुप्ता
(PGD In Vaastu, MBA, MA, LLB, MSW)
(वास्तुशास्त्री एवं अंक वास्तुशास्त्र)
Life Designer and Mentor
वास्तुशास्त्र- घर, दुकान, ऑफिस, प्लॉक, फैक्टरी, कारखाना का नींव से लेकर निर्माण तक संपूर्ण वास्तु।
अंक वास्तुशास्त्र- हस्ताक्षर वास्तु, नाम स्पलिंग वास्तु मोबाईल नंबर, घर का नंबर, कार एवं अन्य किसी भी प्रकार के नंबर अंक से जीवन में सुख शांति, सफलता और संपन्नता प्राप्त करने के अचूक सरल उपाय।
पता- उषा इस्टेट, B8/6 फ्लोर, पंडरी मोवा ब्रिज के बगल में, रायपुर

क्या आपके यहां बार - बार चोरी हो रही है ?
तो ब्रांडेड कैमरे ही लगवायें
हम सामान ही नही, सर्विस भी अच्छी देते है
शहर से बाहर गोडाउन, घर एवं शॉप को मोबाईल पर लाईब देखें
क्या आप सस्ते कैमरे लगवाकर नाखुश है ?
सेल्स एण्ड सर्विस के लिए संपर्क करे -
लक्ष्मी सिक्यूरिटी सिस्टम
91652-22223, 93292-94567

बेचना है
रायपुर से 12 किलोमीटर पाटन के बेहतरीन लोकेशन वॉल्फोर्ट ग्रीन के पीछे कोपडीह खुडमुड़ा रोड पर कमर्शियल काम्प्लेक्स, घर एवं गोडाउन बनाने हेतु पूर्व दिशा में 2250 Sqft फीट 58 का फ्रंट प्लाट 1050/- फीट एवं अभनपुर में विशाखापट्टनम रोड से वॉकिंग डिस्टेंस नगरसीमा अंतर्गत 1000 फीट प्लॉट बेचना है।
मो. 8770262964

होमलोन व मार्डगेज लोन
10 लाख से 10 करोड़ तक
राष्ट्रीयकृत एवं प्रतिष्ठित बैंक द्वारा
होम लोन ब्यज दर मात्र 8.70%*
मार्डगेज लोन ब्यज दर मात्र 9.50%*
वर्तमान होमलोन को ट्रांसफर करायें कम ब्याज दर पर 8.70%
पायें उतना ही अतिरिक्त लोन, होम लोन दर पर 8.70%*
SHRI SIDDHI VINAYAK FINACE
Near Samudayik Bhawan, Jorapara, Raipur
Mob.: 9329002356
नोट - बैंकिंग एवं फायनेंस सेक्टर में कार्य करने हेतु अनुभवी लड़कों की आवश्कता है।


विज्ञापन हेतु जगह उपलब्ध है।
9329846567
9827146567

Cartridge Refilling
Refiling @ Your Door Step
JB Mall, Lower Ground Floor, M.G. Road, Raipur (C.G.)
Callaway Print Your Omagination With Us..
9302787900, 9425211789

विज्ञापन के लिये संपर्क करें : 9827146567, 9329846567

# गुंडाधुर महाविद्यालय के छात्र गौरव मौर्य का अंतर विश्वविद्यालय बैडमिंटन प्रतियोगिता के लिए चयन

पायनियर संवाददाता ◄ कोंडागांव
www.dailypioneer.com





शासकीय गुंडाधुर स्नातकोत्तर महाविद्यालय कोंडागांव की बीसीए प्रथम वर्ष की छात्र गौरव मौर्य का चयन भारत सरकार के उच्च शिक्षा विभाग द्वारा आयोजित अंतर विश्वविद्यालय बैडमिंटन प्रतियोगिता के लिए हुआ है। गौरव मौर्य शहीद महेंद्र कर्मा बस्तर विश्वविद्यालय बैडमिंटन टीम का प्रतिनिधित्व करेगा। यह प्रतियोगिता इम्फाल विश्वविद्यालय मणिपुर में 6 से 8 नवंबर तक आयोजित की जाएगी। महाविद्यालय के खेल अधिकारी एच.आर. यदु ने बताया कि, महाविद्यालय में नियमित रूप से बैडमिंटन, फुटबॉल, कबड्डी, वॉलीबॉल, खो-खो, क्रिकेट, एथलेटिक्स, और बास्केटबॉल जैसे खेलों का अभ्यास होता है, जिसके परिणामस्वरूप छात्र-छात्राएं खेलों में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर रहे हैं। खिलाड़ियों का लक्ष्य राष्ट्रीय और अन्तर्राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिताओं में शानदार प्रदर्शन कर महाविद्यालय और क्षेत्र का नाम रोशन करना है। गौरव मौर्य के चयन पर महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. सी.आर. पटेल और समस्त प्राध्यापक, अधिकारी, कर्मचारियों ने शुभकामनाएं और बधाई दी है।

# निगम आयुक्त ने होम वोटिंग के लिए मतदान रथ को दिखाई हरी झंडी

पायनियर संवाददाता ◄ रायपुर
www.dailypioneer.com



रायपुर दक्षिण विधानसभा उप निर्वाचन 2024 के तहत होम वोटिंग शुरू हो गई है। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. गौरव सिंह के मार्गदर्शन में नगर निगम आयुक्त अबिनाश मिश्रा ने कलेक्ट्रेट परिसर से होम वोटिंग के लिए मतदान रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। साथ ही मतदान दल के सभी कर्मियों को पुष्प देकर स्वागत किया। उप निर्वाचन के लिए 4 अलग-अलग मतदान रथ विधानसभा में पहुंचकर होम वोटिंग कराएगी। मतदान रथ के माध्यम से 85 से अधिक उम्र के बुजुर्ग और दिव्यांग मतदाताओं को वोटिंग की सुविधा दी जा रही है। सभी मतदान दल को आज मतदान सामग्री का वितरण किया गया और उन्हें रवाना किया गया है। होम वोटिंग की सुविधा 5 नवंबर से 7 नवंबर 2024 तक चलेगी। इस अवसर पर रिटर्निंग ऑफिसर पुष्पेंद्र शर्मा, उप निर्वाचन अधिकारी उमाशंकर बंदे, सहायक कलेक्टर अनुपमा आनंद समेत अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित थे।

# शांत प्रदेश में अशांति फैलाने की कुनीति न करें कांग्रेस : भाजयुमो



## प्रदेश का माहौल बिगाड़ने का आरोप,भाजयुमो ने जलाया कांग्रेस का पुतला

पायनियर संवाददाता ◄ बीजापुर
www.dailypioneer.com

भाजयुमो ने विधायक बंगला चौक पर कांग्रेस पार्टी का पुतला दहन कर आरोप लगाया कि कांग्रेस पार्टी शांत प्रदेश में अशांति फैलाने का कार्य कर रही है। भाजयुमो का कहना है कि जिस तरह से दामाखेड़ा स्थित संत कबीर आश्रम में असामाजिक तत्वों के द्वारा तोड़फोड़ करते हुए कबीर पंथ के आचार्य उदित मुनि साहेब पर हमला किया गया था। उक्त घटना के आरोपी कांग्रेस पार्टी से जुड़े होने की बात सामने आई है जो दुर्भाग्यपूर्ण है। कांग्रेस हमेशा से समाज मे नफरत फैलाकर राजनीति करने का प्रयास में रही है,आज प्रदेश का शांत माहौल को अशांत करने तरह-तरह का षड्यंत्र के साथ कांग्रेस प्रत्याशी कुकृत्य कर रही है। जिसका भाजयुमो पुरजोर विरोध करती है,अगर कांग्रेस पार्टी की यही रवैया रही तो भाजयुमो उग्र आंदोलन के लिए बाध्य होगी,शांत प्रदेश में अशांति फैलाने की कुनीति न करें कांग्रेस।

पुतला दहन में भाजयुमो जिलाध्यक्ष बलदेव उरसा,युवा मोर्चा प्रदेश कार्य समिति सदस्य फूलचंद गागड़ा,सोनू बघेल,हरीश बेलसरिया, बाबू स्वामी,गोलू नाग,मथियस कुजूर, तिरथ कुमार, कृष्णा रामटेके, लालू पोडियाम, हरे कृष्णा मुंड,हितेंद्र नाग, हरीश निषाद,रामधर जुर्री समेत अन्य कार्यकर्ता मौजूद रहे ।

# कलेक्टर ने युवा संसद के विजेता विद्यार्थियों से मिलकर बढ़ाया हौसला

पायनियर संवाददाता ◄ कोंडागांव
www.dailypioneer.com



कलेक्टर कुणाल दुदावत ने जिला कार्यालय के सभाकक्ष में संभाग स्तरीय युवा संसद प्रतियोगिता के विजेता छात्र-छात्राओं से मुलाकात कर उनका हौसला बढ़ाया। उन्होंने सभी विद्यार्थियों और शिक्षकों को शुभकामनाएं दी और कहा कि, युवा संसद प्रतियोगिता में पीएमश्री आत्मानंद इंग्लिश मीडियम स्कूल कोंडागांव के विद्यार्थियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए प्रथम स्थान प्राप्त कर विशेष उपलब्धि हासिल की है। उन्होंने कहा कि, यह प्रतियोगिता जनप्रतिनिधियों की कार्य प्रणाली एवं संसद को निकट से जानने-समझने का अवसर प्रदान करती है। आज के छात्र-छात्राएं ही भविष्य में जन प्रतिनिधि बनेंगे। इसके लिए आप सभी को लोकसभा और राज्यसभा के सत्र के प्रसारण को अवश्य देखें, तभी आप संसद के कार्य प्रणाली को बेहतर ढंग से समझ सकते हैं। कलेक्टर ने इस दौरान संसद की विभिन्न गतिविधियों, संसद एवं विधानसभा में जनप्रतिनिधियों के जिम्मेदारियों और कार्य प्रणाली, प्रश्नकाल के दौरान चर्चा सहित विभिन्न विषयों के बारे में विद्यार्थियों को विस्तृत जानकारी दी। कलेक्टर ने इस अवसर सभी विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए कहा कि, ऐसे ही प्रदर्शन करते हुए राष्ट्रीय युवा संसद प्रतियोगिता में भाग लें। उल्लेखनीय है कि, जगदलपुर में आयोजित संभाग स्तरीय युवा संसद प्रतियोगिता 2024-25 में कोंडागांव जिले ने प्रथम स्थान प्राप्त कर बस्तर संभाग में अपना परचम लहराया है। संसद प्रतियोगिता में समसामयिक मुद्दों और क्षेत्र की समस्याओं को प्रभावी ढंग से संसद के पटल पर रखने के कारण कोंडागांव के छात्रों ने सभी का ध्यान आकर्षित किया था। कोंडागांव जिले के छात्रों ने कड़े मुकाबले में बीजापुर, कांकेर, नारायणपुर, सुकमा, दंतेवाड़ा, बस्तर की टीमों को पीछे छोड़ते हुए जीत दर्ज की। विद्यार्थियों की इस उपलब्धि में अभिभावकों एवं शिक्षकों का विशेष योगदान रहा। छात्र-छात्राओं को संसद की प्रक्रिया से अवगत करा के संसदीय कार्य प्रणाली की जानकारी दी गई और उसकी लगातार अभ्यास कराया गया था। इस अवसर पर जिला पंचायत सीईओ अविनाश भोई सहित विद्यालय के छात्र-छात्राएं, शिवलाल शर्मा प्राचार्य सेजस जामकोटपारा कोंडागांव, नरेंद्र नायक प्राचार्य शाबाउमावि कोंडागांव, दिनेश शुक्ला प्राचार्य पीएम सेजेस एमजी वार्ड कोंडागांव, नोडल अधिकारी अखिलेश गायधने, तौसीफ आलम, सीमा नंदेश्वर, रूबी भट्टाचार्य, हिमांशु शर्मा, राखी सिंह उपस्थित रहें।

# इंद्रधनुष टीम ने छग राज्य स्थापना पर दीप जलाकर मनाया राज्योत्सव



पायनियर संवाददाता ◄ कोंडागांव
www.dailypioneer.com

प्रोफेशनल लर्निंग कम्युनिटी टीम इंद्रधनुष कोंडागांव के द्वारा छत्तीसगढ़ राज्य स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में मड़ानार विद्यालय के प्रांगण में राज्योत्सव का आयोजन किया गया। जिसमें ग्रामवासियों ने उत्साह पूर्वक अपनी भागीदारी देते हुए अपने अपने हाथों में दीप लेकर मानव श्रृंखला निर्मित कर विद्यालय परिसर को दीए की रोशनी से रोशन किया गया। साथ ही सांस्कृतिक संध्या का आयोजन कर बच्चों द्वारा तैयार मनमोहक सांस्कृतिक कार्यक्रमों से उपस्थित ग्रामवासियों का मनोरंजन किया गया। कार्यक्रम हेतु ग्राम के युवा साथियों द्वारा उच्चस्तर का साउंड सिस्टम और स्टेज तैयार कर कार्यक्रम को सफल बनाने में विशेष सहयोग प्रदान किया गया। कार्यक्रम के दौरान रात्रि 12 बजे 5 नवंबर लगते ही क्षेत्र के विधायक और वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री केदार कश्यप (छत्तीसगढ़ शासन) का जन्म दिन के अवसर पर स्वैच्छिक रक्त दाता समूह और ग्रामीण युवक युवतियों ने नृत्य करते हुए आतिशबाजी और केक काटकर कलाकार बच्चों का मुंह मीठाकर अपने स्थानीय विधायक को जन्मदिन का जश्न के साथ बधाई संदेश दिया गया।

# पिकनिक से लौट रहें तीन युवकों पर रॉड व लाठी से ताबड़तोड़ हमला, सिर पर आई गम्भीर चोंटे






पायनियर संवाददाता ◄ कांकेर
www.dailypioneer.com

शहर में दिन-प्रतिदिन मारपीट की घटनायें बढ़ती ही जा रही है। जिसका मुख्य कारण है युवाओं में नशे का क्रेज जिसको लेकर कभी कभार पुलिस भी सख्ती दिखाती है किंतु कुछ दिन बाद फिर से यही स्थिति निर्मित हो जाती है। इसको लेकर स्थानीय पुलिस को एक बड़ी व ठोस कदम उठाने की आवश्यकता है। सोमवार की रात्रि जो घटना घटी है शायद इस घटना में किसी की जान भी जा सकती थी। इसे भी नशे में धुत्त युवकों ने अंजाम दिया। बता दें कि कोतवाली थाना अंतर्गत मनकेशरी में पिकनिक मनाकर वापस घर लौट रहें तीन युवको के साथ भंडारीपारा और मनकेशरी के युवको ने जमकर मारपीट किया है, मारपीट में तीन युवको को गंभीर चोंटे आई है जिन्हें जिला अस्पताल में ईलाज के लिए भर्ती कराया गया जहाँ इनका उपचार जारी है। पुलिस के अनुसार दोनों पक्षों की ओर से मारपीट की रिपोर्ट दर्ज की गई है। जिसमें संतोष जुर्री निवासी एमजी वार्ड, अजय नेताम निवासी अन्नपुर्णा पारा, करन नाग निवासी आमापारा ने बताया की वह अपने दोस्तो के साथ 4 नवम्बर को मनकेशरी बांध पर पिकनिक मनाने के लिए गए थे पिकनिक मना कर जब वह अपने घर वापस लौट रहें थे मनकेशरी आवासपारा पहुंचे थे तभी आरोपी मोनू यादव निवासी भंडारीपारा व दद्दू निवासी आवासपारा मनकेशरी अपने कुछ दोस्तो के साथ रास्ते में खडा और अश्लील गाली गलौज कर रहा था जिसे देख उन्होने गाली गलौच करने से मना किया इतने में वह सभी गुस्सा हो गए और अपने दोस्तो के साथ राड, डंडा और चाकू से हमला किए है हमाले से संतोष जुर्री के सिर, हाथ पैर व पीट में चोट आया है वही अजय नेताक के भी सिर में गंभीर चोट आया करन नाग के सिर और हाथ में गंभीर चोट आया है। घटना की जानकारी पुलिस को लगी तो तत्काल पुलिस की टीम मौके पर पहुंची और तीनो को अपने पुलिस वाहन से ही जिला अस्पताल पहुंचाया तीनो घायलो का इलाज जारी है।

# छठ पूजा की तैयारी के लिए शहर के मुख्य तालाब का निरीक्षण



पायनियर संवाददाता ◄ कोंडागांव
www.dailypioneer.com

देश भर में 7 नवंबर को मनाए जाने वाले छठ पूजा पर्व के मद्देनजर शहर के मुख्य तालाब पर तैयारी कार्य जोरों पर है। नगर पालिका उपाध्यक्ष जसकेतु उसेंडी और पार्षद अंकुश जैन ने तालाब का निरीक्षण किया, इस दौरान नगरपालिका उपाध्यक्ष ने सफाई, ब्लीचिंग, पेंटिंग और रेत डालने जैसे आवश्यक कार्यों के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान बारीकी से मूल्यांकन किया गया ताकि छठ पूजा के दौरान श्रद्धालुओं को किसी भी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े। बिजली व्यवस्था और अन्य जरूरी इंतजामों का भी जायजा लिया और सफाई कार्य को प्राथमिकता देने पर जोर दिया गया, जिससे श्रद्धालुओं को एक सुरक्षित और स्वच्छ वातावरण मिल सके। इस अवसर पर नगर पालिका सीएमओ दिनेश डे सहित ललित देवांगन, भरत चक्रधारी, मनोहर साहू, देवेंद्र मौर्य और अविनाश उपस्थित रहे।

# स्टे फिट विथ मी नामक संस्था ने किया नुक्कड़ नाटक के जरिये सड़क सुरक्षा नियमों के प्रति लोगों को जागरूक

पायनियर संवाददाता ◄ रायपुर
www.dailypioneer.com



हर साल हज़ारों लोग सड़क हादसे का शिकार होते हैं। कभी कोई हँसता खेलता परिवार सड़क हादसे की वजह से उजड़ जाता है, तो कभी कोई माँ अपनी संतान खो देती है। सड़क हादसे कभी खुद की गलती, कभी दूसरे की लापरवाही से होते हैं। सड़क सुरक्षा नियमों के प्रति लोगों को सचेत करने के लिए राज्योत्सव मेला स्थल में लगे शिल्प ग्राम में स्टे फिट विथ मी नामक संस्था ने सड़क सुरक्षा को लेकर एक उम्दा प्ले किया गया। अंतर विभागीय अग्रणी संस्था है ये। जिसमें अलग अलग क्षेत्र के लोग जुड़े हैं। प्ले में सहज तरीक़े से सड़क सुरक्षा के लिए हेलमेट, स्पीड नियंत्रण, मोबाइल का इस्तेमाल नहीं करने, एकाग्रता, नशे में वाहन ना चलाने का संदेश दिया गया। शिल्प ग्राम में मज़े से स्थानीय शिल्पियों के उत्पादों की ख़रीदी करते लोग सहसा ठिठककर प्ले को देखने लग गये। प्ले का भरपूर आनंद लेते हुए लोग सोचने पर मजबूर हो गये कि वास्तव में अक्सर सड़क हादसे टाले का सकते हैं अगर हम ख़ुद सचेत, जागरूक रहें। प्ले करने वाले लोग विविध क्षेत्र से हैं। इस पूरे प्ले को संचालित कर रहे अतिरिक्त महानिदेशक और संयुक्त आयुक्त सड़क सुरक्षा संजय शर्मा, उनके साथ इंजीनियर, ब्यूटिशियन, सिविल सेवा एस्पिरेंट, गृहिणी, मार्केटिंग मैनेजर सब मिलकर लोगों को प्ले के ज़रिये जागरूक करने का प्रयास कर रहे हैं। इन सबका यही कहना है कि अगर हमारे प्ले से कुछ लोग भी जागरूक हो कर वाहन चलायें।


## अपराधिक मामलों के बारे में घोषणा

फार्मेट सी-02

(वर्ष 2011 की रिट याचिका (सिविल) सं. 536 (पब्लिक इंटेरेस्ट फाउंडेशन एवं अन्य बनाम भारत संघ एवं अन्य) में माननीय उच्चतम न्यायालय के दिनांक 25 सितंबर 2018 के निर्णय के अनुसार)

अभ्यर्थी का नाम एवं पताः **सुनील कुमार सोनी**
सदर बाजार, गोपाल मंदिर के सामने, रायपुर छत्तीसगढ़

राजनैतिक दल का नामः **भारतीय जनता पार्टी**
(निर्दलीय अभ्यर्थी यहां ''निर्दलीय'' लिखें)

निर्वाचन का नामः विधानसभा उपचुनाव निर्वाचन- 2024

निर्वाचन क्षेत्र का नामः **51 रायपुर नगर दक्षिण**

मैं सुनील कुमार सोनी (अभ्यार्थी का नाम), उपर्युक्त निर्वाचन के लिए अभ्यार्थी, सार्वजनिक सूचना हेतु अपने आपराधिक पूर्ववृत्त के बारे में निम्नलिखित विवरणों की घोषणा करता हूंः-

| क. सं. | (A) लंबित आपराधिक मामले 01- (एक) | | | | | (A) आपराधिक मामलों के लिए दोष सिद्धि के मामलों के संबंध में विवरण | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | न्यायालय का नाम | प्रकरण संख्या एवं तारीख | प्रकरण की स्थिति | संबंधित अधिनियमों की धारा (ओं.) एवं अपराध (अपराधों) का संक्षिप्त विवरण | न्यायालय का नाम एवं आदेश (शो) की तारीख | कार्यालय (यों.) और लगायी सजा का विवरण | लगाया गया अधिक तक दंड |
| 1. | माननीय उच्च न्यायालय छत्तीसगढ़ बिलासपुर | सी.आर. आर. 453/2019 तारीख दिनांक 04.10.2023 | प्रारंभिक स्तर एवं अग्रिम कार्यवाही हेतू लंबित | थाना सिटी कोतवाली द्वारा श्रीमती रजनी कटेला की शिकायत पर अपराधिक प्रकरण धारा 147,148, 149, 427, 294, 448, भा.द.वि. के अंतर्गत दर्ज किया गया था जिस पर न्यायिक दंडाधिकारी प्रथम श्रेणी रायपुर के द्वारा अर्थ दण्ड एवं न्यायालय उठने तक की सजा दी गई थी जिसके विरूद्ध अपील प्रस्तुत की गई उक्त अपील में श्रीमान अपर सत्र न्यायाधीश रायपुर द्वारा दोष मुक्त किया गया। उक्त दोष मुक्ति आदेश के विरूद्ध श्रीमती रजनी कटेला द्वारा पुनरीक्षण याचिका माननीय उच्च न्यायालय छत्तीसगढ बिलासपुर के समक्ष प्रस्तुत की है जो लंबित है। | माननीय उच्च न्यायालय बिलासपुर वर्तमान में लंबित है। | दोष सिद्ध की धाराएं 147,148, 149, 427, 294 एव 448 । धारा 147 148,149, 427 एवं 448 भा.द.वि. प्रत्येक में 1000. 1000 रूपये का अर्थदण्ड एवं न्यायालय उठने तक की सजा एवं धारा 294 में रूपयें 800 अर्थ दण्ड एवं न्यायालय उठने तक की सजा। | रूपये 1000 अर्थ दण्ड एवं न्यायालय उठने तक की सजा। |

दिनांक..................
रायपुर (छ.ग.)

शपथकर्ता
सुनील कुमार सोनी


# महिला की हत्या का प्रयास करने वाला फरार आरोपी गिरफ्तार

## घटना में प्रयुक्त धारदार हथियार को आरोपी के कब्जे से किया बरामद


पायनियर संवाददाता ◄ कोंडागांव
www.dailypioneer.com




कोंडागांव पुलिस अधीक्षक वाय अक्षय कुमार कोंडागांव के दिशा निर्देशन में 4 नवंबर को कृष्ण कुमार जांगड़े निवासी सलना राईस मिलपारा ने एक लिखित आवेदन थाना विश्रामपुरी में लाकर पेश किया कि, घटना दिनांक 3 से 4 नवंबर के दरम्यानी रात में आरोपी शंकर बांधे जो आहिता लक्ष्मी जांगड़े को पत्नि बनाकर दोनों पति पत्नि के रूप में ग्राम सलना राईस मिलपारा में रहते थे, कि आरोपी शंकर बांधे अपने पत्नि लक्ष्मी को अन्य व्यक्तियों से बात करने एंव अवैध संबंध होने की शंका करने की नियत से हमेशा वाद विवाद होता था उसी बात से नाराज होकर आरोपी के द्वारा घर में रखे मुर्गा, बकरा काटने के औजार से सिर एंव शरीर के अन्य भागों में दो-तीन बार हत्या करने की नियत से प्राण घातक हमला कर घटना कारित कर फरार हो गया। आहिता को घायल अवस्था में किसी तरह विश्रामपुरी के सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में लाकर भर्ती किया गया। फिलहाल आहिता अस्पताल में इलाजरत हैं, कि प्राथी की लिखित आवेदन पर से थाना विश्रामपुरी में अपराध क्रमांक 68/2024 धारा 118(1), 109 पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। उक्त फरार आरोपी को लगातार उसके रहने व रूकने के संभावित स्थानों में औचक दबिश दिया गया। दौरान कार्यवाही में आरोपी को विश्रामपुरी के काजू प्लाट के आस-पास घुमते पाये जाने की सूचना पर स्टाफ के द्वारा घेराबंदी कर पुलिस हिरासत में लिया गया। पूछताछ में आरोपी शंकर बांधे ने आहिता लक्ष्मी जांगड़े को धारदार हथियार से हत्या करने की नियत से मारना स्वीकार किया है कि, उक्त आरोपी को 5 नवंबर को 10 बजे गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर जेल दाखिल हेतु भेजा गया हैं।

# 15 सालों से कोई हाईटेक बस स्टैण्ड नही होने से भटक रहे है यात्री

## सडक पर ही खड़ा होकर बस इंतजार करते है यात्री



पायनियर संवाददाता भाटापारा
www.dailypioneer.com

जिस तरह रेल सुविधा के लिये रेल स्टेशन होता है उसी तरह बस सुविधा के लिये एक हाईटेक बस स्टैण्ड का होना अनिवार्य है परंतु शहर मे पिछले 15 सालों से हाई टेक बस स्टैंड नही हो पाया है। जिसकी सख्त आवश्यकता महसूस की जा रही है। नगरवासी भी मध्यप्रदेश सड़क परिवहन निगम के समय से भाटापारा में एक सर्वसुविधा युक्त बस स्टैंड की मांग कर रहे हैं, लेकिन मध्यप्रदेश के बाद छत्तीसगढ़ बन गया और फिर छत्तीसगढ़ बनने के बाद रायपुर जिले से भाटापारा अलग भी हो गया, उसके बाद भी शहर को एक बस स्टैंड की सौगात नही मिल पाई। भाटापारा से जिला मुख्यालय सहित अन्य जिलों के अनेक कस्बों के लिए शहर से नियमित सेवा है, लेकिन दुर्भाग्य की बात है कि बस को खड़ी करने के लिए एक स्थायी बस स्टैंड की जरूरत लंबे समय से महसूस की जा रही है। नतीजा बस में सफल करने वाले यात्रियों को धूप हो या बरसात सड़क पर खड़े होकर बस का इंतजार करना पड़ रहा है। ताज्जुब की की बात है कि शहर में राजनीति का दंभ भरने वाले भी भाटापारा शहर को अब तक एक स्थायी बस स्टैंड की सुविधा नहीं दिलवा पाए।

### एक शेड तक नहीं

बस यात्रियों में हमेशा ही नाराजगी बने रहती है। इतने वर्षों के बाद भी भाटापारा को सर्व सुविधा युक्त हाईटेक बस स्टैंड नहीं मिल सका। बस स्टैंड पहुंचने पर खास कर महिलाओं को ज्यादा परेशानियों का सामना करना पड़ता है। हालत ये है कि बसें भी जहां-तहां खड़ी कर दी जाती है। हालात ऐसे बन गए हैं कि यात्री बस स्टैंड कहीं गुम हो गया है। ढूंढने पर भी यह नहीं पता चलता कि यहीं बस स्टैंड है। जबकि जहां पर से बसें संचालित होती है वहां पर 25 से 30 वर्ष से भी अधिक समय से बस चल रही हैं, किंतु वर्तमान में कई ऐसे सवाल हैं जो यात्रियों के अनसुलझे हैं। पूरे बस स्टैंड में बड़ी संख्या में अवैध तरीके से सब्जी दुकानें बेतरतीब रूप से लगती है, जिससे बसे आसानी से अंदर बाहर आ जा नहीं सकती और किसी दिन भी अप्रिय घटना से इनकार भी नहीं किया जा सकता है। चारो तरफ गंदगी का आलम है। इस बस स्टैंड में कोई भी सुविधा नहीं होने से वर्तमान में भरी दोपहर के समय लोग परेशान है भीषण गर्मी के समय गर्मी से लोग परेशान रहते हैं। क्योंकि इस बस स्टैंड में यात्रियों के ठहरने के लिए शेड तक नहीं है इसलिए लोगों की मांग की शहर में जहां पर अभी बस स्टैंड है उसे पूरी तरह कब्जा मुक्त कराकर वहीं पर एक हाईटेक सर्व सुविधा युक्त बस स्टैंड का निर्माण कराया जाए क्योंकि यह जगह वर्तमान में बस स्टैंड के लिए सबसे उपयुक्त जगह है। कहने को तो यह यात्री बस स्टैंड है किंतु यहां पर यात्रियों के लिए नाम मात्र की भी सुविधाएं उपलब्ध नहीं है यात्रियों के लिए न तो वहां पर खड़े होने के लिए शेड है न ही पीने के पानी आदि की व्यवस्था है। साथ ही महिला यात्रियों के लिए शौचालय तक की व्यवस्था नहीं है। इन सब अव्यवस्थाओं के कारण यात्रियों को बहुत ज्यादा परेशानियों का सामना करना पड़ता है। भाटापारा में काफी लंबे समय से एक सर्व सुविधा युक्त बस स्टैंड की आवश्यकता लगातार महसूस की जा रही है। परंतु इस दिशा में अभी तक कोई भी उल्लेखनीय कार्य नहीं हुआ है। यथाशीघ्र भाटापारा में हाईटेक बस स्टैंड बनाया जाना चाहिए।

### रोजाना चलती है भारी संख्या मे बसें

वर्तमान में शहर से अन्य शहरों और गांवों के लिए सबसे अधिक बसें रोजाना चलती है ज्यादातर बसें ग्रामीण क्षेत्रों के लिए भाटापारा से चलती हैं। बड़ी संख्या में ग्रामीण क्षेत्र के लोग रोजाना के कार्य के लिए भाटापारा आते-जाते हैं। साथ ही भाटापारा स्टेशन से ट्रेन पकड़ने के लिए गांव से बसों के माध्यम से भाटापारा पहुंचते हैं। भाटापारा से बलोदा बाजार, सुहेला, मुंगेली, बिलासपुर, मारो, नवागढ़, पथरिया, बेमेतरा, मोपका, निपनिया, करही बाजार और खरोरा के लिए बसें चलती हैं।

### 10 सालों से नगरवासी कर रहे हैं मांग

यात्रीगण द्वारा पूछे गए सवालों का माकूल जवाब किसी के पास नहीं है, क्योंकि बस स्टैंड वाली जगह पर चिल्लर सब्जी विक्रेताओं ने धीरे धीरे कर काबिज हो गए हैं, वहीं जो स्थान बचा है वहां आवारा मवेशियों का कब्जा रहता है। बस स्टैंड जैसी कोई सुविधा यहां मौजूद नहीं। विगत 10-12 सालों से हाईटेक बस स्टैंड बनाए जाने की मांग भाटापारा के नागरिक कर रहे हैं। परंतु अभी तक इस दिशा में कुछ होता दिखाई नहीं दे रहा। जबकि इतनी बड़ी आबादी भाटापारा की होने के बावजूद आज इतनी ज्यादा बसें यहां से संचालित हो रही हैं। इसके बाद भी अभी तक के एक सर्व सुविधायुक्त बस स्टैंड का न बन पाना जिम्मेदारों की राजनीतिक पहुंच कितनी है यह बताने के लिए काफी है।

# शिवरतन शर्मा की अनुशंसा पर 15वें वित्त आयोग के अनटाईड ग्राण्ट अंतर्गत 01 करोड़ 10 लाख 51 हजार की मिली स्वकृति

पायनियर संवाददाता भाटापारा
www.dailypioneer.com



प्रदेश में भारतीय जनता पार्टी की सरकार बनने के बाद से लगातार क्षेत्र में उपाध्यक्ष भाजपा छत्तीसगढ़ शिवरतन शर्मा की अनुशंसा से विकास कार्यों की स्वीकृति प्राप्त हो रही है। अब तक लगभग 12 करोड़ की राशि का नगर विकास कार्यों के लिए स्वीकृति प्राप्त कर ली गई है.। इसी कड़ी में नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग द्वारा भाटापारा नगर के लिए 15वे वित्त आयोग के अनटाईड ग्राण्ट अंतर्गत 01 करोड़ 10 लाख 51 हजार राशि की स्वीकृति मिली है। अनटाईड ग्राण्ट अंतर्गत श्यामा प्रसाद मुखर्जी वार्ड में मुख्य मार्ग से पानी टंकी फिलिंग फ्लाइट, ई रिक्शा चार्जिंग पॉइंट, फिल्टर प्लांट एवं पम्प हाउस तक सीसी रोड निर्माण कार्य 23 लाख 88 हजार, वार्ड नम्बर 01 में फिल्टर प्लांट आउटलेट पाइप से मुख्य नाली तक सीसी नाली निर्माण 05 लाख 39 हजार, सुभाष वार्ड किशन साहू के घर से कश्यप के घर तक सीसी रोड 03 लाख 59 हजार, परसुराम वार्ड में 04 स्थानों पर आरसीसी नाली निर्माण 6 लाख 92 हजार, गांधी मंदिर वार्ड में जनपद पास मिश्रा के घर से मुख्य नाली तक आर सीसी नाली निर्माण 07 लाख 81 हजार, रामसागर वार्ड में ओवर ब्रिज के किनारे से नया बस स्टैंड तक पहुँच मार्ग सीसी रोड निर्माण 21 लाख 14 हजार, लाल बहादुर शास्त्री वार्ड में चर्च से नहर पुल चौक होते हुए मुख्य नाला तक नाली निर्माण 32 लाख 78 हजार की स्वीकृति मिली हैं। शीघ्र ही निविदा प्रक्रिया पुर्ण कर कार्य प्रारंभ किया जाएगा। उक्त निर्माण कार्यों से वार्ड रहवासियों को बारिश के दिनों में हो रही जल भराव की संकट एवं अन्य कठिनाइयों से निजात मिलेगा। विदित हो कि भाजपा की सरकार बनने के 11 माह में ही शिवरतन शर्मा की सक्रियता से करोड़ो के विकास कार्यो की स्वीकृती लागतार क्षेत्र को प्राप्त हो रहा है। जिसमे सिंमगा नगर पालिका बनने की अधिसूचना, दो जिला सहकारी मर्यादित बैंक खोलने की स्वीकृति, मोपका महाविद्यालय भवन निर्माण कार्य, व्यवहार न्यायालय सिंमगा-भाटापारा में भवन निर्माण कार्य, शिवनाथ नदी के सेमरिया घाट पर सेमरिया अमलीडीह मार्ग निर्माण कार्य, प्रधानमंत्री सडक योजना से सड़क नवीनीकरण का कार्य जैसे अन्य और भी करोड़ो रुपयों के विकास कार्यों की राज्य सरकार द्वारा पूर्व में स्वीकृति प्राप्त कर ली की गई है। उक्त स्वीकृति के लिए शिवरतन शर्मा ने प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय, लोक निर्माण मंत्री एवं नगरीय निकाय मंत्री अरुण साव सहित पूरे सरकार के प्रति आभार व्यक्त किया है। क्षेत्र के भाजपा कार्यकर्ताओं में भी सभी हो रहे विकास कार्यो की स्वीकृति से प्रसन्नता है, राकेश तिवारी, सुनील यदु, आशीष जायसवाल, मोहन बांधे, राजा कामनानी, मनिंदर गुम्बर, योगेश अंनत,गोपाल देवांगन, कुंजराम कोशले, सतीश साहू, दिलीप यादव, मनीष मिश्रा, राजू पटेल, सिया साहू, आशिष पुरोहित, व्यास यदु, देवेंद्र साहू, अनिल चेलक, धन्नू यादव, पीताम्बर साहू, रवि वर्मा, सोमेश वर्मा, सुखदेव यदु, सहित सभी पार्टी पदाधिकारियों कार्यकर्ताओं ने उपाध्यक्ष शिवरतन शर्मा की सक्रियता और क्षेत्र के प्रति उनकी विकास परक सोच के प्रति उनका धन्यवाद ज्ञापित किया है।

# उपचुनाव में कांग्रेस प्रत्याशी के पक्ष में विधायक चातुरी नंद ने किया चुनाव प्रचार

पायनियर संवाददाता सरायपाली
www.dailypioneer.com



विधायक चातुरी नंद ने रायपुर दक्षिण विधानसभा क्षेत्र से कांग्रेस प्रत्याशी आकाश शर्मा के पक्ष में ब्राम्हण पारा में चुनाव प्रचार किया। साथ ही वार्ड के कांग्रेस पदाधिकारियों से भेंटकर चुनाव जीतने के लिए रणनीति तैयार की। चुनावी चौपाल को संबोधित करते हुए विधायक चातुरी नंद ने कहा कि भाजपा सरकार के महज दस महीने के कार्यकाल में प्रदेश आज अपराध का गढ़ बन चुका है। चाहे कवर्धा का लोहारीडीह कांड हो या फिर बलरामपुर, सूरजपुर की घटना भाजपा की साय सरकार कानून व्यवस्था पूरी तरह फेल हो चुकी है। प्रदेश में बिगड़ती कानून व्यवस्था से आज आम जनता इस सरकार से असंतुष्ट और आक्रोशित है। रायपुर दक्षिण विधानसभा चुनाव में कानून व्यवस्था बड़ा मुद्दा है और क्षेत्र की जनता इस बार कांग्रेस प्रत्याशी को अपना समर्थन देने तैयार है। उन्होंने भाजपा प्रत्याशी के सांसद कार्यकाल के दौरान उनकी निष्क्रिय कार्यशैली पर सवाल उठाते हुए उन्हें आम जनता द्वारा नकराने की बात कही। बता दें कि रायपुर दक्षिण विधानसभा के उपचुनाव में सरायपाली विधायक चातुरी नंद को 3 वार्डों का प्रभारी बनाया गया है। चुनाव प्रचार के दौरान वार्ड की सह प्रभारी सुनीता शर्मा, युवा कांग्रेस नेता सुयश शर्मा, जयंत यादव समेत कांग्रेस कार्यकर्ता बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

# सैमसंग तीसरी तिमाही में 23 प्रतिशत की हिस्सेदारी के साथ भारत के स्मार्टफोन बाजार में पहले स्थान पर रहा : काउंटरप्वाइंट रिसर्च

पायनियर संवाददाता रायपुर
www.dailypioneer.com

सैमसंग 2024 की तीसरी तिमाही में भारत में वैल्यू के हिसाब से सबसे बड़ा स्मार्टफोन ब्रांड रहा। यह जानकारी काउंटरपॉइंट रिसर्च के द्वारा दी गई है। रिसर्च एजेंसी के अनुसार, इस तिमाही में सैमसंग के नेतृत्व में भारत के स्मार्टफोन बाजार ने सबसे ज्यादा वैल्यू प्राप्त की, और सैमसंग की बाजार हिस्सेदारी 23त्न रही। सीनियर रिसर्च एनालिस्ट प्रचीर सिंह ने कहा, ''बाजार में अब कीमतों में बढ़ोतरी के साथ-साथ बिक्री में भी वृद्धि हो रही है। ईएमआई के आसान विकल्प और पुराने फोन बदलने की सुविधा इसका प्रमुख कारण हैं। सैमसंग फिलहाल 23त्न की हिस्सेदारी के साथ बाजार में पहले नंबर पर है। इसने अपनी प्रमुख गैलेक्सी एस सीरीज़ पर ध्यान देकर और अपने मूल्य-आधारित पोटफोलियो को बेहतर बनाकर अपनी स्थिति बनाए रखा है। अपनी बाजार उपस्थिति मजबूत करने के लिए, सैमसंग ने ए सीरीज में अपने मिड-रेंज और किफायती प्रीमियम मॉडलों में गैलेक्सी एआई फीचर्स को शामिल किया है। काउंटरप्वाइंट ने कहा कि, जुलाई से सितंबर 2024 की तीसरी तिमाही के दौरान, स्मार्टफोन बाजार का कुल मूल्य पिछले साल की तुलना में 12त्न बढ़ गया, जो एक तिमाही में अब तक की सबसे अधिक वृद्धि है। वहीं, इस दौरान स्मार्टफोन की बिक्री की संख्या में 3 प्रतिशत की सालाना बढ़ोतरी हुई है। दरअसल, उत्पादों की कीमतों में बढ़ोतरी और त्योहारी सीज़न के जल्दी शुरू होने के कारण बिक्री में बढ़ोतरी हुई है। रिसर्च एजेंसी के मुताबिक, ओईएम ने खुदरा विक्रेताओं को त्योहारी के लिए तैयार करने के लिए पर्याप्त सामान उपलब्ध करा दिया था, ताकि त्योहारों के दौरान बिक्री में होने वाली अनुमानित बढ़ोतरी को पूरा किया जा सके। हालांकि, पिछले साल की तुलना में इस साल त्योहारी बिक्री धीमी गति से शुरू हुई है।

# कांग्रेस प्रत्याशी आकाश शर्मा के विरूद्ध दुष्प्रचार करने की विडियो अपलोड किये जाने की मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी से की शिकायत

पायनियर संवाददाता रायपुर
www.dailypioneer.com



कांग्रेस के प्रतिनिधिमंडल ने भारतीय जनता पार्टी द्वारा सोशल मीडिया में रायपुर दक्षिण विधानसभा क्षेत्र के कांग्रेस प्रत्याशी आकाश शर्मा के विरुद्ध दुष्प्रचार करने की विडियो अपलोड किये जाने की शिकायत मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी से किया। शिकायत में कहा गया है कि वर्तमान समय में रायपुर दक्षिण विधानसभा क्षेत्र में आदर्श आचार संहिता लागू है ऐसी स्थिति में भारतीय जनता पार्टी छ.ग. द्वारा सोशल मीडिया में रायपुर दक्षिण विधानसभा क्षेत्र के कांग्रेस प्रत्याशी आकाश शर्मा के विरुद्ध दुष्प्रचार करते हुये गुंडे शब्द का उपयोग कर सोशल मीडिया में शीर्षक आखिर कौन है ये कांग्रेस प्रत्याशी का विडियो अपलोड कर भारतीय जनता पार्टी द्वारा अपने पक्ष में वोट मांगे जाने का विडियो दर्शित है, जो कि विधि विरूद्ध है। क्योकि भारतीय जनता पार्टी द्वारा कांग्रेस प्रत्याशी को गुंडे जैसे अपशब्दों से संबोधित करते हुए सोशल मीडिया में अपलोड किया गया है जिसका प्रदेश कांग्रेस कमेटी विधि विभाग घोर आपत्ति/शिकायत करती है। अतः निवेदन है कि उपरोक्त विडियों को सोशल मिडिया से तत्काल हटाया जाये और सोशल मिडिया में प्रकाशित करने वाले भारतीय जनता पार्टी छत्तीसगढ़ के द्वारा गुण्डे शब्द का उपयोग कर सोशल मीडिया में अपलोड करने वाले के विरूद्ध शीघ्र ही उचित कानूनी/समुचित कार्यवाही किये जाने की कृपा की जाये। उक्त कार्यवाही से हमें अवगत करने की कृपा करें। कांग्रेस के प्रतिनिधिमंडल में डॉ. देवा देवांगन, मिर्ज़ा हफीज बेग, कहकसा दानी, अजय जोशी, सादिक अली, राम सोनकर, ईश्वर राव उपस्थित थे।

# शासकीय महाविद्यालय में राष्ट्रीय एकता दिवस का आयोजन

पायनियर संवाददाता सरायपाली
www.dailypioneer.com



स्वर्गीय राजा वीरेंद्र बहादुर सिंह शासकीय महाविद्यालय के प्राचार्य पी के भोई के मार्गदर्शन एवं राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी यू के बरिहा के निर्देशन में भारत के पूर्व उपप्रधानमंत्री एवं गृह मंत्री सरदार वल्लभभाई पटेल जी के जयंती को राष्ट्रीय एकता दिवस के रूप में मनाया गया । राष्ट्रीय सेवा योजना एवं राजनीति विज्ञान परिषद के संयुक्त तत्वाधान में आयोजित किया गया था। सर्वप्रथम विद्या की देवी मां सरस्वती एवं सरदार वल्लभभाई पटेल के छायाचित्र पर दीप प्रज्वलंकर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। राजनीति विज्ञान विभाग सहायक प्राध्यापक डॉ झरना साव ने सरदार पटेल के व्यक्तित्व एवं उनके द्वारा किए गए कार्यों का उल्लेख करते हुए कहा कि सरदार पटेल भारत के लौह पुरुष थे और देशी रियासतों को एकता के सूत्र में पिरोना का महत्वपूर्ण कार्य किया। भारत को अखंड एवं शक्तिशाली राष्ट्र के रूप में अपना महत्वपूर्ण योगदान दिया। सहायक प्राध्यापक नरेश कुमार जगत ने सरदार वल्लभ भाई पटेल के द्वारा भारतीय स्वतंत्रता आंदोलन में किए गए उल्लेखनीय कार्यों को रेखांकित करते हुए कहा सरदार पटेल एक निर्भीक एवं कुशल प्रशासक थे ,जिनके कुशल नेतृत्व में भारतीय राष्ट्रीय आंदोलन को एक नई दिशा दी तथा युवाओं को प्रेरणा देकर स्वतंत्रता के आंदोलन में आगे आने के लिए प्रेरित किया। जब भारत की एकता और अखंडता कमजोर हो रही थी सरदार पटेल के द्वारा ही स्वतंत्र भारत में एक मजबूत राष्ट्र की कल्पना की गई और देश को एकीकरण के सूत्र में कार्य करने का बागडोर सरदार पटेल को दिया गया ।राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी एवं विभागाध्यक्ष राजनीति विज्ञान यू के बरिहा ने सरदार पटेल एक ऐसे महामानव थे जो देश को एक प्रभुत्व संपन्न राष्ट्र के रूप में देखना चाहते थे ।भारत की आजादी के बाद जब देश में हिंदू मुस्लिम के हिंसा और कई प्रकार के दंगे हो रहे थे, तब कुछ रियासतों के शासक भारत में शामिल होना नहीं चाहते थे, उन्होंने संदेश भेजकर भारतीय संघ में शामिल होने के लिए आमंत्रित किया अन्यथा उसका परिणाम भुगतने के लिए तैयार रहे । भारतीय संविधान का निर्माण किया जा रहा था उस संविधान सभा में सरदार पटेल ने भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी। देश के प्रशासनिक ढांचा को व्यवस्थित करने के लिए उन्होंने अखिल भारतीय प्रशासनिक सेवा की स्थापना की, जिससे भारत को योग्य एवं समर्पित लोक सेवक के रूप में नियुक्ति दिया जा सके और भारतीय प्रशासन कुशलता से अपने लक्ष्य को प्राप्त कर सके। उनके दूरगामी परिणाम का ही सोच था कि भारत एक शक्तिशाली राष्ट्र के रूप में विश्व में उभर रहा है, विश्व कल्याण, सद्भावना और मानव सेवा के लिए अपना महत्वपूर्ण कार्य कर रहा है। भारत शांति का पक्षधर रहा है इसीलिए किसी भी युद्ध में समस्या का हल नहीं निकाला जा सकता ।महात्मा गांधी के साथ उन्होंने अंग्रेजी सत्ता को हराने के लिए साथ कार्य किया और अंग्रेजों को भारत छोड़ने के लिए विवश होना पड़ा। आज पूरा भारत सरदार पटेल के द्वारा किए गए अमूल्य कार्यों को याद कर रहा है और उनकी याद में ही भारत में यूनिटी ऑफयूनिटी की स्थापना की गई है ,जो भारत की गौरवशाली परंपरा को प्रतिस्थापित कर रहा है ।इसके पश्चात महाविद्यालय में अध्यनरत छात्र-छात्राओं एवं राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवकों को राष्ट्रीय एकता का शपथ दिलाया गया। राष्ट्र की एकता और अखंडता को बनाए रखने के लिए संकल्प दिलाया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय के अधिकारी और कर्मचारियों तथा छात्र-छात्राएं बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

# सैमसंग आरएंडडी इंस्टीट्यूट बैंगलोर और गार्डन सिटी यूनिवर्सिटी ने मिलकर की एआई और मशीन लर्निंग पर केंद्रित अत्याधुनिक लिंग्विस्टिक लैब की स्थापना

पायनियर संवाददाता रायपुर
www.dailypioneer.com



सैमसंग आरएण्डडीइंस्टीट्यूट इंडिया-बैंगलोर ने गार्डन सिटी यूनिवर्सिटी के साथ मिलकर 'सैमसंग स्टूडेंट इकोसिस्टम फॉर इंजीनियर्ड डेटा लैब' की स्थापना की है। इस पहल से छात्रों और शिक्षकों को आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस मशीन लर्निंग और डेटा इंजीनियरिंग के क्षेत्र में हाथों-हाथ सीखने का रोमांचक मौका मिलेगा। इस लैब में जीसीयूके छात्र और शिक्षक, सैमसंग के वरिष्ठ इंजीनियरों के मार्गदर्शन में उभरती तकनीकों पर काम करेंगे। इसमें प्राकृतिक भाषा की समझ, स्पीच और टेक्स्ट रिकॉग्निशन जैसी एडवांस्ड तकनीकों पर ध्यान दिया जाएगा, जिससे छात्रों को इनोवेटिव प्रोजेक्ट्स पर प्रत्यक्ष अनुभव मिलेगा। सैमसंग ने कर्नाटक और तमिलनाडु में पहले ही चार सीडलैब्स स्थापित की हैं । वेल्लोर और चेन्नई में स्थित वीआईटीकैंपसों में। इन लैब्स में 400 से ज्यादा छात्र एआई और डेटा-संबंधी प्रोजेक्ट्स पर काम कर रहे हैं, जिससे उन्हें वास्तविक दुनिया की चुनौतियों को समझने और हल करने का बेहतरीन अवसर मिल रहा है। एसआरआई-बी के चीफ टेक्नोलॉजी ऑफिसर मोहन राव गोली ने कहा, हम ऐसे समय में हैं जब टेक्नोलॉजी बहुत तेजी से बदल रही है।

# जनदर्शन में सीईओ ने सुनीं लोगों की समस्या, शिकायत और मांग

## प्राप्त पत्रों का जल्द से जल्द निराकरण करने के अधिकारियों को दिए निर्देश



पायनियर संवाददाता धमतरी
www.dailypioneer.com

कलेक्टर नम्रता गांधी के निर्देश पर जनदर्शन में जिले के दूर.दराज से पहुंचे लोगों की मांग, समस्या और शिकायतों को सीईओ जिला पंचायत सुश्री रोमा श्रीवास्तव ने सुनीं। इस अवसर पर उन्होंने जनदर्शन में प्राप्त पत्रों को जल्द से जल्द निराकरण करने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए। जनदर्शन में आज प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत आवास दिलाने, योजना के तहत वर्ष 2020-21 की शेष राशि प्रदाय करने, किसान किताब प्रदाय करने, घास भूमि में अतिक्रमण हटाने, नहर छोड़े गए पानी को बंद करने, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता पर कार्यवाही न करने, दुर्घटना के मद्देनजर पेड़ को कटवाने सहित अन्य आवेदन प्राप्त हुए। सीईओ ने उक्त पत्रों को गंभीरता से पढ़ते हुए उनका त्वरित निराकरण के निर्देश अधिकारियों को दिए।

## भटगांव मातर में शामिल हुए जगदीश रामू रोहरा

# मातर मड़ई हम छत्तीसगढ़ियों की संस्कृति है:उमेश साहू





पायनियर संवाददाता धमतरी
www.dailypioneer.com

दिवाली मनाने के बाद अधिकांश गांव में मातर मड़ाई मनाने की परंपरा है। भाजपा प्रदेश महामंत्री रामू रोहरा ने ग्राम भटगांव के मातर मड़ाई कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि उपस्थिति दी। वहां ग्रामवासियों ने उनका जोरदार स्वागत सत्कार किया। कार्यक्रम में महिलाओं, युवाओं के लिए अलग.अलग कार्यक्रम रखा गया था। उपस्थित जगदीश रामू रोहरा ने सभा को संबोधित करते हुए कहा कि छत्तीसगढ़ में मानने वाले लगभग सभी त्योहारों में आपसी प्रेम की ऐसी संस्कृति हमारे मानस पटल पर दिखती है जिसके माध्यम से हम कई माह से बिछड़े हुए अपने रिश्तेदार, मित्र, संबंधियों से ऐसे कार्यक्रमों के माध्यम से मुलाकात होती है और परिवार इष्ट मित्रों से मुलाकात का सिलसिला चलते रहना चाहिए, तभी हमारे परिवार के भीतर आपसी प्रेम भाईचारा और एकता बनी रहती है। ऐसे आयोजन हमारे इस सोच में सहायक होती है। ग्रामवासियों ने जगदीश रामू रोहरा को कई आवेदन भी दिए जिस पर उन्होंने संभावित कार्यों को समय से करने पर सहमति भी दिए। मंच पर उपस्थित अध्यक्षता कर रहे गंगरेल मंडल के अध्यक्ष उमेश साहू ने भी सभा को उद्बोधन करते हुए कहा कि छत्तीसगढ़ में अनेक कला और संस्कृतियों का समागम समय.समय पर होते रहता है और यह मातर उनमें से एक ऐसी संस्कृति है जहां हमारे यादव समाज के भाइयों के द्वारा अपने संस्कृति को दिखाने का प्रयास किया जाता है। साथ ही गांव में प्रत्येक वर्ग के लिए अलग.अलग कार्यक्रमों का आयोजन भी होता है। आज के दौर में हम सभी लोग अपने कार्यों में व्यस्त रहते हैं और इस व्यस्तता के जीवन से कुछ दिनों के लिए फुरसत पाकर हम अपने घर परिवार में रहकर अपने संस्कृतियों से ऐसे कार्यक्रमों के माध्यम से परिचित होते हैं। हमारे आने वाली पीढियों को भी हम इस संस्कृति से परिचय कराते हैं जिससे वह संस्कार नए पीढियों को मिल सके। कार्यक्रम मे अंगार मोती ट्रस्ट के अध्यक्ष जीवनलाल मराई, नेहरू सेन, भुनेश्वर साहू, भुवनेश्वर ध्रुव और हजारों की संख्या में ग्रामवासी उपस्थित थे।

# आयुक्त सुमित अग्रवाल ने ली राजस्व विभाग की समीक्षा, शत-प्रतिशत वसूली का रखा लक्ष्य

## सप्ताह के अंतिम दिन डिमांड एवं वसूली की प्रगति की जानकारी ली जावेगी, वसूली में कोताही बर्दास्त नही की जावेगी : आयुक्त

पायनियर संवाददाता ◄ दुर्ग
www.dailypioneer.com



नगर निगम आयुक्त सुमित अग्रवाल ने राजस्व विभाग की बैठक लेकर वसूली की समीक्षा की। साथ ही टीम गठित को बड़े बकायेदारों से कड़ाई कर करों की वसूली के निर्देश दिए। बैठक में आयुक्त सुमित अग्रवाल ने वार्डवार वसूली एवं डिमांड की जानकारी लेकर डिमांड के विरूद्ध वसूली करने के निर्देश दिए। उन्होंने राजस्व अधिकारी से कहा कि प्रत्येक सहायक राजस्व निरीक्षकों की डिमांड के विरूद्ध मकान की संख्या एवं सम्पत्ति करदाता के संबंध में मांग पंजी से मिलान करें। साथ ही वसूली में तेजी लाने टीम गठित जोर लगाए। उन्होंने वित्तीय वर्ष पर शतप्रतिशत वसूली के निर्देश दिये। आयुक्त सुमित अग्रवाल ने समीक्षा में समस्त सहायक राजस्व निरीक्षकों व राजस्व उप निरीक्षकों से उनके प्रभारित वार्डो की वार्डवार वसूली की जानकारी ली।राजस्व वसूली शत प्रतिशत वसूली के निर्देश दिये। प्रत्येक वार्ड प्रभारी घर-घर जाकर वसूली करे, अवकाश के दिनों में आधा दिन भी घर घर वसूली करने के साथ साथ निगम के राजस्व कार्यालय में भी वसूली करना सुनिश्चित करे। उन्होंने ये भी कहा कि अगर कोई करदाता टैक्स वाली देने में आना कानी करते है तो खूद टैक्स वसूली में साथ चलने की बात कही।उन्होंने कहा कि सप्ताह के अंतिम दिन डिमांड एवं वसूली की प्रगति की जानकारी ली जावेगी, वसूली में कोताही बर्दास्त नही की जावेगी। समीक्षा बैठक मे नामांतरण के प्रकरणों का त्वरित निराकरण करे और भवन पूर्णता के आधार पर संपत्तिकर अधिरोपित करें। जिससे करों में वृद्धि हो सके। उन्होंने कहा कि जल विभाग से समांजस्य कर नये घरों से जलकर की वसूली करे। आयुक्त ने कहा इसी प्रकार भवन शाखा से नये मकानों की जानकारी लेकर सम्पत्तिकर, जलकर व समेकितकर की वसूली करे। जिससे शतप्रतिशत वसूली हो सके। आयुक्त सुमित अग्रवाल ने कहा कि सहायक राजस्व निरीक्षक एवं वार्ड प्रभारी जो करदाता जलकर सहित अन्य कर जमा नहीं कर रहे है ऐसी स्थिति में संबंधित का नल विच्छेदन की कार्यवाही करे। जिन बडे बकायादारों को अंतिम नोटिस जारी किया गया है और उन्होंने करों का भुगतान नहीं किया है उनकी कुर्की की कार्यवाही करे। उन्होंने कहा कि लंबे समय से बकाया दुकानदारों की दुकाने को नोटिस जारी कर कार्यवाही करे।आयुक्त ने दुर्गेश गुप्ता एवं सहायक राजस्व अधिकारी शुभम गोइर से कहा कि बड़े बकायादारों से कडाई से वसूलना सुनिश्चित करे तथा प्रतिदिन की वसूली की जानकारी लेवे, कम वसूली पर संबंधित वार्ड प्रभारी के विरूद्ध कार्यवाही करे एवं की गयी कार्यवाही से अवगत कराये।बैठक में थानसिंह यादव, संजय मिश्रा, योगेश सूरे, उमेश यादव, कमल स्वर्णकार, राम खिलावन शर्मा, राजू चन्द्राकर, विनीत वर्मा, नील सिंह परिहार,पवन नायक, लव कुश आदि मौजूद रहें।

# जिला पंचायत दुर्ग में हर्षोल्लास से मनाया गया छत्तीसगढ स्थापना दिवस

## जिला पंचायत सीईओ ने जिला पंचायत परिसर में दीप प्रज्जवलित कर दी शुभकामनाएं

पायनियर संवाददाता ◄ दुर्ग
www.dailypioneer.com






कलेक्टर ऋचा प्रकाश चौधरी के मार्गदर्शन में जिला पंचायत दुर्ग में छत्तीसगढ स्थापना दिवस हर्षोल्लास से मनाया गया। राज्य स्थापना दिवस के अवसर पर जिला पंचायत परिसर में बड़ी सख्या में अधिकारी/कर्मचारियों ने दीप प्रज्जवलित कर राज्य उत्सव की शुभकामनाएं दी। मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत दुर्ग बजरंग कुमार दुबे ने जिला पंचायत एवं सभी ग्राम पंचायत भवनों में दीप प्रज्जवल कर राज्य उत्सव मनाये जाना सुनिश्चित करने कहा एवं राज्य उत्सव की शुभकामनाऐ दी। जिला पंचायत भवन में दीप प्रज्जवल करने पहुंची जिला पंचायत संदस्य माया बेलचंदन ने कहा हम सब स्व. अटल बिहारी वाजपेय के अभारी है, जो छत्तीसगढ स्थापना के सुत्रधारी रहे हैं। ईश्वर से प्रार्थना है कि छत्तीसगढ नित प्रतिदिन प्रगति के पथ पर बढ़ता जाए। इस दौरान बडी संख्या में स्व-सहायता समूह की दीदीयों ने राज्य स्थापना के अवसर पर दीप प्रज्जवल किया। इस अवसर में उपसंचालक पंचायत काव्या जैन, परियोजना अधिकारी जिला पंचायत स्वप्नि ध्रुव, सुनिल कुमार बिहान, अधिकारी व कर्मचारी ने भी दीप प्रज्जवल किया।

# संभाग के सभी जिलों में विकासखण्ड एवं जिला स्तरीय प्रतियोगिता के आयोजन हेतु तिथि जारी

पायनियर संवाददाता ◄ जगदलपुर
www.dailypioneer.com

बस्तर ओलम्पिक 2024 के तहत संभाग के सातों जिलों में खेल प्रतियोगिता आयोजन के लिए विकासखण्ड एवं जिला स्तरीय प्रतियोगिता हेतु तिथि निर्धारित किया गया है। जिसमें बस्तर जिले में विकासखण्ड बकावण्ड में 06 से 12 नवम्बर तक हाई स्कूल मैदान बकावण्ड, विकासखण्ड बास्तानार में 06 से 09 नवम्बर तक शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय मिनी स्टेडियम किलेपाल, विकासखण्ड दरभा में 07 से 12 नवम्बर तक शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय मांझीगुड़ा छिंदपाल, विकासखण्ड तोकापाल में 07 से 11 नवम्बर तक हाई स्कूल मैदान तोकापाल और विकासखण्ड लोहण्डीगुड़ा में 07 से 11 नवम्बर तक हाई स्कूल मैदान उसरीबेड़ा में विकासखण्ड बस्तर में 08 से 12 नवम्बर तक लालबहादुर शास्त्री मैदान बस्तर, विकासखण्ड जगदलपुर के अंतर्गत 09 से 14 नवम्बर तक मिनी स्टेडियम बिलोरी में विकासखण्ड स्तरीय प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा। बस्तर जिले में जिला स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन 21-22 नवम्बर को क्रीड़ा परिसर धरमपुरा, इंदिरा प्रियदर्शनिय स्टेडियम जगदलपुर और खेलो इंड़िया हॉकी प्रशिक्षण केंद्र पंडरीपानी में आयोजित की जाएगी। इसी तरह जिला कोंडागांव के अंतर्गत विकासखण्ड कोण्डागांव में 07 से 14 नवम्बर तक विकास नगर स्टेडियम, खेलो इंडिया सेंटर बड़े कनेरा एवं टाउनहॉल, विकासखण्ड फरसगांव में 08 से 14 नवम्बर तक आदर्श विद्यालय फरसगांव मैदान, विकासखण्ड केशकाल में 08 से 14 नवम्बर तक प्रियदर्शिनी स्टेडियम सूरडोंगर केशकाल, विकासखण्ड माकड़ी में 08 से 14 नवम्बर तक आदर्श विद्यालय फरसगांव मैदान और विकासखण्ड बड़ेराजपुर में 08 से 14 नवम्बर तक विश्रामपुरी खेल मैदान में खेल प्रतियोगिता आयोजित की जाएगी। जिला स्तरीय खेल प्रतियोगिता का आयोजन 20-21 नवम्बर को विकास नगर स्टेडियम, खेलो इंडिया सेंटर बड़े कनेरा एवं टाउनहॉल कोंड़ागांव मुख्यालय में किया जाएगा। जिला दंतेवाड़ा के अंतर्गत विकासखण्ड दंतेवाड़ा में 08 से 13 नवम्बर तक शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय दंतेवाड़ा ग्राउंड, विकासखण्ड गीदम में 08 से 13 नवम्बर तक जावंगा खेल मैदान, विकासखण्ड कुआकोण्डा में 08 से 13 नवम्बर तक हितावारा खेल मैदान कुआकोण्डा और विकासखण्ड कटेकल्याण में 08 से 13 नवम्बर तक गाटम एवं परचेली खेल मैदान में आयोजित की जाएगी।

# मुख्यालय दंतेवाड़ा के मंदिर परिसर में गरिमापूर्ण एवं परंपरागत तरीके से हुआ शुभारंभ

## विकास की ओर अग्रसर जिले को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाना हमारा लक्ष्य : विधायक

पायनियर संवाददाता ◄ दंतेवाड़ा
www.dailypioneer.com

छत्तीसगढ़ राज्य स्थापना दिवस, (राज्योत्सव-2024) राज्योत्सव का शुभारंभ के क्षेत्र विधायक चैतराम अटामी सहित अन्य जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति में किया गया। इस दौरान अटामी ने कार्यक्रम स्थल मेढ़का डोबर माँ दंतेश्वरी मंदिर के प्रांगण में मां दंतेश्वरी की पूजा अर्चना कर इसकी परंपरागत शुरुआत किया। अटामी ने इस मौके पर कहा कि हम सभी जानते है कि आज के ही दिन इस हमारे छत्तीसगढ़ को राज्य का स्वरूप देना तत्कालीन प्रधानमंत्री माननीय स्वर्गीय अटल बिहारी बाजपेई जी की ही देन है। आज हम छत्तीसगढ़ में गौरव के साथ कहे सकते है कि हमारा राज्य छत्तीसगढ़ है। जिस तरह से छत्तीसगढ़ राज्य में विकास की नई परंपराओं की शुरूआत और उनका सफ्ल क्रियान्वयन हुआ है, उसी तरह दंतेवाड़ा जिला भी विकास की राह पर सतत अग्रसर है। इसके साथ ही उन्होंने जिले में शिक्षा और कृषि के क्षेत्र में हो रही उत्तरोत्तर प्रगति के विषय में ज्रिक करते हुए कहा कि जिस प्रकार राज्य बनने के उपरांत छत्तीसगढ़ में मजबूती आ रही है उसी प्रकार इसकी झलक दंतेवाड़ा जैसे दूरस्थ जिलों में भी दिखाई देने लगी है। राज्य सरकार की विकास योजनाओं का सकारात्मक परिणाम दक्षिण बस्तर में दिखने लगा है। कृषि, शिक्षा, स्वास्थ्य, सिंचाई एवं अन्य क्षेत्र में जिले की सकारात्मक पहचान बन रही है। प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत गरीब परिवारों के लिए आवास की सुविधा भी दी जा रही है। एजुकेशन सिटी जावंगा में विद्यार्थियों द्वारा जो उपलब्धि हासिल की जा रही उसे पूरे देश में जिले का नाम रौशन हुआ है इसके अलावा कृषि क्षेत्र में बात की जाए तो जैविक कृषि में भी स्थानीय कृषकों ने नये मुकाम अर्जित की है। इसके साथ ही उन्होंने उपस्थितों को राज्य स्थापना दिवस की शुभकामनाएं दी। इस दौरान आयोजन में कलेक्टर मयंक चतुर्वेदी द्वारा स्वागत प्रतिवेदन में जिलेवासियों को राज्योत्सव की बधाई देते हुए कहा गया कि 01 नवंबर सन 2000 को छत्तीसगढ़ राज्य के रूप में अस्तित्व में आया और ये प्रक्रिया छत्तीसगढ़ राज्य के लिए विशेष रूप अहम रही है।

# केलो परियोजना के लिए वित्त विभाग से 292 करोड़ रुपए की अतिरिक्त स्वीकृति

पायनियर संवाददाता ◄ रायगढ़
www.dailypioneer.com

जिले की बुहप्रतीक्षित केलो सिंचाई परियोजना के लिए वित्त विभाग ने 292 करोड़ रुपए की अतिरिक्त स्वीकृति प्रदान की है। योजना की लागत बढ़कर 1182 करोड़ 90 लाख हो गई है। योजना के पूरा होने से 164 गांव के किसान लाभान्वित होंगे और 21 हजार हेक्टेयर से अधिक क्षेत्र को सिंचाई के लिए पानी मिलेगा। वित्त मंत्री और रायगढ़ के विधायक की पहल पर केलो परियोजना का काम तेजी से हो रहा है। मार्च 2019 में इस परियोजना के लिए 891.01 करोड़ रुपये की पहली पुनरीक्षित प्रशासकीय स्वीकृति दी गई थी, लेकिन भू-अर्जन की मात्रा व दरों एंव निर्माण कार्य के लिए संबंधित श्रेणी में वृद्धि के कारण परियोजना की लागत में लगभग 292 करोड़ रुपये की बढ़ोतरी हुई है।

## जिले में बंधक श्रम सर्तकता समिति गठित

**दुर्ग।** कलेक्टर ऋचा प्रकाश चौधरी ने बंधक श्रम पद्धति अधिनियम 1976 की धारा 13 (1) के अंतर्गत बंधक श्रमिक सतर्कता समिति का गठन किया है। जिसमें अपर कलेक्टर अध्यक्ष एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत दुर्ग, उपसंचालक पंचायत दुर्ग, उपसंचालक समाज कल्याण दुर्ग, सहायक आयुक्त आदिवासी विकास दुर्ग, सहायक संचालक जनसंपर्क दुर्ग एवं जिला रोजगार अधिकारी दुर्ग सदस्य नियुक्त किए गए हैं। इसी प्रकार अनुसूचित जाति अनुसूचित जनजाति से हर प्रसाद आडिल, संतोष मारकण्डेय, संतलाल कोडप्पा, सामाजिक कार्यकर्ता नीतू श्रीवास्तव एवं प्रीति खरे, ग्रामीण विकास विभाग से अजीत चंद्राकर, सुनीता वर्मा एवं दिव्या साहू।

# पूर्व मुख्यमंत्री और दुर्ग सांसद के प्रतिनिधियों ने किया सामाजिक और सामुदायिक भवन का लोकार्पण



पायनियर संवाददाता ◄ अमलेश्वर
www.dailypioneer.com

पाटन विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत आने वाले ग्राम पंचायत पाहंदा (अ) में 04 नवंबर को साहू समाज, सतनामी समाज सहित धनकर समाज के सामुदायिक सहित 10 सार्वजनिक सर्व सुविधा युक्त भवन का लोकार्पण पूर्व मुख्यमंत्री के प्रतिनिधि और दुर्ग लोकसभा के सांसद के प्रतिनिधियों के द्वारा किया गया। साथ ही मितानिन और आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं का सम्मान भी किया गया। आपको बता दें कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि रूप में जिला पंचायत सभापति मोनू साहू, जिला पंचायत सदस्य हर्षा लोकमनी चंद्राकर रहे। विशेष अतिथि के रूप में मंडल अध्यक्ष लोकमनी चंद्राकर, अन्य पिछड़ा वर्ग के ब्लॉक अध्यक्ष संजय यदु सतनामी समाज के अध्यक्ष राजकुमार बघेल,साहू समाज के अध्यक्ष,धनकर समाज के अध्यक्ष, अनिल सरसिहा भरत वर्मा सहित अन्य लोग रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता जनपद सदस्य रेवती दयानंद सोनकर ने किया। कार्यक्रम का संचालन ग्राम पंचायत के सरपंच मोहन साहू ने किया। अभार प्रकट उपसरपंच सुरेंद्र साहू ने किया। अतिथियों का शाल श्रीफल सहित प्रतीक चिन्ह भेंट कर सम्मान किया गया। इस अवसर पर ग्राम पंचायत के पंच गण महेंद्र पटेल, राजेश वर्मा, ममता वर्मा, पार्वती साहू ,परमेश्वर यदु ,राजू लाल साहू, शीसुपाल साहू, राकेश साहू, रेवती बघेल, शिवचरण, मीरा साहू, मनीष कुमार साहू, डिगेश्वरी साहू, मीनासाहू, बल्ला साहू , नारायणी साहू, सविता साहू, लता साहू, आरती साहू सहित बड़ी संख्या में ग्रामवासी उपस्थित रहे।

# स्वर्गीय पति की सेवानिवृत्त पश्चात अंतिम भुगतान एवं पेंशन प्रदाय करने जनदर्शन में लगाई गुहार

- मोर मकान मोर आवास योजना के अंतर्गत मकान का स्वामित्व दिलाने दिया आवेदन

पायनियर संवाददाता ◄ दुर्ग
www.dailypioneer.com




कलेक्टर ऋचा प्रकाश चौधरी के निर्देशन में एडीएम अरविंद एक्का, अपर कलेक्टर विरेन्द्र सिंह एवं संयुक्त कलेक्टर लता उर्वशा ने जनदर्शन में बड़ी संख्या में पहुंचे लोगों से मुलाकात कर उनकी समस्याएं सुनी। उन्होंने जनदर्शन में पहुंचे सभी लोगों की समस्याओं को गंभीरता से सुना और समुचित समाधान एवं निराकरण करने संबंधित विभागों को शीघ्र कार्यवाही कर आवश्यक पहल करने को कहा। जनदर्शन में आज 40 आवेदन प्राप्त हुए। जुनवानी निवासी ने अपने स्वर्गीय पति की सेवानिवृत्त पश्चात अंतिम भुगतान एवं पेंशन की राशि प्रदान करने आवेदन दी। उन्होंने बताया कि उनके पति नगर पालिक निगम भिलाई में फिल्ड वर्कर के पद पर जोन-01 नेहरू नगर में कार्यरत थे। सेवानिवृत्त के पश्चात निगम द्वारा किसी भी प्रकार का अंतिम भुगतान व पेंशन प्रदान नही किया गया है। इस संबंध में निगम में आवेदन भी दिया गया है। पति की मृत्यु के पश्चात आश्रितों को आर्थिक तंगी का सामना करना पड़ रहा है। इस पर एडीएम ने नगर निगम भिलाई आयुक्त को आवश्यक कार्यवाही करने को कहा। तमेर पारा दुर्ग निवासी ने मोर मकान मोर आवास योजना के अंतर्गत मकान का स्वामित्व दिलाने आवेदन दिया। उन्होंने बताया कि वह परित्यक्ता है। वह वर्तमान में अपने मां एवं भाई के साथ निज आवास में निवास कर रही है। प्रधानमंत्री आवास योजना में नाम पात्र सूची में दर्ज है। उक्त मकान हेतु निर्धारित राशि में जमा की जा चुकी है, किंतु आज दिनांक तक मकान हस्तांतरित नही किया गया है। इस पर एडीएम ने नगर निगम दुर्ग आयुक्त को तत्काल कार्यवाही करते हुए मकान हस्तांतरित करने के निर्देश दिए। ग्राम नगपुरा निवासी ने जल जीवन मिशन के तहत पाईप लाईन बिछाने आवेदन दिया। उन्होंने बताया कि ग्राम नगपुरा में बाजार चौक से रावणभाठा चौक तक पानी की पाईप लाईन बिछाई नही गई है, जिसके कारण ग्रामवासियों को पानी के लिए समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। इस पर एडीएम ने लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग को निरीक्षण कर आवश्यक कार्यवाही करने को कहा। ग्राम मेडेसरा अहिवारा निवासियों ने कृषि भूमि में जाने हेतु रास्ता प्रदान करने आवेदन दिया। उन्होंने बताया कि अपने स्वामित्व की कृषि भूमि पर कार्य कर अपने परिवार का पालन पोषण करते हैं, किंतु वर्तमान में कृषि भूमि से लगी कच्ची सड़क है जिसको अन्य भूमि स्वामी द्वारा अतिक्रमण कर घेर लिया गया है, जिसकी वजह से कृषकों को आने जाने में काफी कठिनाईयों का सामना करना पड़ रहा है। साथ ही उन्हें कृषि कार्य भी करने नहीं दिया जा रहा है। इस पर अपर कलेक्टर ने तहसीलदार अहिवारा को आवश्यक कार्यवाही करने को कहा।

# कार्यभार संभालते ही आयुक्त सुमित अग्रवाल ने विभिन्न छठ घाटों में चल रहे विशेष सफाई अभियान का किया निरीक्षण

## आयुक्त ने विशेष सफाई अभियान में गति लाने के दिए निर्देश

पायनियर संवाददाता ◄ दुर्ग
www.dailypioneer.com



नगर पालिक निगम सीमा क्षेत्र अंतर्गत कार्यभार संभालते ही आयुक्त सुमित अग्रवाल ने स्वास्थ्य अधिकारी धर्मेन्द्र मिश्रा, शोएब अहमद, एमएमयू कुणाल, राहुल व टीम के साथ वार्ड 21 पुजारी तलाब साफसफाई व्यवस्था सहित छठ पूजा से पहले तालाबो की साफ सफाई की स्थिति का निरीक्षण किया। उन्होंने साफ सफाई व्यवस्था बेहतर करने के लिए निर्देश दिये और नागरिको से अपील की वे तालाबो को साफ रखने में निगम की मदद करें। तालाबो में पूजन सामग्री विसर्जित न करें। उन्होंने निरीक्षण के मौके पर बोले कि छठ महापर्व के दौरान एक स्वच्छ एवं साफ़ वातावरण में श्रद्धालु पूजा करने को मिले।नगर निगम स्वास्थ्य विभाग पूरी टीम मुस्तैदी के साथ कार्यो का निष्पादन करे।सभी अपने-अपने संबंधित जोन में सफाई अभियान को प्राथमिकता के साथ मॉनिटिंग करे।आयुक्त बोले अगले 24 घंटों के भीतर सभी चिन्हित छठ तालाबो की संपूर्ण सफाई सुनिश्चित करें।नये आयुक्त सुमित अग्रवाल ने कहा कि छठ महापर्व के दौरान छठ व्रतियों के साथ-साथ लाखों श्रद्धालु छठ घाटों पर भगवान भास्कर को अर्घ्य देने के लिए जुटते हैं। इसके लिए निगम स्तर से साफ-सफाई व्यवस्थाओं की तैयारियां की जा रही है। निरीक्षण के दौरान मौके पर स्वास्थ्य अधिकारी ने बताया कि साफ-सफाई की दृष्टिकोण से सभी चिन्हित छठ तालाबो और उसके सभी संपर्क पथों पर विशेष सफाई अभियान दीपावली के पूर्व से ही चलाई जा रही है, जिसमे अतिरिक्त सफाई कर्मी भी लगाए गए है। सुबह आयुक्त सुमित अग्रवाल ने बटालियन वार्ड क्रमांक 60 ओवरब्रिज के करीब एसएलआरएम में डोर टू डोर कचरा संग्रहण की जानकारी रिपोर्ट मांगी उन्होंने निरीक्षण के दौरान रजिस्टर की जांच की निरीक्षण के दौरान आयुक्त सुमित अग्रवाल को स्वास्थ्य अधिकारी ने जानकारी बताया कि एसएलआरएम सेंटर में एकत्रित कर कचरों का पृथकीकरण के बाद सूखे कचरे से प्राप्त पॉलीथीन को बेलिंग मशीन से बंडल बनाकर निष्पादन हेतु भेजा जा रहा है। इसी तरह गीले कचरो का पृथकीकरण के बाद एसएल आरएम सेंटर में सोनहा खाद बनाया जा रहा है। इसे खाद के रूप में प्रयोग किया जा रहा है। बता दे कि इस कार्य में तेजी आने के बाद अब निगम क्षेत्र में पॉलीथीन के कचरों का ढेर भी अब नजर नहीं आता। गौरतलब है कि निगम प्रशासन द्वारा संचालित एसएलआरएम सेंटर में संपूर्ण निगम क्षेत्र से भारी मात्रा में निकलने वाले कचरे को वहां एकत्रित करने के बाद सभी तरह के गीले एवं सूखे कचरे को अलग अलग किया जाता है।आयुक्त ने कचरा सेग्रीकेशन कार्य की पूरी जानकारी, कर्मचारियों की संख्या और उनकी उपस्थिति तथा कार्य का निरीक्षण किया।

# ग्रामीण क्षेत्र के युवक-युवतियों को दी जा रही है नि:शुल्क आवासीय प्रशिक्षण

**दुर्ग।** बैंक ऑफ बड़ौदा ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान दुर्ग भारत सरकार द्वारा संचालित एक प्रशिक्षण संस्थान है, जो ग्रामीण क्षेत्रों में आत्मनिर्भरता के लक्ष्य को प्राप्त करने के उद्देश्यों को पूरा करने के लिए विभिन्न प्रशिक्षण कार्यक्रम प्रदान करता है। इसी उद्देश्य की प्राप्ति हेतु संस्थान द्वारा दुर्ग, बालोद एवं बेमेतरा जिले के ग्रामीण क्षेत्र के युवक-युवतियों को नि:शुल्क आवासीय (भोजन व्यवस्था के साथ) प्रशिक्षण दिया जा रहा है। प्रशिक्षण हेतु आवश्यक दस्तावेज आधार कार्ड, राशन कार्ड, नरेगा जॉब कार्ड, पासपोर्ट फोटो, मार्कशीट की छायाप्रति लाना अनिवार्य होगा। ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान का मुख्य उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों के बेरोजगार युवक-युवतियों को नि:शुल्क आवासीय प्रशिक्षण प्रदान कर रोजगार विकास को सुगम बनाना है। ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान द्वारा प्रदान किए जाने वाले प्रशिक्षण कार्यक्रम आत्म उत्पादकता, सशक्तिकरण, कौशल विकास, उद्यमिता, बैंकिंग और वित्तीय सेवाओं के बारे में शिक्षण प्रदान करते हैं। ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान द्वारा प्रदान किए जाने वाले प्रशिक्षण कार्यक्रमों के माध्यम से ग्रामीण क्षेत्रों में आत्मनिर्भरता को बढ़ाने में मदद मिलती है। निदेशक बैंक ऑफ बड़ौदा ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान से प्राप्त जानकारी अनुसार 4 नवम्बर से महिला टेलर (30 दिन), 25 नवम्बर से टू व्हीलर रिपेयरिंग प्रशिक्षण (30 दिन), 25 नवम्बर को वाहन चालक(ड्राईवर) प्रशिक्षण (30 दिन) दिया जाएगा।


**कार्यालय कलेक्टर, कबीरधाम**
**(आदिम जाति तथा अनुसूचित जाति विकास विभाग)**
ई-मेल - actd.kabeerdham@nic.in

क्रमांक 2671/EMRS/ आजाक/2024-25 कबीरधाम, दिनांक 29/10/2024

**// निविदा निरस्तीकरण सूचना //**

कार्यालयीन ज्ञापन क्र./1331/EMRS/आजाक/2024-25 कबीरधाम दिनांक 02.08.2024 के द्वारा एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय तरेगांव जंगल वि.खं. बोड़ला जिला कबीरधाम के संचालन हेतु सत्र 2024-25 हेतु पंजीकृत फर्मो/आपूर्तिकर्ताओं से खाद्य सामग्री, सब्जी, फल मांसाहारी सामग्री, दैनिक उपयोग सामग्री, हेयर कटिंग, प्रदाय करने हेतु मुहर बंद निविदाएं दिनांक 23.08.2024 दोपहर 02.00 बजे तक आमंत्रित की गयी थी।

अतएव उक्त निविदा को अपरिहार्य कारणों से निरस्त की जाती है।

सहायक आयुक्त
आदिवासी विकास कबीरधाम

G-242503580/3



**न्यायालय कलेक्टर, दुर्ग जिला-दुर्ग ( छत्तीसगढ़ )**
**व्यक्तिगत उपस्थिति समन**

रा. प्र. क्र. 163/ब-121/वर्ष 2023-24

प्राधिकृत अधिकारी, आवास फाईनेंस लिमिटेड,
शाखा-बी-1, दूसरी मंजिल, नागदेव प्लाजा कचहरी चौक
पंजाब पैलेस होटल के सामने, रायपुर तह. व जिला रायपुर (छ.ग.) ..................वादी

प्रेषिती
1. श्री पेन्टा नरेश कुमार करी आ. श्री गंगा राजू करी
2. श्रीमती गरिमा राव पति श्री पेन्टा नरेश कुमार करी
दोनों निवासी-मकान नं.-8ए, सड़क-22, सेक्टर-01, दुर्ग
तहसील व जिला दुर्ग (छ.ग.) ..................अनावेदकगण

उपरोक्त वादी द्वारा इस न्यायालय में वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्गठन और प्रतिभूतिहित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 की धारा 14 के अन्तर्गत अनावेदकों द्वारा आवेदक बैंक से गृह ऋण की सुरक्षा हेतु बैंक के पक्ष में रखी गई बंधक संपत्ति-भूमि ख0नं0 2138/33 क्षेत्रफल 1710 वर्गफीट, प्लाट न-के/03 जो मौजा-ग्राम कोहका , प0ह0नं0 -14/19, वार्ड नं.- 08, रानी अवंती बाई कोहका तहसील व जिला दुर्ग में स्थित है, को बकाया राशि की अदायगी नहीं करने के कारण रिक्त भौतिक आधिपत्य में प्राप्त करने हेतु प्रस्तुत आवेदन पत्र पर प्रकरण संस्थित कर प्राकृतिक न्याय सिद्धांत के अन्तर्गत अनावेदक को समक्ष सुनवाई किये जाने हेतु रजिस्टर्ड नोटिस जारी कर आहूत किया गया था। जारी नोटिस अदम तामिल वापस प्राप्त।

चुंकि अनावेदकों को प्रकरण में समक्ष सुनवाई का युक्तियुक्त अवसर प्रदान किया जाना है। अतएव इस समन के जरिये अनावेदकों को आदेश दिया जाता है कि आप इस मामले की आगामी पेशी दिनांक 18/11/2024 को कलेक्टर, दुर्ग के न्यायालय में व्यक्तिगत रूप से अनिवार्यतः उपस्थित होकर अपना पक्ष प्रस्तुत करें। यदि आप निर्धारित सुनवाई तिथि को अनुपस्थित पाये गये तो मामले की सुनवाई आपकी गैरहाजिरी में की जाकर आपके विरूद्ध एकपक्षीय कार्यवाही की जावेगी।
(कलेक्टर महोदय द्वारा आदेशित)

डिप्टी कलेक्टर
वास्ते-कलेक्टर, दुर्ग
दिनांक 04/11/ 2024



**कार्यालय, कार्यपालन अभियंता ग्रामीण यांत्रिकी सेवा, संभाग कवर्धा, जिला-कबीरधाम (छ.ग.)**

**// सामग्री निविदा आमंत्रण सूचना क्र.03 (तृतीय आमंत्रण) //**

क्रमांक 2604/तक./निविदा/ग्रायांसेवा/2024 कबीरधाम, दिनांक 04/11/2024

छत्तीसगढ़ के राज्यपाल के ओर से ठेकेदारों/प्रदायकर्ता/प्रतिष्ठानों/सामग्री निर्माताओं एवं अधिकृत विक्रेताओं जिनका पंजीयन वाणिज्यकर विभाग/जी.एस.टी. छत्तीसगढ़ में हो मनरेगा अंतर्गत निम्न भवन निर्माण हेतु सामग्री, की निविदा फार्म ''सी'' में पंजीकृत डाक/स्पीड पोस्ट के माध्यम से दिनांक 12-11-2024 शाम 5:30 बजे तक आमंत्रित की जाती है। निविदा दिनांक 14.11.2024 को समय 12:00 बजे से खोली जावेगी। आवश्यक सामग्रियों का विवरण तथा निविदा की सामान्य शर्ते व अन्य जानकारी विभागीय वेबसाईट http://cg.nic.in/resworks में दिनांक 06.11.2024 से देखी जा सकती है।

| क्र. | कार्य का नाम एवं ग्राम | अनुमानित लागत (लाख में) |
|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 |
| 1 | मिनी स्टेडियम निर्माण (भाग-2) ग्राम चिल्फी ग्राम पंचायत चिल्फी विकासखण्ड बोड़ला | 13.70 लाख |

कार्यपालन अभियंता
ग्रामीण यांत्रिकी सेवा, संभाग कवर्धा
जिला-कबीरधाम (छ.ग.)

G-242503593/2

## संपादकीय

### बांग्लादेश में विरोध मानवाधिकारों का हनन

**बांग्लादेश** में हजारों अल्पसंख्यक हिंदू शुक्रवार को सड़कों पर उतरे और हाल ही में राजनीतिक उथल-पुथल के बाद चल रही हिंसा और उत्पीड़न से तत्काल सुरक्षा की मांग की। मुख्य रूप से दक्षिण-पूर्वी शहर चटगाँव में आयोजित विरोध प्रदर्शनों में लगभग 30,000 हिंदू न्याय और सुरक्षा के लिए नारे लगाते हुए एकत्र हुए। प्रदर्शनों पर पुलिस और सैन्य कर्मियों द्वारा कड़ी निगरानी रखी गई थी, क्योंकि हिंदू समुदाय के नेताओं ने अंतरिम सरकार से उनके समुदाय पर बढ़ते हमलों के बीच हस्तक्षेप करने का आग्रह किया था। विरोध प्रदर्शन हिंदू अल्पसंख्यक के खिलाफ कथित हमलों की एक श्रृंखला के बाद हुए हैं, जो अगस्त में प्रधान मंत्री शेख हसीना की धर्मनिरपेक्ष सरकार को उखाड़ फेंकने के बाद से विशेष रूप से असुरक्षित हैं। हसीना के जाने के बाद, नोबेल पुरस्कार विजेता मुहम्मद यूनुस को एक अंतरिम सरकार का नेतृत्व करने के लिए नियुक्त किया गया था, जिसे व्यवस्था बनाए रखने और अल्पसंख्यक समूहों की रक्षा करने में अपनी कथित अक्षमता के लिए आलोचना का सामना करना पड़ा है। प्रभावशाली बांग्लादेश हिंदू बौद्ध ईसाई एकता परिषद का दावा है कि अगस्त से हिंदुओं पर 2,000 से अधिक हमले हुए हैं, यह अवधि कट्टरपंथी इस्लामवादी समूहों द्वारा बढ़ती हिंसा की विशेषता है। बांग्लादेश की लगभग 170 मिलियन की आबादी में हिंदू लगभग 8 प्रतिशत हैं, जबकि मुस्लिम बहुसंख्यक लगभग 91 प्रतिशत हैं।



महत्वपूर्ण अल्पसंख्यक होने के बावजूद, हिंदू समुदायों का कहना है कि उन्हें अपर्याप्त रूप से संरक्षित किया जाता है और अक्सर राजनीतिक और सामाजिक अस्थिरता के बीच उन्हें निशाना बनाया जाता है। अशांति ने अन्य समूहों को भी प्रभावित किया है; रिपोर्ट बताती हैं कि हसीना की अवामी लीग पार्टी और उसकी सहयोगी जातीय पार्टी के समर्थकों को भी हिंसा का सामना करना पड़ा है। हिंसा में हाल ही में हुई वृद्धि ने अंतरराष्ट्रीय चिंता को जन्म दिया है। संयुक्त राष्ट्र मानवाधिकार अधिकारियों ने, वैश्विक वकालत समूहों के साथ, अंतरिम सरकार के तहत बांग्लादेश में मानवाधिकारों की स्थिति पर चिंता व्यक्त की है। भारतीय प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी ने हमलों पर चिंता व्यक्त की, जबकि अमेरिकी राष्ट्रपति जो बिडेन के प्रशासन ने घोषणा की कि वह स्थिति पर बारीकी से नज़र रख रहा है। कोरस में अपनी आवाज़ मिलाते हुए, पूर्व अमेरिकी राष्ट्रपति और वर्तमान राष्ट्रपति पद के उम्मीदवार डोनाल्ड ट्रम्प ने हिंदुओं, ईसाइयों और अन्य अल्पसंख्यकों को निशाना बनाकर की गई फ्रबर्बर हिंसाफ्र की निंदा की, और बांग्लादेश को फ्रपूरी तरह से अराजकता की स्थितिफ्र में बताया। अगस्त से ही रैली कर रहे हिंदू कार्यकर्ता सरकार पर आठ प्रमुख मांगों की सूची के साथ दबाव बना रहे हैं, जिसमें अल्पसंख्यक सुरक्षा कानून की स्थापना, अल्पसंख्यक मामलों के लिए एक समर्पित मंत्रालय का निर्माण और अल्पसंख्यकों के खिलाफ हिंसा की घटनाओं को संबोधित करने और उन पर मुकदमा चलाने के लिए एक विशेष न्यायाधिकरण शामिल है। चटगाँव में शुक्रवार के विरोध प्रदर्शन को आंशिक रूप से 19 हिंदू समुदाय के नेताओं के खिलाफ हाल ही में दर्ज किए गए देशद्रोह के आरोपों से बढ़ावा मिला। जैसा कि बांग्लादेश राजनीतिक और धार्मिक तनावों से जूझ रहा है, अल्पसंख्यक समुदाय अभी भी तनाव में हैं। बढ़ते अंतरराष्ट्रीय ध्यान और सुरक्षा और न्याय के लिए बढ़ती घरेलू मांगों के साथ, अंतरिम सरकार को शांति बहाल करनी चाहिए और अपने अल्पसंख्यक समूहों के अधिकारों और सुरक्षा को संबोधित करना चाहिए, अन्यथा अराजकता और अंततः गृहयुद्ध में डूबने का स्पष्ट खतरा है।

# सनातन, कश्मीर एवं अनुच्छेद 370

**कश्मीर में लोकतंत्र को बहाल करने की प्रक्रिया में होने वाले जेहादी आतंकवाद की घटनाओं ने सनातन संस्कृति को अप्रभावित किया है।**



**विकास नौटियाल**
(लेखक, इतिहास के प्रोफेसर हैं)



भू सांस्कृतिक दृष्टि से जम्मू एवं कश्मीर भारत की सनातन परंपरा की अविभाज्य अंग रहा है। स्वतंत्र भारत के संविधान के अंतर्गत इसे भारत का एक अभिन्न अंग मानते हुए अनुच्छेद 370 में विशेष दर्जा दिया गया। दूसरी ओर स्वतंत्रता प्राप्ति के उपरांत कश्मीर की पृथक संविधान सभा द्वारा भी जम्मू कश्मीर को भारत का अभिन्न अंग माना गया। नीलमती पुराण, राजतरंगिणी, पुरातात्विक एवं अन्य ऐतिहासिक साक्ष्य कश्मीर में प्राचीन काल से सनातन संस्कृति की समृद्धि को पुष्ट करते हैं। भारतीय धर्म ग्रंथो में कश्मीर को ऋषि कश्यप एवं मां शारदा की भूमि बताया गया है। आज से 2000 वर्ष पूर्व तक कश्मीर में बौद्ध संस्कृति का भी व्यापक प्रचार प्रसार हो चुका था । इसी पृष्ठभूमि में वर्तमान समय के आठ देशों में शासन करने वाले कुषाण शासक कनिष्क के काल में राजधानी श्रीनगर के निकट कुंडलवन में चतुर्थ बौद्ध संगीति का आयोजन किया गया।

इस क्षेत्र में इस्लाम की प्रवेश तक सनातन की परंपरा जिस प्रकार समृद्ध हुई उसके सघन एवं व्यापक अवशेषों निरंतरता के रूप में कश्मीर के इस्लामी शासन के दौरान भी इस्लामी अंतः क्रिया के साथ देखे जा सकते हैं। तेहरवीं शताब्दी में इस्लाम के प्रसार की प्रक्रिया में जबरन धर्मांतरण के साथ-साथ सनातन धर्म के प्रतीकों को मिटाने का निरंतर कार्य किया गया। मुस्लिम शासको के शासन के बावजूद यहां कश्मीरी पंडित एवं सनातन संस्कृति का महत्व बना रहा यद्यपि जैनुलाब्दीन बडशाह जैसे शासकों ने सनातन संस्कृति की निरंतरता को बनाए रखने में अपना विशिष्ट योगदान भी दिया। इस्लामी संस्कृति के प्रसार के साथ-साथ गुरु नानक, गुरु हरगोविंद की गुरु परंपरा के अंतर्गत श्रीनगर में गुरुद्वारा छठवीं पादशाही की स्थापना हुई। सनातन के प्रकाश पुंज नानक स्वयं अपनी उदासियों माध्यम से कश्मीर में अपने विचारों को प्रचारित करते चले गए। प्राचीन सनातन धर्म ग्रंथो के अनुसार शिव द्वारा माता पार्वती को अमरनाथ गुफा में ही अमरत्व के रहस्य की जानकारी दी गई थी। शिव से संबंधित अमरनाथ की यात्रा अत्यंत चुनौती पूर्ण होते हुए भी आज संपूर्ण भारत में लोकप्रिय है।

भू सांस्कृतिक रूप से पाकिस्तान भी भारत की सनातन संस्कृति का एक भाग था किंतु स्वतंत्रता आंदोलन तद्नतर 1947 में विभाजन एवं भयावह दंगों के उपरांत भारत-पाकिस्तान दोनों देशों के बीच विविध कारणों से गंभीर कटुता आने लगी। जिसकी चरम परिणति उत्तरोत्तर तीन युद्धों एवं विविध संघर्षों के रूप में हुई। भारत की स्वतंत्रता प्राप्ति के दौरान जम्मू कश्मीर पर नियंत्रण, अधिकारिक लूटपाट के लिए नवोदित पाकिस्तान सरकार एवं उनकी सेना द्वारा समर्थित पश्तून कबायली आक्रांताओं ने मुजफ्फराबाद, बारामूला होते हुए महाराजा हरि सिंह के राज्य कश्मीर पर आक्रमण कर दिया। इस आक्रमण में आक्रांता कबालियों के साथ पाकिस्तान सेना के अधिकारियों के अतिरिक्त ब्राउन जैसे ब्रिटिश अधिकारी भी सम्मिलित थे।

उस समय तक भारत के सर्वोच्च सेनापति भी स्वयं एक अंग्रेज अधिकारी अकिनलेक एवं पाकिस्तान में ग्रेसी ही थे। भू राजनीतिक एवं धार्मिक कारणों से पाकिस्तान जम्मू कश्मीर पर अपना नियंत्रण बनाना चाहता था जबकि दूसरी ओर अंग्रेज अधिकारी शीत युद्ध से उपजे अंतर्राष्ट्रीय शक्ति संतुलन, %डिवाइड एंड क्विट% पॉलिसी एवं भारत को कमजोर देश के रूप में बनाने की पृष्ठभूमि में जम्मू कश्मीर को पाकिस्तान में मिलाने के पक्षधर थे। इसी पृष्ठभूमि में भारत की संविधान सभा को अनुच्छेद 370 के विशेष प्रावधान के अंतर्गत जम्मू कश्मीर को भारतीय राजव्यवस्था का अंग बनाना पड़ा। 1947, 1965, 1971 के तृतीय पीढ़ी के युद्धों में असफल रहने के उपरांत पाकिस्तान ने चतुर्थ पीढ़ी के युद्ध के रूप में प्रॉक्सी वार की प्रक्रिया को कश्मीर के माध्यम से भारत के विरुद्ध प्रयुक्त किया। इसी के अंतर्गत पाकिस्तान स्थित उग्र इस्लामिस्ट संगठनों द्वारा जम्मू कश्मीर को आजादी के नाम पर जेहादी आतंकवाद का मैदान बनाकर भारत से पृथक करने का असफल प्रयास किया गया ।

इस प्रक्रिया में पिछले 3-4 दशकों में हजारों की संख्या में आम नागरिक एवं सुरक्षा बलों के सदस्य मारे गए। कश्मीर में जेहादी आतंकवाद से उत्पन्न चीत्कार को समाप्त करने एवं यहां शांति बनाए रखने के लिए भारत सरकार द्वारा समय-समय पर अनेक संवैधानिक एवं प्रशासनिक कदम उठाए गए। भारतीय जनता पार्टी अपने जन्म से ही कश्मीर की अनुच्छेद 370 के प्रावधान के विरुद्ध थी। पार्टी ने 2014 में अपने चुनावी घोषणा पत्र में इस अनुच्छेद को समाप्त करने का उल्लेख किया। तदंतर 2019 में दूसरी बार भारतीय जनता पार्टी की सरकार बनने के उपरांत भारत सरकार द्वारा संसदीय प्रक्रिया एवं संवैधानिक प्रावधानों के अंतर्गत 2019 में अनुच्छेद 370 के प्रावधानों को समाप्त कर भारत के संविधान के सभी संवैधानिक प्रावधान अन्य राज्यों के समान जम्मू कश्मीर पर लागू करते हुए जम्मू कश्मीर को पांडिचेरी के समान स्टेटस वाला केंद्र शासित प्रदेश एवं लद्दाख को सामान्य केंद्रशासित प्रदेश बना दिया गया।

जम्मू कश्मीर में प्राचीन सनातन संस्कृति की निरंतरता यहां के शंकराचार्य, ज्वाला देवी , खीर भवानी मंदिर, शिव का अवंतीस्वामी मंदिर,लादेव, ममलेश्वर मंदिर, भगवान विष्णु का आवास कहे जाने वाले नरस्तन मंदिर,पयार , मार्तंड जैसे मंदिरों एवं उनके खंडहरों में देखी जा सकती है इसकी अतिरिक्त यह निरंतर इसके प्राचीन काशी स्वरूप, शारदा पीठ, पंडित संस्कृति, धर्मांतरित निवासियों के नामकरण जैसे माध्यमों से समझी जा सकती है।

भारतीय सनातन परंपरा में वैदिक काल से ही देवी सरस्वती को महत्व दिया जाता रहा है इसी सरस्वती का एक रूप ज्ञान एवं शिक्षा की देवी शारदा के रूप में भी प्रतिष्ठित हुआ। देवी शारदा को कश्मीरपुरवासिनी भी कहा जाने लगा। कश्मीर के इस शारदा पीठ के नाम पर ही इस अंचल को शारदा देश भी कहा जाने लगा। नीलम घाटी में स्थित यह स्थान प्राचीन भारतीय संस्कृति में तक्षशिला, नालंदा, विक्रमशिला के समान सनातनियों , बौद्धों का एक महत्वपूर्ण शिक्षा तथा ज्ञान का केंद्र था। आठवीं शताब्दी में सनातन संस्कृति को भारत की विविध दिशाओं में प्रसारित करने वाले आदिगुरु शंकराचार्य द्वारा इसे एक महत्वपूर्ण शिक्षा के केंद्र के रूप में पुनरुद्धार किया गया। यहां भारतीय उपमहाद्वीप ही नहीं अपितु अफगानिस्तान तिब्बत इंडोनेशिया दक्षिण पूर्व एशिया के अंदर देश के विद्वान एवं शिक्षणार्थी आया करते थे। सातवीं शताब्दी में चीनी यात्री वहेनसांग के भी यहां 2 वर्ष का समय बिताने का उल्लेख आता है। तदंतर कल्हण, नीलमती पुराण, अलबरूनी, अबुल फजल जैसे विद्वान आज के पाकिस्तान द्वारा नियंत्रित कश्मीर में माता शारदा, माता नारदा के मंदिरों की स्पष्ट जानकारी देते हैं जहां पर प्राचीन भारत की तीर्थ परंपरा के रूप में तीर्थयात्रा किए जाने का उल्लेख आता है। धीरे-धीरे प्रत्येक कश्मीरी के लिए शारदा माता उसकी स्वयं की पहचान भी बन गयी। वर्तमान में स्वयं शारदा पीठ के मुस्लिम मूल निवासी भी इस मंदिर को शारदा माई का मंदिर के नाम से जानते हैं।

भारत-पाकिस्तान विभाजन के उपरांत स्वामी नंदलाल शारदा पीठ की मूर्तियों को बारामुला लेकर आए। पाकिस्तान मूल की पुरातत्वविद एवं विद्वान रुकसाना खान द्वारा इस मंदिर के विविध पक्षों का गहन विवेचन कर इसका संरक्षण किए जाने पर बल दिया गया है। देवी परंपरा का रूप जम्मू के वैष्णो देवी के मंदिर में संपूर्ण भारतवर्ष में लोकप्रियता के साथ देखा जा सकता है।

आज अंतरराष्ट्रीय कूटनीति की आवश्यकता है कि जिस प्रकार करतारपुर कॉरिडोर के माध्यम से सिखों को पाकिस्तान में तीर्थ यात्रा करने पाकिस्तान मुसलमान को अजमेर शरीफ एवं निजामुद्दीन औलिया की दरगाह में जियारत करने की सुविधा दी गई है इस प्रकार कश्मीर के नीलम घाटी क्षेत्र में स्थित शारदा पीठ की धार्मिक यात्रा करने की अनुमति भारत विशेष रूप से कश्मीर के हिंदुओं को मिलनी चाहिए। आज समय की मांग है कि %क्रॉस बॉर्डर टेररिज्म% के बजाय %क्रॉस बॉर्डर टूरिज्म% पर बल दिए जाने की आवश्यकता है।

# विचारों की बाढ़ और स्थिरता

> आधुनिक विज्ञान इस बात पर जोर देता है कि मन की गतिविधि में कोई अंतर नहीं है; चाहे आप किसी को थप्पड़ मारें या किसी को थप्पड़ मारने के बारे में सोचें। यह मस्तिष्क का लिम्बिक सिस्टम है।

**रवि वलूरी**
(लेखक, स्तम्भकार हैं)



**कुछ समय** पहले मैंने माइंड मैनेजमेंट पर एक लेख लिखा था और मुझे कई तरह के विचारों के निर्माण और लोगों द्वारा इस बात को स्वीकार करने के बारे में कुछ प्रश्न प्राप्त हुए थे कि मन शांत नहीं है। यह भयावह और परेशान करने वाला था कि विभिन्न आयु समूहों के कई लोग सभी प्रकार के नकारात्मक विचारों से ग्रस्त थे। लोग पूरे दिन और विशेष रूप से रात के समय उठने वाले विचारों से परेशान थे। सोते समय उठने वाले विचार हमारे साथ रहते हैं और हमारी चेतना में गहराई से समा जाते हैं और अगली सुबह हम फिर से उन्हीं विचारों से परेशान होते हैं और पंखुड़ियों पर ताजा ओस की तरह नहीं होते। अष्ट्रावक गीता कहती है कि सभी क्रियाएँ मन में रहती हैं और आधुनिक विज्ञान द्वारा इसकी पुष्टि की गई है। आधुनिक विज्ञान इस बात पर जोर देता है कि मन की गतिविधि में कोई अंतर नहीं है; चाहे आप किसी को थप्पड़ मारें या किसी को थप्पड़ मारने के बारे में सोचें। यह मस्तिष्क का लिम्बिक सिस्टम है, जहाँ मोटर नियंत्रण व्यक्त होता है। किसी को थप्पड़ मारने के बारे में सोचने मात्र से सभी मांसपेशियाँ सक्रिय हो जाती हैं जो उस विशिष्ट क्रिया को करने के लिए नियोजित होंगी। औसतन, हम एक दिन में 60 हज़ार विचारों से घिरे रहते हैं। और ऐसा लगता है कि हम उन पर कोई नियंत्रण नहीं रखते हैं।

ये विचार हमारे स्मृति बैंक (पिछले संस्कार और कर्म), हमारी संगति, पिछले और वर्तमान अनुभवों और हमारे द्वारा खाए जाने वाले भोजन के कारण उत्पन्न होते हैं। अष्टावक्र गीता के अनुसार, आत्मज्ञान तभी होता है जब हम अपने हृदय में रहते हैं। हृदय एक ऐसे मोड़ का पर्याय है जहाँ कोई अतीत या भविष्य नहीं है। केवल एक वर्तमान है। गुरुदेव श्री श्री रविशंकर कहते हैं कि वर्तमान क्षण अपरिहार्य है। और यह अवस्था ही सच्चा आत्मज्ञान है। कोई व्यक्ति वर्तमान क्षण की उस अवस्था तक कैसे पहुँच सकता है? कुछ तकनीकों पर विचार करने से पहले, आइए कुछ कहानियाँ देखें। दो बौद्ध भिक्षु साइकिल पर सवार होकर एक ज़ेन मास्टर से मिलने जा रहे थे। भिक्षु एक ने पेड़ों, बादलों, उसके गाल पर पड़ने वाली ठंडी हवा के झोंकों, पहाड़ों, सुंदर नीले आसमान, रास्ते में तोड़े गए फलों और ज़ेन मास्टर से मिलने से पहले उसके सामने आए गाँव के लोगों की संख्या का वर्णन किया। दूसरे भिक्षु ने बहुत घबराते हुए विनम्रतापूर्वक उत्तर दिया कि वह केवल ज़ेन मास्टर से मिलने के लिए साइकिल चला रहा था। तुरंत ही गुरु ने दूसरे भिक्षु को अगला ज़ेन गुरु घोषित कर दिया। क्यों? क्योंकि वह सिर्फ़ साइकिल चला रहा था! वह वर्तमान क्षण में था। एक और बौद्ध कहानी। दो बौद्ध भिक्षु घने जंगल से होकर यात्रा कर रहे थे। रास्ते में उन्हें एक नग्न महिला मिली। बड़े भिक्षु ने अपने कपड़े उतारे और नग्न महिला को कपड़े पहनाकर नदी पार ले गया और किनारे के दूसरी तरफ़ छोड़ दिया। छोटे भिक्षु को अपने वरिष्ठ भिक्षु के इस कृत्य से बहुत परेशानी हुई। वह वरिष्ठ भिक्षु को डांटता रहा, उसे शाब्दिक रूप से दोषी ठहराता रहा, जिसे वह अपवित्र कृत्य मानता था। बड़े भिक्षु ने बस मुस्कुराया और टिप्पणी की कि उसने महिला को नदी पार ले जाकर वहीं छोड़ दिया, जबकि दूसरा भिक्षु अभी भी महिला को अपने मन में लिए हुए था। प्राणायाम, सुदर्शन क्रिया, योग का अभ्यास करना, ज़ोरदार व्यायाम करना, शौक पूरा करना, चिंतन करना, प्रार्थना करना, प्रकृति का अवलोकन करना और सिर्फ़ एक दर्शक या साक्षी बनना भी साधक और परेशान मन वाले लोगों को वर्तमान क्षण में जीने में मदद करेगा। कन्फ्यूशियस कहते हैं, जीवन वास्तव में सरल है, लेकिन हम इसे जटिल बनाने पर ज़ोर देते हैं।



## आप की बात

### स्वागत योग्य निर्णय

**हमारे** देश में कृषि जीवन यापन का महत्वपूर्ण संसाधन है। मगर कृषि क्षेत्र में क्रांतिकारी परिवर्तनों व अति विकसित फसलों के बीज और अत्याधुनिक उपकरणों निर्मित होने के बाद देश के कृषकों तक यह नहीं पहुंच पाए हैं। क्योंकि उनके पास इनके बारे में एक तो उन्हें जानकारी नहीं है और दूसरे उनका उपयोग कैसे करें और धन की व्यवस्थाभी नहीं। अब माध्यमिक स्तर से ही कृषि शिक्षा प्राप्त छात्र अपने गांवो में ही अत्यधिक फसल देने उत्तम किस्म की फासले उगा सकेंगे साथ ही कृषि से जुड़े हुए छोटे उद्योग भी शुरू कर सकेंगे और देश में बड़ी संख्या में ग्रामीण रोजगार पैदा होंगे। उत्पादन में वृद्धि होने से यहां कृषकों को लाभ होगा। वही उत्पादन बढ़ने से हमें कृषि उत्पादन आयात नहीं करने पड़ेंगे। कई ग्रामीण छात्र जो शहरों में जाकर पढ़ाई नहीं कर सकते हैं। वह भी अपने क्षेत्र के स्कूलों में कृषि विषय उपलब्ध होने से पढ़ाई के साथ-साथ अपनी खेतों पर उनके प्रोजेक्ट भी लागू कर सकेंगे। कृषि विशेषज्ञों की कमी दूर होगी। और एक नई हरित क्रांति की शुरुआत होगी। सरकार से उम्मीद की जाती है कि वह इसी तरह के निर्णय लेकर सुधार की प्रक्रिया को आगे भी जारी रखेगी जिससे आने वाले समय में कृषि के प्रति लोगों की रुचि बढ़ेगी।

**- सुभाष बुड़ावनवाला**, रतलाम

### नेताओं पर हो कार्रवाई

**हमारा** संविधान और उसकी धाराएं इतनी सख्त हैं कि कोई भी अपराधी उससे बच नहीं सकता. किन्तु न जाने कैसे रसूखदारी उन्हें बचा लेती है. इससे उनमें और अधिक निडरता आ जाती और वे ज्यादा आपराधिक प्रवृत्ति के बनने लगे हैं. कानून तो सही है किन्तु उसके पालन करने/कराने में कहीं न कहीं तो किसी तरह की कमजोरी जरूर है तभी तो कतिपय नेता हो या नागरिक कहीं भी कभी भी महिलाओं व बच्चियों के साथ दुष्कर्म, अभद्रता, अश्लील हरकतें,अपशब्द किसी को भी बोलने/करने से नहीं डर रहे हैं. ऐसे कुछ वीडियो सोशल मीडिया पर पिछले दिनों आये हैं जिसमें नेता तक ने अभद्रता/अश्लीलता की हदें पार कर दीं. अपशब्दों का उपयोग तो वे एक-दूसरे पर ही नहीं बल्कि उच्च पदों पर आसीन मंत्रियों तक के लिए सार्वजानिक रूप कर देते हैं. सरकार और न्यायालयों को चाहिए कि वे भारतीय संविधान जो कि पुख्ता है उसका सख्ती से पालन करने/कराने हेतु सरकारी व्यवस्था को सुधारे। क्योंकि इसमें कानून का दोष नहीं है सही तरीके से उसका पालन करने/कराने वाली व्यवस्था अधिक दोषपूर्ण है. राष्ट्रीय राजनीतिक दलों को भी चाहिए कि उसका जो भी सदस्य अभद्रता/अश्लीलता का प्रदर्शन करता है उसपर राजनीति से ऊपर उठकर कठोर कार्रवाई खुद भी करे जिससे सामाजिक बुराइयां भी बढ़ सकती है।

**- शकुंतला महेश नेनावा**, इंदौर

### विमानों में सुरक्षा

दुबई से दिल्ली आने वाली फ्लाइट में कारतूस मिला। कैसे सिक्योरिटी की निगाह में नहीं आया, ये घटना 27 अक्टूबर की है इसके पहिले पिछले 16 दिनों में 500 बमों की धमकी मिली है जो जांच में अफवाह ही पाई गई है ।बम की धमकी देने वाले तीन आरोपी पकड़े गए है उन्होंने इसके करने के पीछे जो कारण बताए वो चौंकाने वाले है ,एक ने आतंकवाद पर किताब लिखी थी वो ऐसा करके सनसनी फैलाना चाहता था ,दूसरे ने फेमस होने के लिए ऐसा किया और तीसरे ने अपने दोस्त को फंसाने के लिए उसके मेल एड्रेस का दुरुपयोग किया लेकिन उनकी इन हरकतों से घरेलू और अंतरराष्ट्रीय उड़ानों में करीब 1400 से 1600 करोड़ का नुकसान हुआ है इसका खामियाजा कैसे वसूला जाएगा और यात्रियों को जो मानसिक पीड़ा ,समय की बरबादी हुई उसके लिए तो इन अपराधियों पर कठोर कारवाई होनी चाहिए ,कड़े कानून बना कर इन्हें हवाई सेवाओं का उपयोग लेने पर बेन लगाना चाहिए एवं उन्हें कठोरतम दंड मिलना चाहिए जिससे आगे कोई व्यक्ति ऐसा करने का दुस्साहस नहीं कर सके। पहले भी कई चिंताजनक घटनाएं हो चुकी हैं। लापरवाही से बड़ी संख्या में यात्रियों की जिंदगी खतरे में पड़ जाती है। जो चिंताजनक है।

**- भगवानदास छारिया**, इंदौर

### विफल अब्दुल्ला सरकार

**कश्मीर** घाटी में हमेशा हि जो नेशनल कांफ्रेंस पाकिस्तान से बातचीत करने का समर्थन लगातार करती रही थी आज इस राजनीतिक पार्टी के फारूक अब्दुल्ला एवं उमर अब्दुल्ला जब आज कश्मीर घाटी में स्वयं अपनी पार्टी की सत्ता आने पर अब उनकी सिटी-पिटी गुम हो गई है कारण आज उनकी पार्टी के सत्ता में आ जाने के बाद भी कश्मीर घाटी में आतंकी घटनाएं नहीं रूक रही है और बल्कि और अधिक बढ़ गई है कारण जब से उमर अब्दुल्ला की सरकार कश्मीर घाटी में सत्ता में आई है तब से अब तक चार बड़ी आतंकी घटनाएं कश्मीर घाटी में हो चुकी है जबकि ये अब्दुल्ला परिवार राष्ट्रपति शासन के दौरान हमेशा ही केंद्र की भाजपा सरकार को बदनाम करता रहता था एवं हमेशा ही पाकिस्तान पाकिस्तान की माला जपता रहता था यानी पाकिस्तानी आतंकी आज इस नई सरकार के आने के बाद भी नहीं रूक रहे हैं एवं अपना खूनी आतंकी खेल लगातार खेल रहे हैं अतः कहा जा सकता है कि सत्ता न रहने पर केंद्र सरकार को कोसना एक अलग बात है और सत्ता में आने के बाद सत्ता चलाना एक बड़ी टेढ़ी खीर है।

**मनमोहन राजावत**, शाजापुर

इस कॉलम में अपने विचार या प्रतिक्रिया भेजने के लिए हमारे ई-मेल pioneer.editorial@gmail.com पर भी भेज सकते है।

# छत्तीसगढ़ में हर आतंक और अपराध के पीछे कांग्रेस का ही खूनी पंजा है : नीलू शर्मा




पायनियर संवाददाता < बालोद
www.dailypioneer.com

कांग्रेस द्वारा प्रदेश में अशांति व अजारकता फैलाने से संबंधित जिला भाजपा ने मंगलवार को जिला भाजपा कार्यालय में प्रेस वार्ता का आयोजन किया। आयोजित उक्त प्रेस वार्ता में प्रदेश प्रवक्ता व बालोद जिला संगठन चुनाव अधिकारी नीलू शर्मा एवं जिला अध्यक्ष पवन साहू उपस्थित रहें। नीलू शर्मा ने कहां की आज जब हम प्रदेश का 25वां राज्योत्सव मना रहे हैं, वहां बड़े ही दुःख और चिंता के साथ कांग्रेस की कारगुजारियों को आपके बीच रखने की विवशता है। प्रदेश में जहां भी अपराध और तनाव जैसी स्थिति उत्पन्न हो रही है, उसकी जड़ में कांग्रेस है। हमारा यह स्पष्ट आरोप है कि कांग्रेस जान बूझकर छत्तीसगढ़ को आग में झोंकना चाहती है। इसलिए पहले खुद अपराध को अंजाम देती है, षड्यंत्र रचती है। फिर उस पर सरकार की घेरने में उसके बड़े नेता लग जाते हैं। उन्होंने कहा कि यह कांग्रेस की राष्ट्रीय स्तर पर तय हुई साज़िश के तहत हो रहा है कि समूचे देश-प्रदेश को अराजकता में धकेल दो, फिर चुनी हुई सरकारों को अस्थिर करो। भय और आतंक का वातावरण निर्माण करो। छत्तीसगढ़ में भी हर आतंक और अपराध के पीछे कांग्रेस का ही खूनी पंजा है। कांग्रेस लोकसभा चुनाव में मिली करारी हार और छत्तीसगढ़ समेत तमाम राज्यों में हुए सफ़ाये से अब जनता में प्रति बदले की भावना से भरी हुई है। वह समाज में अशांति फैलाने का काम कर रही है। इस दौरान पूर्व विधायक प्रीतम साहू, पूर्व जिला अध्यक्ष कृष्णकांत पवार, प्रदेश कार्य समिति सदस्य अभिषेक शुक्ला, जिला उपाध्यक्ष देवेंद्र जायसवाल, जिला महामंत्री राकेश छोटू यादव, जिला मिडिया प्रभारी कमल पनपालिया मौजूद रहे।

## विधायक देवेंद्र सहित सैकड़ों कांग्रेसी जेल में हैं बंद

उन्होंने कहा कि अभी दामाखेड़ा में कबीरपंथ ही नहीं समूचे प्रदेश के आस्था के केंद्र में हमला करने वाला भी कांग्रेस का सक्रिय कार्यकर्ता निकला है। इसका प्रमाण स्वयं प्रकाशमुनि साहब के फेसबुक के पोस्ट में है। प्रकाशमुनि साहेब ने अपने फेसबुक पोस्ट में इस बात का उल्लेख किया है कि इस घटना में भी अपराधी सरपंच पति कांग्रेस पार्टी का ही कार्यकर्ता है। प्रकाशमुनि साहब ने स्पष्ट यह आरोप लगाया है कि दामखेड़ा की घटना को राजनीतिक रंग दिया जा रहा है। कांग्रेस के इस कृत्य की जितनी भर्त्सना की जाय, कम है। उन्होंने कहा कि इसी तरह आपने देखा कि बलौदाबाजार में किस तरह योजनाबद्ध तरीके से कलेक्टर और एसपी कार्यालय जलाये गये। इस प्रकरण में कांग्रेस के विधायक देवेंद्र यादव के साथ-साथ सैकड़ों कांग्रेसी जेल में बंद हैं। महीनों बाद भी किसी अदालत ने इन्हें अगर जमानत देने लायक भी नहीं पाया है तो समझा जा सकता है कि इनके खिलाफसाक्ष्य कितने मजबूत हैं।

## कोयला, घोटाला, पीएससी और महादेव घोटाला के हैं आरोप

नीलू शर्मा ने वार्ता को संबोधित करते हुए कहा कि इसी तरह सूरजपुर में पुलिस अधिकारी की प ी और बच्चे की जघन्य हत्या करने वाला एनएसयूआई का ज़िला महासचिव था तथा एनएसयूआई का जिलाध्यक्ष भी इस घृणित कृत्य में ज़िम्मेदार था। इस घिनौने कृत्य पर भी कांग्रेस उल्टे चोर कोतवाल को डाँटे की तर्ज़ पर राजनीति कर रही थी। सवाल उठता है कि क्या ये अब अपनी गंदी राजनीति चमकाने के लिए नरसंहार आदि को भी प्रायोजित करने से बाज नहीं आ रहे हैं? यह प्रश्न निराधार तो नहीं लगता। अगर ऐसा है, जो कि लग रहा है तो साफकहा जा सकता है कि कांग्रेस अब एक गिरोह में बदल चुकी है। लोहारीडीह कांड में भी बार बार गाँव में अशांति फैलाने और दो समूहों को लड़वाने का काम कांग्रेस कर रही है। यदि उन्हें पता है कि दोषी और निर्दोष कौन है तो बता दे पुलिस को या पुलिस को जाँच करने दे। यही नहीं केशकाल में युवा कांग्रेस का ब्लॉक उपाध्यक्ष 500 रुपये के लाखों के नक़ली नोट के साथ पुलिस के गिरफ़्त में है। कांग्रेस के नेता और उनसे संबंधित अधिकारियों पर कोयला घोटाला, शराब घोटाला, पीएससी घोटाला, महादेव घोटाला आदि के आरोप हैं।

## किया जाएगा पुतला दहन

उन्होंने कहा की कांग्रेस की इन कृत्यों को छत्तीसगढ़ क़तई सहन नहीं करेगा। भाजपा की हमारी सरकार तो प्रदेश में हर क़ीमत पर शांति व्यवस्था बनाये रखने के लिए कटिबद्ध है ही, हमारा संगठन भी लोकतांत्रिक तरीक़े से कांग्रेस का मुक़ाबला करने तैयार है। भारतीय जनता युवा मोर्चा द्वारा कांग्रेस की आपराधिक कृत्य के विरोध में सभी ज़िला मुख्यालय में पुतला दहन किया जायेगा। कांग्रेस को स्पष्ट चेतावनी दी जा रही है कि वह अपने कृत्यों से बाज आये, अन्यथा उससे हर स्तर पर दो-दो हाथ करने भाजपा के कार्यकर्ता तैयार हैं। कांग्रेस को प्रदेश में अशांति, अराजकता और आतंक फैलाने और फिर उस आग पर अपना हाथ सेंकने की छूट हम बिल्कुल नहीं दे सकते। दामाखेड़ा की कबीरपंथ के आचार्य जी के निवास में हुए हमले की हम घोर भर्त्सना करते हैं और इसके पीछे के षड्यंत्र की पता लगा कर दोषियों को चाहाए वह कितना ही बड़ा कांग्रेसी क्यों न हो, सलाख़ों के पीछे भिजवाने बिना भाजपा चैन से नहीं बैठेगी।

# विधायक दीपेश साहू दामाखेड़ा में कबीर पंथ के धर्म गुरु प्रकाश मुनि नाम साहेब से की मुलाकात

## कबीर पंथ के संत पर हमला होना निंदनीय है : दीपेश साहू

पायनियर संवाददाता < बेमेतरा
www.dailypioneer.com



बलौदाबाजार जिले के दामाखेड़ा स्थित कबीर आश्रम में हाल ही में हुई हिंसक घटना और कबीर पंथ के धर्मगुरु प्रकाश मुनि नाम साहेब की सुपुत्र नवोदित वंशाचार्य उदित मुनि नाम साहब पर हमले की साजिश की बेमेतरा विधायक दीपेश साहू ने घोर निंदा की है । घटना में शामिल और सामाजिक तत्वों पर सक्त कार्यवाही की मांग की और कहा कि ऐसे कृत करने वाले लोग समाज की शांति और सद्भावना के लिए खतरा है इस हमले को एक साजिश के तरह अंजाम दिया गया है इसका उद्देश्य ना केवल कबीरपंथ के अनुयायी की भावनाओं को ठेस पहुंचाना है बल्कि समाज में अशांति फैलाना भी है विधायक दीपेश साहू ने समाज के सभी वर्गों की इस घटना की कड़ी निंदा करने और आपसी भाईचारे बनाए रखने की अपील की । उक्त बाते विधायक दीपेश साहू घटना के बाद संत कबीर के धर्मगुरु प्रकाश मुनि नाम साहेब से मुलाक़ात के दौरान कही। विधायक दीपेश साहू ने कहा कि संत कबीर के विचार और उनके आदर्शों को समाज में प्रसारित करने वाले पर हमला अत्यंत निंदनीय है कबीर पंथ के संतों का जीवन हमेशा शांति और भाईचारे का संदेश देने में समर्पित रहा है उन्होंने कहा कि उदित मुनि नाम साहब जैसे संत कभी कबीर के उपदेशों का प्रचार करते हैं और समाज को शांति एवं सद्भावना का संदेश देते हैं उन पर हमला समाज को विभाजित करने का प्रयास है ऐसा शब्द जिनका उद्देश्य केवल समाज को सुधारना है उन पर हमला बेहद दुर्भाग्यपूर्ण है विधायक दीपेश साहू ने कहा कि ऐसे असामाजिक तत्व जो समाज में विघटन फैलाने का प्रयास कर रहे हैं उनके खिलाफकड़ी कार्रवाई की जाएगी । उन्होंने कहा कि सरकार की ओर से सख्त कदम उठाए जा रहे हैं द्य ताकि प्रदेश में शांति और सौहाद्र का वातावरण बने रहे द्यउन्होंने स्पष्ट रूप से कहा कि इस घटना में दोषियों पर किसी प्रकार की रियायत नहीं बरती जाएगी और सामाजिक एकता को नुकसान पहुंचाने वाले व्यक्तियों को कड़ा दंड दिया जाएगा। इस दौरान उनके साथ पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष विजय सिन्हा, विकाश तम्बोली, राकेश मोहन शर्मा।

# नवागढ़ में निकली माता लक्ष्मी की भव्य शोभायात्रा, युवाओं ने दिखाए अखाड़ा करतब



पायनियर संवाददाता < बेमेतरा
www.dailypioneer.com

नवागढ़ नगर के बस स्टैंड स्थित भव्य पंडाल में विराजित मां लक्ष्मी की प्रतिमा का विसर्जन सोमवार की शाम को किया गया। प्रतिमा के विसर्जन के पूर्व धुमाल एवं पारंपरिक गढ़वा बाजा के संगीत के बीच युवाओं ने अखाड़ा का करतब दिखाते हुए नगर में शोभायात्रा निकली। नगर प्रधान विकास धर दीवान के नेतृत्व में निकली यह शोभायात्रा बस स्टैंड से प्रारंभ हुई, जो कि गौरव पथ के रास्ते मेन चौक से वापस गणेश मंदिर होते हुए माना बंद तालाब में समाप्त हुई। जहाँ प्रतिमा का विधिवत विसर्जन किया गया। इस शोभायात्रा में युवाओं ने लाठी, आग, आदि के विभिन्न अखाड़ा करतब दिखाए जिसे देखने नगरवासियों की भारी भीड़ जुटती नजर आई। इस बीच नगर प्रधान विकास दीवान ने आयोजन समितियों को बधाई देते हुए कहा कि नवागढ़ हम सब का है और इसे संवारने की जिम्मेदारी भी हमारी है। नगर के पारंपरिक तीज-त्योहारों में हम राजनीति को हावी नहीं होने देंगे। हम सबको नवागढ़ में धर्म, संस्कृति एवं विकास के लिए आगे आकर काम करना है। इस दौरान मण्डल अध्यक्ष चंद्रपाल साहू, महामंत्री मिंटू बिसेन, पूर्व नप अध्यक्ष गिरेन्द्र महिलांग, सुरेश निषाद, मिथलेश पुरबिया, कृष्णा ध्रुव, दानिराम जायसवाल, तनु दीवान, लक्ष्मीचंद जैन, रामकुमार श्रीवास, भागवत सोनकर, तातु यादव, रामकुमार निषाद, सूरज टोन्ड्रे, राकेश यादव, राजेन्द्र यादव, शंकर सोनकर, राजेश निषाद, हेमा यादव, गणेश निषाद, राजा सोनकर, हरिकेश ध्रुव, मोहन चेलक, रवि साहू, बजरंग निषाद, जगमोहन सिंहा सहित नगरवासी उपस्थित रहे।

# डीएसपी ने ली रक्षित केन्द्र बेमेतरा में पुलिस जवानों का जनरल परेड



पायनियर संवाददाता < बेमेतरा
www.dailypioneer.com

5 नवंबर मंगलवार को पुलिस अधीक्षक बेमेतरा रामकृष्ण साहू (भा.पु.से.) के निर्देशन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक ज्योति सिंह के मार्गदर्शन में उप पुलिस अधीक्षक (डीएसपी) कमल नारायण शर्मा के द्वारा रक्षित केन्द्र बेमेतरा परिसर पुलिस परेड ग्राउंड में आयोजित पुलिस अधि./कर्म. के जनरल परेड़ का निरीक्षण किया गया। उप पुलिस अधीक्षक द्वारा परेड निरीक्षण के दौरान उपस्थित अधिकारी/ कर्मचारियों का मनोबल बढाये जाने के साथ ही कानून व सुरक्षा व्यवस्था को बनाये रखते हुए बेहतर पुलिसिंग के बारे में निर्देश दिया गया। तथा परेड निरीक्षण के दौरान पुलिस जवानो को हमेशा खुश रहने एवं प्रति-दिन अपने कार्य के अनुसार अपने दैनिक दिनचर्या से समय निकाल कर खेल, योगा, व्यायाम एवं अन्य एक्टिविटी करने को कहा। जनरल परेड़ के दौरान उप पुलिस अधीक्षक (डीएसपी) कमल नारायण शर्मा के साथ ही साथ रक्षित निरीक्षक कृष्ण कांत सिंह एवं रक्षित केन्द्र, पुलिस अधीक्षक कार्यालय स्टाफ एवं थाना/चौकी के अधिकारी/कर्मचारी परेड़ में शरीक हुये।

# जुआ के 83 प्रकरण में 353 नगदी रकम 3,07,549 रूपए एवं तास पत्ती जब्त

पायनियर संवाददाता < बेमेतरा
www.dailypioneer.com



पुलिस अधीक्षक बेमेतरा रामकृष्ण साहू (भा.पु.से.) के निर्देशन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक ज्योति सिंह, एसडीओपी बेमेतरा मनोज तिर्की, डीएसपी राजेश कुमार झा, डीएसपी कमल नारायण शर्मा, डीएसपी कौशिल्या साहू के मार्गदर्शन में बेमेतरा पुलिस द्वारा अवैध शराब, जुआ, सट्टा, गांजा, नशीली पदार्थो, प्रतिबंधात्मक कार्यवाही, बाउंड ओवर, गुंडा बदमाशों, फरार वारंटीयों एवं सामाजिक सौहार्द बिगाडने वालों पर लगातार कार्यवाही की जा रही है। जिसके तहत विगत एक सप्ताह में थाना बेमेतरा, नवागढ, नांदघाट, खम्हरिया, दाढी, साजा, परपोडी, बेरला, चंदनू एवं खण्डसरा, देवरबीजा, संबलपुर, मारो, देवकर,, कंडरका के क्षेत्रांतर्गत विभिन्न ग्रामों, ग्राम झिरिया, अमोरा, अमलडीहा, करामाल तालाब के बाजू में रनबोड, घोठा एवं गनिया, कन्हेरा, उमरिया, मुरता स्ट्रीट लाईट के नीचे, ग्राम तेन्दुआ बांधापार, ग्राम मोहतरा जीओ टावर के पास, गाडाडीह रूसे मोड, करेली, मौली मंच, मगरघटा तालाब के पास, देवरबीजा, पिपरपारा खण्डसरा, अतरिया लालभाठा, ओटेबंध गौठान के पास, गुधेली गौठान, बोरसी नवा तालाब, बांसा, अमोरा गौठान, रंगमंच संबलपुर, तिलकापारा नवागढ, मोहतरा, रूसे, राखी जोबा तलाब जाने का रास्ता, नवकेशा नाला जाने का रास्ता, डेहरी, नहर पार रोड ग्राम ढाप, टेमरी पंचायत भवन के पास, सब्जी मंडी बेमेतरा, बाजारपारा बेमेतरा, बेतर, ग्राम झांकी, पेंड्री मुक्तिधाम के पास, मरदेही, चमारी मंच के पास, नांदघाट हास्टल के पीछे, खैरझिटी, बिरनपुर, उडतला, चिल्फी, करमतरा, बचेडी, सहसपुर मैदान, सहसपुर पानी टंकी के पास, बेंदरचुवा आम रोड, ग्राम मुडीया दैहान, केशला, भोथीडीह तालाब पार, लोलेसरा मेन रोड पुल के पास, लालाब पार ग्राम सिरसा, सलधा गौठान, सोनपुरी, बीचपारा आमजगह, अंधियारखोर, गोपालपुर तालाब के पास, सैगोना, खम्हरिया, तालाब के सामने सैगोना, ग्राम कुररू, किसान भवन के पास अतरझोला, मौहाभाठा, कोहडिया एवं खंगारपाठ के पास आम जगह में कुछ लोग रूपये पैसे का दांव लगाकर काट पत्ती जुआ खेल रहे है कि सुचना पर थाना बेमेतरा, नवागढ, नांदघाट, खम्हरिया, दाढी, साजा, परपोडी, बेरला, चंदनू एवं खण्डसरा, देवरबीजा, संबलपुर, मारो, देवकर,, कंडरका के पुलिस टीम पहुच कर सुचना के अधार पर रेड कार्यवाही किया गया, रेड कार्यवाही के दौरान कुछ लोग पुलिस को आते देखकर भाग निकले मौके पर जुआडियान पकडे गये। जिसमें 83 प्रकरण दर्ज कर 353 जुआडियानो के विरूद्ध धारा 3(2) छत्तीसगढ़ जुआ (प्रतिषेध) अधिनियम 2022 के तहत कार्यावाही की गई हैं। जुआडियों के पास एवं फ्ड से कुल जुमला नगदी 3,07,549/- रूपये (तीन लाख सात हजार पांच सौ उन्नचास रूपये) एवं 52 पत्ती तास को जप्त कर कार्यवाही किया गया है।

# मारपीट के आरोपियों को गिरफ्तार कर भेजा गया जेल

पायनियर संवाददाता < दल्लीराजहरा
www.dailypioneer.com

पुलिस अधीक्षक एस. आर. भगत के निर्देशन व अतिरिक्त पुलिस अक्षीक्षक अशोक कुमार जोशी एवं नगर पुलिस अधीक्षक दल्लीराजहरा डॉ चित्रा वर्मा के मार्गदर्शन में थाना डौण्डी के अपराध के. 96/2024 धारा 103, 3(5) के मामले में त्वरित कार्यवाही करते हुए एक आरोपी एवं दो विधि से संघर्षरत अपचारी बालकों को ज्युडिशियल रिमाण्ड पर भेजा गया. मामले का संक्षिप्त विवरण इस प्रकार है कि प्रार्थी चितरंजन साहू पिता- चमन लाल साहू उम्र 23 वर्ष साकिन वार्ड क्र.10 पुराना बाजार दल्लीराजहरा , ने रिपोर्ट दर्ज कराया कि 03 नवंबर को यश कुमार निषाद के घर प्रार्थी अपने साथियों के साथ मोटर सायकल से डौंडी पहुंचे और वहीं पर खाना बनाकर, खाना खाकर अपने दोस्तों के साथ टहलने निकले थे, कि ठाकुर देव स्थल डौंडी के पास डौंडी निवासी दो विधि से संघर्षरत अपचारी बालक एवं आशीष कुमार एक स्कूटी में पहुंचे, एवं घूर कर देखने को लेकर दोनों पक्षों में वाद-विवाद हुआ, जिसे वहां पर मौजुद लोगों द्वारा समझाईश देकर मामला को शांत किया गया। बाद में पुनः राममंदिर के सामने मेनरोड के पास शाम करीब 05.00 बजे पहुंचे थे, चितरंजन साहू एवं उनके दोस्तों से डौंडी निवासी दो विधि से संघर्षरत अपचारी बालक एवं आशीष कुमार का पुनः वाद-विवाद हुआ। उसके बाद प्रार्थी व उनके साथी लोग डरकर सब अलग-अलग रास्ते में बटकर यश कुमार निषाद के घर के पास पहुंचे। तभी मेहुल साहू, आकाश कुमार गंधर्व, शिवम भुआर्य, अभय गंधर्व बाजार चौक से यश कुमार के घर आते समय डौंडी निवासी दो विधि से संघर्षरत अपचारी बालक एवं आशीष कुमार के द्वारा दौड़ाते मारते हुए मां-बहन की अश्लील गाली गलोच करते हुए आ रहे थे. शाम करीबन 05.30 बजे ठाकुर देव स्थल तिराहा डौंडी के पास डौंडी निवासी एक विधि से संघर्षरत अपचारी बालक द्वारा आज जान से मार दूंगा कहकर ईंट के टुकड़ा से मेहुल साहू को जोरदार फेंककर मारा जिससे मेहुल साहू के सिर के दाहिने तरफ़ सिर में चोट लगने से बेहोश होकर वहीं पर गिर गया। तब प्रार्थी और यश निषाद द्वारा मोटर सायकल से मेहुल साहू को ईलाज के लिये शासकीय अस्पताल डौंडी ले गये, जहां डाक्टर द्वारा चेक करने पर मृत्यु हो जाना बताये। डौंडी निवासी दो विधि से संघर्षरत अपचारी बालक एवं आशीष कुमार के द्वारा मारपीट करने से आकाश कुमार गंधर्व के माथा में, शिवम भुआर्य के दाहिने पैर के पिंडली में, तथा रास्ते से जा रहे रुपेश धनकर निवासी डौंडी के पीठ में चॉट आया है। घटना को चंदन जायसवाल, मोहम्मद शाहरुख एवं आसपास के लोग देखे-सुने हैं। रिपोर्ट पर अपराध क्र. 96/2024 धारा 103, 3(5) बी. एन. एस, के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। विवेचना के दौरान दो बालकों एवं आशीष कुमार का पता तलाश किया जो सकुनत में मिले, जिसे अभिरक्षा में लेकर थाना लाया। गवाह यश कुमार निषाद, आकाश गंधर्व की उपस्थिति में आरोपी एवं का विधि से संघर्षरत अपचारी बालकों का पुछताछ कर मेमोरेण्डम कथन लिया गया है, जो अपराध घटित करना स्वीकार किये एवं घटना में प्रयुक्त आलाजरब को बताये जगह पर पुलिस द्वारा जप्त कर कब्जा पुलिस लिया गया है। विधि से संघर्षरत अपचारी बालकों को दिनांक 04 नवंबर के को माननीय किशोर न्यायबोर्ड में पेश किया गया है। प्रकरण के आरोपी आशीष कुमार धनकर पिता जनक लाल धनकर उम्र 18 वर्ष 1 दिन साकिन वार्ड नं. 13 गड़रियापारा डौण्डी थाना-डौण्डी को दिनांक 04 नवंबर को गिरफ्तार कर ज्युडीशियल रिमाण्ड पर भेजा गया है। इस कार्यवाही में थाना प्रभारी उपनिरीक्षक मनीष शेन्हे, सउनि दुर्जन लाल रावटे, . की सक्रिय भूमिका रही।

# एसपी ने पुलिस अनुविभागीय अधिकारी बेमेतरा कार्यालय का किया औचक निरीक्षण

**बेमेतरा ।** पुलिस अधीक्षक बेमेतरा रामकृष्ण साहू (भा.पु.से.) ने पुलिस अनुविभागीय अधिकारी बेमेतरा कार्यालय का किया औचक निरीक्षण किया। एसपी महोदय द्वारा निरीक्षण के दौरान उपस्थित अधिकारी/ कर्मचारियों का मनोबल बढाये जाने के साथ कानून व सुरक्षा व्यवस्था को बनाये रखते हुए बेहतर पुलिसिंग के बारे में निर्देश दिया गया। मजबूत सूचना तंत्र विकसित कर बेहतर पुलिसिंग करने, कार्यालय का साफ सफाई हेतु विशेष ध्यान रखने हेतु निर्देशित किया गया। तथा पुलिस अनुविभागीय अधिकारी बेमेतरा कार्यालय में संधारित असल जरायम व दीगर जरायम (डायजेस्ट), लंबित अपराध, मर्ग, शिकायत, जवाबदावा/स्टेट अपील रजिस्टर, सीसीपी रजिस्टर, केश डायरी मुमेंट, अपराध वर्गीकरण रजिस्टर, रोजनामचा प्राप्ति विवरण रजिस्टर, परवाना रजिस्टर, आवक-जावक रजिस्टर, प्रारंभिक जांच रजिस्टर, विभागीय जांच रजिस्टर, सुचना के अधिकार रजिस्टर, वरिष्ठ कार्यालय से प्राप्त पत्रों का सही समय में निकाल करने एवं वरिष्ठ कार्यालय से प्राप्त दिशा निर्देशों का पालन करने, ई-साक्ष्य का उपयोग करने व बेमेतरा अनुविभाग के थाना/चौकी को भी प्राप्त निर्देशों को जारी करने के संबंध में आवश्यक दिशा-निर्देश दिया गया। निरीक्षण के दौरान पुलिस अनुविभागीय अधिकारी बेमेतरा मनोज तिर्की, स्टेनो अजय कुमार देवांगन, एसपी रीडर सहायक उप निरीक्षक विष्णु सप्रे, आर. पुकेश्वर दिल्लीवार एवं अन्य अधिकारी / कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

# सरदा में हुए 7 लाख 23हजार रुपए चोरी के मामले मे घटना स्थल का एसपी ने किया निरीक्षण

## आरोपियो को पकडने हेतु किया विशेष टीम गठित



पायनियर संवाददाता < बेमेतरा
www.dailypioneer.com

ग्राम सरदा में हुए लाखों रुपए की चोरी की जांच के लिए एसपी रामकृष्ण साहू मौके पर पहुंच कर निरीक्षण किया तथा इस संबंध में एक जांच टीम का भी गठन किया गया है बेमेतरा जिले के थाना बेरला क्षेत्रांतर्गत ग्राम सरदा में दिनांक 01.11.2024 से 03.11.2024 को मध्यरात्रि में प्रार्थी राजू साहू उम्र 39 साल ग्राम सरदा के घर मकान से किसी अज्ञात आरोपी द्वारा नगदी एवं सोने-चांदी के जेवर को प्रार्थी के सुने मकान से चोरी कर ले गया है इस संबंध में जानकारी के अनुसार सोना-चांदी एवं नगदी सब मिलाकर कुल सात लाख 23हजार रुपए की चौरी हुआ है इसमें से साढ़े चार लाख रुपए नकद चोरी हुई है रिपोर्ट पर थाना बेरला में अज्ञात आरोपियों के विरूद्ध अपराध सदर धारा 305 (क), 331 (2) बीएनएस पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। उक्त घटना की सूचना वरिष्ट अधिकारियों को मिलने पर मामले की गंभीरता को मद्देनजर रखते हुए तत्काल पुलिस अधीक्षक बेमेतरा रामकृष्ण साहू (भा.पु.से.) ने अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मती ज्योति सिंह एवं सायबर सेल थाना बेरला प्रभारी उप निरीक्षक मयंक मिश्रा एवं थाना सायबर सेल स्टाफके साथ ग्राम सरदा प्रार्थी के मकान घर पहुंचकर घटना स्थल का बारीकी से निरीक्षण कर अज्ञात आरोपियों की पता तलास हेतु त्वरित विशेष टीम गठित कर माल, मुल्जिम पता साजी में लगाया गया।

# जिन्हें माना जीवन भर गुरु, उनके नाम का पहला पुरस्कार मिलने से मैं बहुत गौरवान्वित हूं : दुष्यंत हरमुख

## छत्तीसगढ़ राज्य अलंकरण में खुमान साव सम्मान के लिए दुष्यंत हरमुख के नाम की घोषणा

पायनियर संवाददाता < बालोद
www.dailypioneer.com



छत्तीसगढ़ राज्य स्थापना दिवस के अवसर पर छत्तीसगढ़ राज्य अलंकरण सम्मान की घोषणा कर दी गई है। छत्तीसगढ़ी लोक संगीत के क्षेत्र में खुमान साव सम्मान प्रसिद्ध बांसुरी वादक, छत्तीसगढ़ी फिल्मों के संगीत निर्देशक अंतर्राष्ट्रीय कलाकार दुष्यंत हरमुख को दिया जाएगा। नाम की घोषणा होते ही अपने आप को गौरवान्वित महसूस करते हुए दुष्यंत हरमुख ने कहा कि जिन्हें मैं जीवन भर गुरु माना उनके नाम के पुरस्कार की घोषणा से मैं बहुत अभिभूत हूं। मैं इस सम्मान का हमेशा आदर रखूंगा। बालोद जिले के ग्राम सकरौद निवासी बीएसपी कर्मी दुष्यंत हरमुख को संगीत के क्षेत्र में राज्य शासन द्वारा खुमान साव सम्मान से अलंकृत किया गया है। इस सम्मान की घोषणा पहली बार हुई है। सम्मान की खबर लगते ही क्षेत्र के कलाकारों में खुशी की लहर दौड़ गई। उन्हें बधाई देने वालों का तांता लगा रहा। दुष्यंत हरमुख की पहचान बांसुरी वादन के क्षेत्र में अंतर्राष्ट्रीय कलाकार के रूप में है। इसके अलावा वे हारमोनियम में भी सिद्धहस्त हैं, खैरागढ़ संगीत विश्वविद्यालय से सितार में डिग्री हासिल किए हुए हैं, वे उत्कृष्ट गायक भी हैं। छत्तीसगढ़ी गीत लेखन व गीतों का संगीत संयोजन मानो उनके रग रग में बसा है। लंबे समय से छत्तीसगढ़ी सांस्कृतिक कला यात्रा से जुड़े होने के कारण उन्हें संगीत का बहुत अनुभव है। दुष्यंत हरमुख प्रसिद्ध छत्तीसगढ़ी सांस्कृतिक संस्था रंग झरोखा के संस्थापक भी हैं। उनके निर्देशन में संस्था लगातार उत्तरोत्तर प्रगति कर रही है। दुष्यंत हरमुख अपनी संगीत व कला यात्रा के दौरान कई बार विदेश की भी यात्रा कर चुके हैं। देश के बड़े-बड़े कार्यक्रमों में भी अपनी प्रस्तुति दे चुके हैं। इस सम्मान की घोषणा के बाद अपनी पहली प्रतिक्रिया देते हुए खुमान साव को याद कर वे बेहद भाउक हो गए।

## जीवन भर याद रहेगा गुरु के नाम का पहला सम्मान

ज्ञात हो कि छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा संगीत के क्षेत्र में खुमान साव सम्मान की घोषणा गत वर्ष की गई थी, लेकिन आचार संहिता के कारण किसी के नाम की घोषणा नहीं हुई थी। इसलिए इस वर्ष पहली बार उनके सामान के नाम की घोषणा की गई। प्रसिद्ध बांसुरी वादक दुष्यंत हरमुख को यह सम्मान दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि गुरु के नाम का यह पहला सम्मान वे जीवन भर संजोकर रखेंगे। उनके बताए मार्ग पर कला यात्रा को आगे बढ़ाते रहेंगे। संगीत में खुमान साव की बताई हुई बारीकियां वह हमेशा न केवल याद रखेंगे, बल्कि औरों को भी यह कला बांटते हुए चलेंगे।

## खुमान साव से मिली संगीत की नई पहचान–

छत्तीसगढ़ी सांस्कृतिक संस्था चंदैनी गोंदा, लोकरंग, कारी, गम्मतिहा, हरेली, रंग सरोवर, चिन्हारी आदि में बांसुरी वादन व गायन की प्रस्तुति दे चुके दुष्यंत हरमुख का कहना है कि छत्तीसगढ़ के महान संगीतकार महासिंह चंद्राकर और खुमान लाल साव का सानिध्य मिलने के बाद ही उनके जीवन में एक नया मोड़ आया। इससे पहले वे छोटे-छोटे संस्थाओं में बांसुरी वादन करते थे लेकिन इनके संपर्क में आने के बाद सही मायने में उनकी संगीत यात्रा शुरू हुई, जो अब तक जारी है, जब भी कहीं आयोजन होता है तो मैं मन ही मन इन दोनों संगीतकारों को जरूर नमन करता हूं।

## अनेक छत्तीसगढ़ी फिल्मों में कर चुके हैं संगीत निर्देशन

दुष्यंत हरमुख अनेक छत्तीसगढ़ी फिल्मों में संगीत निर्देशन दे चुके हैं। इनमें मुख्य रूप से छत्तीसगढ़ी फीचर फिल्म माया देदे माया लेले, तोर मया के मारे, कारी, मया के बांटा, मया देदे मयारू, सजना मोर, बैरी के मया, अबढ़ मया करथों, मोर मन के मीत आदि फिल्मों में संगीत दे चुके दुष्यंत हरमुख इस बात को लेकर बड़े आश्वस्त हैं कि छत्तीसगढ़ में प्रतिभाओं की कमी नहीं है। यहां के लोगों को प्रतिभा निखारने का मौका मिले तो निश्चित रूप से वह देश के बड़े कलाकारों में शुमार हो सकते हैं। अपनी कला यात्रा को वे स्वयं इसका उदाहरण बताते हैं। उनका कहना है कि मुझ जैसे छोटे से कलाकार को इतना बड़ा सम्मान मिलने से निश्चित रूप से छत्तीसगढ़ी कला के क्षेत्र में कार्य कर रहे कलाकारों का उत्साह बढ़ेगा, उनका मनोबल भी बढ़ेगा। इस सामान के लिए उन्होंने छत्तीसगढ़ शासन का आभार भी जताया।

## बड़े–बड़े कलाकारों के साथ कर चुके हैं संगति

दुष्यंत हरमुख देश के कई बड़े-बड़े कलाकारों के साथ संगति दे चुके हैं। सुगम संगीत क्षेत्र के प्रसिद्ध कलाकार अनूप जलोटा, उनके पिता पुरुषोत्तम दास जलोटा, अहमद हुसैन, मोहम्मद हुसैन, पंडित जगन्नाथ भट्ट, भिलाई के प्रसिद्ध भजन एवं गजल गायक प्रभंजय चतुर्वेदी, प्रसिद्ध फिल्म निर्माता प्रेम चंद्राकर, स्वर कोकिला ममता चंद्राकर आदि के साथ अनेक बड़े आयोजनों में संगीत में अपना जलवा दिखा चुके दुष्यंत हरमुख का कहना है कि छत्तीसगढ़ और छत्तीसगढ़ी कलाकारों से देश के सभी बड़े कलाकार प्रभावित हैं। छत्तीसगढ़ के बाहर जब भी कोई आयोजन होता है, तो उसमें छत्तीसगढ़ी कलाकारों को बहुत सम्मान मिलता है।

# फिंगर प्रिंट लेने के बाद भी ग्रामीणों को नहीं मिला चांवल एक माह के राशन को संचालक ने कर दिया रफा-दफा

## शिकायत के बाद भी अब तक कोई कार्रवाई नहीं

पायनियर संवाददाता ◀ जांजगीर चांपा
www.dailypioneer.com




सक्ती जिले के जैजैपुर जनपद पंचायत अंतर्गत ग्राम पंचायत जमड़ी पीडीएस दुकान में गरीबों के राशन पर भी संचालक ने डाका डाल दिया है, संचालक ने गरीबों के लिए आए राशन को वितरण करने के बजाय गबन कर लिया है और ग्रामीणों ने संचालक के खिलाफ कार्रवाई करने अधिकारियों से शिकायत की है मगर अब तक कोई कार्रवाई नहीं होने से ग्रामीणों में आक्रोश पनप रही है। ग्राम पंचायत जमड़ी में जय माँ सरस्वती समूह के द्वारा पीडीएस संचालन की जाती है, ग्रामीणों ने बताया कि दो माह के लिए राशन वितरण किया जाना था मगर समूह के द्वारा सभी हितग्राहियों का फिंगर लेने के बाद केवल एक माह का ही चांवल वितरण किया गया है और एक माह का नहीं दिया गया, संचालक से पूछने पर एक माह का ही चांवल आया था बोला जाता है, जबकि दो माह का चावल आया था। राशन दुकान प्रतिदिन खुलने के निर्देश दिए हैं मगर यहां संचालक के मनमानी के चलते दुकान भी महीने में केवल 6 से 7 दिन खुलने की भी शिकायत की है, गरीब परिवारों के लिए प्रदेश सरकार अनेकों योजना चला रही है, इनमें से प्रधानमंत्री गरीब कल्याण योजना सरकार की सबसे बड़ी योजना है, ताकि प्रदेश का कोई भी गरीब परिवार भूखा न रहे है। लेकिन ग्राम पंचायत जमड़ी के शासकीय उचित मूल्य के दुकान का संचालक इस योजना को फेल करने में लगा हुआ है। जमड़ी के हितग्राहियों को एक माह का चावल नहीं मिला है और सभी हितग्राहियों का फिंगर प्रिंट ले लिया गया है, इस बात की शिकायत हितग्राहियों ने जिला खाद्य अधिकारी व कलेक्टर के पास की है, उसके बावजूद अभी तक गरीब परिवारों को राशन वितरण नहीं किया गया है। राशन नहीं मिलने से गरीब परिवारों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। हितग्राहियों का आरोप है कि राशन दुकान के संचालक द्वारा बीते एक माह का राशन देने में आनाकानी कर रहा है। सोसायटी संचालक पहले से ही फिंगर प्रिंट ले चुका है, उसके बावजूद भी गरीब परिवारों को सरकार से मिलने वाली चावल नहीं दिया जा रहा है। हितग्राहियों ने जब चावल देने की मांग करते है, तो उन लोगों को अभी स्टॉक में चावल नहीं होने का समझाइश देकर वापस लौटा देते हैं। भोले-भाले हितग्राही उल्टे पांव लौट जाते हैं, जबकि सरकार ने गरीबों के लिए पहले से ही राशन की व्यवस्था कर दी जाती है, ताकि कोई भी गरीब भूखा न सोए।

# राख उपयोगिता के लिये एनटीपीसी और एसईसीएल के मध्य समझौता

पायनियर संवाददाता ◀ रायपुर
www.dailypioneer.com







पर्यावरण सरंक्षण की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए, एनटीपीसी और एसईसीएल ने दिनांक 4 नवंबर 2024 को बंद खदानों में राख भरने के लिए समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए हैं। इस समझौते में दुग्गा खदान के लिए लगभग 117.81 लाख घन मीटर और बिश्रामपुर खदान के लिए 12.02 लाख घन मीटर राख के निपटान की रूपरेखा तैयार की गई है। यह पहल न केवल प्रभावी राख प्रबंधन की सुविधा प्रदान करती है, बल्कि बंद खनन स्थलों के पुनर्स्थापन में भी योगदान करती है, जो हमारे पर्यावरण संरक्षण के प्रति प्रतिबद्धता को रेखांकित करता है. । छत्तीसगढ़ राज्य में स्थित एनटीपीसी के तीन स्टेशन लारा, सीपत और कोरबा ने इस राख आपूर्ति समझोता पर हस्ताक्षर किया है। विशेष रूप से, एनटीपीसी सीपत 5.4 मिलियन मीट्रिक टन, लारा 2.9 मिलियन मीट्रिक टन, और कोरबा 4.7 मिलियन मीट्रिक टन राख भरने के लिए प्रदान करेगा। एनटीपीसी लारा की ओर से अनिल कुमार, कार्यकारी निदेशक (लारा), सीपत परियोजना की और से विजय कृष्ण पांडे (परियोजना प्रमुख -सीपत) और कोरबा परियोजना की और से इस समझौता पर हस्ताक्षर किये है। एसईसीएल की ओर से, इस समझौता ज्ञापन पर बी.के. जेना (महाप्रबंधक - पर्यावरण), प्रदीप कुमार (क्षेत्रीय महाप्रबंधक -भटगांव), और संजय कुमार (महाप्रबंधक- बिश्रामपुर) ने हस्ताक्षर किए। यह सहयोग दोनों संगठनों की स्थायी प्रथाओं को बढ़ावा देने और पर्यावरण संरक्षण के प्रयासों का समर्थन करने की प्रतिबद्धता को उजागर करता है।

# दक्षिण चक्रधर नगर दुर्गा पूजा समिति का भाग्यशाली विजेता हुआ तय

## भक्तगणों, दानदाताओं, सभी का आभार : आशीष ताम्रकार

पायनियर संवाददाता ◀ रायगढ़
www.dailypioneer.com




दक्षिण शहर दुर्गा पूजा समिति ने शहर के गणमान्य अतिथि, निर्णायक अतिथि और 5000 दानदाताओ की उपस्थिति में भाग्यशाली विजेता तय किया, जिसमें प्रथम पुरस्कार कार, द्वितीय बुलेट समेत 43 शानदार पुरस्कारों की घोषणा की,साथ ही रॉकस्टार विजय सिंह एंड ग्रुप की ओर से भजन संध्या प्रस्तुत किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि डॉ प्रकाश मिश्रा,वरिष्ठ भाजपा नेता गुरुपाल भल्ला, सामाजिक कार्यकर्ता सुनील लेंधरा, अधिवक्ता अभिजीत मलिक, समाजसेवी अनूप बंसल, कांग्रेसी नेता मदन महंत, व निर्णायक अतिथि के रूप में डॉ. शलभ अग्रवाल, अधिवक्ता मुकेश गोयल, पत्रकार विनय पाण्डेय, गौतम चैधरी, गोपाल बापोडिया, सौरभ अग्रवाल, अनुराग गुप्ता, पत्रकार सिमरन पनघरे, सीमल खटोल (प्रथम विजेता 2023) उपस्थित रहे, निर्णायक मंडल ने पूरी पारदर्शिता के साथ भाग्यशाली विजेताओ को नाम तय किया। जिसमें प्रथम विजेता (कार) सावित्री गोस्वामी, पता- मधुबन पारा, द्वितीय विजेता (बुलेट) सुषमा दास महंत पता- नलवा, तृतीय विजेता (02 भाग्यशाली विजेता, एक्टीवा) कंचन पटेल, बोईरदादर, सुनीता यादव, मांझा पारा, चतुर्थ, पांचवां, छठवां पुरस्कार तीन-तीन विजेताओं के साथ अन्य 43 पुरस्कार भाग्यशाली विजेताओं को प्राप्त हुए, श्री दक्षिण दुर्गा पूजा समिति आप सभी दानदाताओं, शहर वासियों व मुख्य और निर्णायक अतिथियों के साथ मातारानी के सभी भक्तों का आभार व्यक्त करती है।

# महाकाली पूजा एवं भव्य मेला में शामिल हुए उमेश पटेल

## मां काली की पूजा कर क्षेत्रवासियों की सुख-समृद्धि की कामना की

पायनियर संवाददाता ◀ रायगढ़
www.dailypioneer.com




जिले के खरसिया क्षेत्र में महाकाली पूजा एवं भव्य मेला का आयोजन एक बार फिर आस्था और सांस्कृतिक समृद्धि का प्रतीक बनकर सामने आया। रविवार, 03 नवंबर को खरसिया के रॉबर्टसन, चपले और बड़े डूमरपाली में आयोजित इस मेले में छत्तीसगढ़ के पूर्व मंत्री एवं खरसिया विधायक उमेश पटेल भी शामिल हुए और मां काली की पूजा-अर्चना कर क्षेत्रवासियों के सुख, समृद्धि, और खुशहाली की प्रार्थना की। इस दौरान उमेश पटेल ने आयोजन समिति को इस महत्वपूर्ण आयोजन को निरंतर आगे बढ़ाने के लिए शुभकामनाएं एवं बधाई दी। उन्होंने कहा, ग्राम चपले की पावन भूमि पर महाकाली पूजा एवं मेला पिछले कई वर्षों से मनाया जा रहा है और प्रत्येक वर्ष इसकी भव्यता में इजाफा हो रहा है। इस आयोजन से चपले गांव की पहचान और गौरव बढ़ा है, जो हम सभी के लिए गर्व की बात है। उन्होंने कहा कि ऐसे आयोजन न केवल धार्मिक श्रद्धा को बढ़ावा देते हैं बल्कि क्षेत्र की सांस्कृतिक धरोहर को भी सहेजते हैं। चपले गांव अब महाकाली पूजा मेला के नाम से पहचाना जाने लगा है। यहां दूर-दूर से श्रद्धालु मां काली के दर्शन और मेला का आनंद लेने आते हैं, जो इस आयोजन की सफलता का प्रमाण है। इस अवसर पर विधायक उमेश पटेल ने इस आयोजन को पूरे छत्तीसगढ़ के लिए एक प्रेरणा बताया और कहा कि, मां काली का आशीर्वाद खरसिया क्षेत्र, रायगढ़ जिले और पूरे प्रदेशवासियों पर बना रहे। मैं उम्मीद करता हूं कि यह मेला प्रतिवर्ष इसी तरह उत्साह और भव्यता के साथ मनाया जाए। गौरतलब है कि महाकाली पूजा एवं भव्य मेला÷ का आयोजन रॉबर्टसन, चपले, और बड़े डूमरपाली के क्षेत्रवासियों के सामूहिक सहयोग से होता है। इस महाकाली पूजा मेले की परंपरा खरसिया के दिवंगत विधायक शहीद नंदकुमार पटेल के समय से चली आ रही है, जिन्हें मां काली के दरबार में प्रतिवर्ष आशीर्वाद प्राप्त करने का अवसर प्राप्त होता था।

# फिटजी का प्रतिष्ठित परीक्षा बिग बैंग एज टेस्ट

## 17 नवंबर को ऑफ लाइन और ऑनलाइन प्रॉक्टर्ड मोड में

पायनियर संवाददाता ◀ रायपुर
www.dailypioneer.com

शिक्षा के क्षेत्र में अपने योगदान और नवाचार की दिशा में एक महत्वपूर्ण छलांग लगाते हुए, देश में जेईई और अन्य प्रतियोगी और शैक्षणिक परीक्षाओं के लिए अग्रणी कोचिंग संस्थान फिटजी ने कक्षा 5 से 11 तक के छात्रों के लिए प्रतिष्ठित बिग बैंग एज (बीबीई) टेस्ट 2024 की घोषणा की है। बिग बैंग एज टेस्ट एक वैज्ञानिक रूप से डिज़ाइन किया गया डायग्नोस्टिक टूल है, जो छात्रों की 3600-शैक्षणिक क्षमता का मूल्यांकन करेगा ताकि वे अपने शैक्षणिक कौशल और झुकाव के बारे में जानकारी प्राप्त कर सकें। अपने विभिन्न नवीन दृष्टिकोणों के माध्यम से, यह पिछले 32 वर्षों से शिक्षा में क्रांति ला रहा है। इसके ऐसे नवाचारों में से एक छात्रों के आईक्यू, योग्यता और विश्लेषणात्मक कौशल का वैज्ञानिक निदान है, जो छात्रों को उनकी शैक्षणिक क्षमता का 3600 विश्लेषण देता है। फिटजी छात्रों की शैक्षणिक क्षमता का वैज्ञानिक रूप से निदान करने वाला पहला और एकमात्र संस्थान है। बिग बैंग एज टेस्ट 17 नवंबर 2024 को ऑफलाइन मोड और ऑनलाइन प्रॉक्टर्ड मोड में और 18 नवंबर 2024 को पूरे देश में केवल ऑनलाइन प्रॉक्टर्ड मोड में आयोजित किया जाएगा। वर्तमान में कक्षा पांवसी से ग्यारवीं के छात्र परीक्षा में बैठने के पात्र हैं। पंजीकरण जल्द ही खुल जाएगा, और छात्रों को वेबसाइट पर जाकर ऑनलाइन या किसी भी फिटजी केंद्र पर जाकर ऑफलाइन पंजीकरण करना होगा और पंजीकरण शुल्क नकद में देना होगा। ऑफलाइन मोड के लिए पंजीकरण करने की अंतिम तिथि 17 नवंबर 2024 के लिए 15 नवंबर 2024 होगी और ऑनलाइन मोड के लिए 18 नवंबर 2024 के लिए 16 नवंबर 2024 होगी। यह परीक्षा बेहतर प्रदर्शन करने वाले छात्रों को छात्रवृत्ति भी प्रदान करती है।

# विजयवाडा आन्ध्र प्रदेश में फेड्रेशन ऑफ आल इंडिया राइस मिल एसोसिएशन की राष्ट्रीय बैठक संपन्न



पायनियर संवाददाता ◀ रायपुर
www.dailypioneer.com

विजयवाडा आन्ध्र प्रदेश में फेड्रेशन ऑफ़ आल इंडिया राइस मिल एसोसिएशन की राष्ट्रीय बैठक हुई जिसमे मुख्य अतिथि थे भारत के पूर्व उप राष्ट्रपति वेंकैय्या नायडू जी व अध्यक्षता की खाद्य मंत्री मनोहर जी ने बैठक में फेड्रेशन के राष्ट्रीय वरिष्ठ उपाध्यक्ष व छत्तीसगढ़ राइस मिल्स के अध्यक्ष योगेश अग्रवाल ने पूर्व उपराष्ट्र पति जी की उस्तिथि में अपने उद्बोधन में कहा कि पूरे देश में राइस उद्योग बहुत विसंगतियों से गुजर रहा है अब समय आगया है कि पूरी पॉलिसी पे केंद्र को विचार कर सुधार करना चाहिए वरना पूरे देश का राइस उद्योग की सामने गंभीर संकट हो जाएगा व योगेश ने कहा कि पूरे देश के राइस मिलर एक रहेंगे व संगठित रहेंगे तभी हमारे उद्योग का भला हो पाएगा। वेंकैय्या नायडू ने अपने संबोधन में कहा कि देश के राइस मिलर की समस्या के लिए वो केंद्रीय खाद्य मंत्री व केंद्र सरकार से बात करेंगे जिस्के लिये एक पत्र भी देने को कहा है व कहा है कि वे राइस मिलर के साथ हमेशा खड़े रहेंगे बैठक में छत्तीसगढ़ महामंत्री -विजय तायल प्रमोद जैन व राष्ट्रीय अध्यक्ष तरसेम सेनी सहित देश के 17 राज्यो के राइस मिलर्स प्रतिनिधि उपस्थित थे।

# पति-पत्नी को टेलर ने मारी जोरदार टक्कर, पति की मौत घटना के बाद सड़क किनारे पलटी कोयला लोड टेलर





पायनियर संवाददाता ◀ रायगढ़
www.dailypioneer.com

रायगढ़ जिले में सोमवार की सुबह टेलर चालक ने लापरवाही पूर्वक वाहन चलाते हुए बाईक सवार पति-पत्नी को अपनी चपेट में ले लिया। इस घटना में जहां पति की मौत हो गई वहीं उसकी पत्नी को अस्पताल में भर्ती कराया गया है जहां उसका उपचार जारी है। इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार तमनार थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले कचकोबा गांव के रहने वाला एतवार सारथी 60 साल अपनी पत्नी पूर्णिमा सारथी के साथ बीते कुछ समय से पूंजीपथरा थाना क्षेत्र में स्थित बीएस स्पंज में काम करते आ रहा था। एतवार सिंह आज सुबह तकरीबन 8 बजे अपनी पत्नी के साथ प्लेटिना मोटर सायकल में सवार होकर बीएस स्पंज में काम में जा रहा था। बाईक सवार पति पत्नी जब बंजारी मंदिर के पास पहुंचे ही थे कि पीछे की तरफसे आ रहे टेलर क्रमांक सीजी 13 एबी 0671 के चालक ने तेज एवं लापरवाही पूर्वक वाहन चलाते हुए बाईक सवारों को पीछे से जोरदार ठोकर मार दिया और फिर वाहन सड़क किनारे पलट गई।

**बाईक सवार की मौके पर मौत-** तेज रफ्तार टेलर की ठोकर के बाद घटना स्थल पर ही एतवार सारथी की मौत हो गई वहीं उसकी पत्नी को पूंजीपथरा पुलिस ने उपचार हेतु रायगढ़ मेडिकल कालेज अस्पताल में भर्ती कराया गया है जहां उसका उपचार जारी है।

**सड़क किनारे पलट गई ट्रेलर-** बताया जा रहा है कि बाईक सवारों को ठोकर मारने के बाद दुर्घटनाकारी कोयला लोड ट्रेलर क्रमांक सीजी 13 एबी 0671 सड़क किनारे पलट गया। जिसके बाद आरोपी चालक मौके से फरार हो गया है। पूंजीपथरा पुलिस आरोपी चालक के खिलाफ अपराध दर्ज कर मामले को जांच में ले लिया है।

# 15 गांव के लोगों ने 200 से अधिक बाईक में निकाली रैली

## कलेक्टर कार्यालय पहुंचकर सौंपा ज्ञापन, मांग पूरी नही होनें पर चक्काजाम की दी चेतावनी





पायनियर संवाददाता ◀ रायगढ़
www.dailypioneer.com

रायगढ़ जिले में तमनार ब्लाक के एक दर्जन से अधिक गांव के ग्रामीणों ने 13 सूत्रीय मांग को लेकर गांव से बाईक रैली निकालकर कलेक्टर कार्यालय पहुंचकर ज्ञापन सौंपा हैं। मांग पूरी नही होनें की स्थिति में ग्रामीणों ने आने वाले दिनों में अनिश्चितकालीन चक्काजाम करने की भी चेतावनी दी है। कलेक्टर के नाम सौंप गए ज्ञापन में पत्र में ग्रामीणों ने कहा है कि छत्तीसगढ़ निजी कोयला खदान मजदूर संघ (इंटक) टपरंगा के बैनर तले समस्त प्रभावित ग्राम वासियों की ओर से आम मार्ग में चल रही कोयला एवं फ्लाईएस माल वाहकों से हो रही अव्यवस्था अशान्ति और बढ़ते हुए दुर्घटनाएँ हो रही समस्याओं को लेकर कलेक्टर कार्यालय पहुंचकर ज्ञापन सौंपा गया था जिस पर उन्हें एक माह के भीतर समस्याओं का समाधान करने का आश्वासन दिया गया था। लेकिन एक माह बीत जाने के बावजूद किसी भी प्रकार का निराकरण नहीं किया गया, जिससे संघ एवं क्षेत्रवासियों में अशान्ति व्याप्त है। ज्ञापन सौंपने आये ग्रामीणों ने कहा कि आगामी 15 दिवस के भीतर उनकी समस्याओं का समाधान करें अन्यस्था वे धरना प्रदर्शन एवं चक्काजाम करने को बाध्य होगें जिसकी संपूर्ण जिम्मेदारी राज्य शासन, जिला प्रशासन के अलावा कंपनी प्रबंधन पर होगी। **बाईक रैली निकालकर सौंपा ज्ञापन**-ग्रामीणों ने कहा कि अपनी मांग के संबंध में उन्होंने 27 सितंबर को ज्ञापन सौंपा था और 30 दिवस के अंदर मांग पूरी नही होनें पर बाईक रैली निकालकर प्रदर्शन करने की बात कही गई थी। जिसके तहत आज तमनार क्षेत्र के ग्राम धौराभांठा टपरंगा चैक से खुरूसलेंगा, जमडांड, हमीरपुर, पालीघाट, बोईरदादर, सिग्नल चैक, मरीन ड्राईव होते हुए कलेक्टर कार्यालय पहुंचकर पुनः कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा है।

## फर्ज़ीवाड़ा पकड़े जाने के बाद भी अनजान बने बैठें है अधिकारी, तहसीदार के प्रतिवेदन को किया दरकिनार ...

# महिला एवं बाल विकास विभाग के जिम्मेदार अधिकारी दे रहे फर्जी दस्तावेज के सहारे नौकरी पाने वाली का साथ

पायनियर संवाददाता ◀ जांजगीर चांपा
www.dailypioneer.com




तहसीलदार के प्रतिवेदन को किया दरकिनार- तहसीलदार ने फर्जी दस्तावेज की जानकारी महिला एवं बाल विकास विभाग जांजगीर को भेज दी है। उसे भी विभाग द्वारा दरकिनार किया जा रहा है। महिला एवं बाल विकास विभाग को प्रतिवेदन भेजा जा चुका है उसके बाद भी सहायिका पूजा सारथी का नियुक्ति निरस्त करने के बजाए उसको अभयदान दिया जा रहा है।वे रोजाना आंगनबाड़ी जा रही है।

**पूजा सारथी फर्ज़ी दस्तावेज के सहारे कर रही हैं नौकरी-** महिला एवं बाल विकास विभाग की मेहरबानी से भांडा फूटने के बाद भी पूजा सारथी रोजाना जा रही हैं आंगनबाडी। फर्ज़ी निवास प्रमाण पत्र पर हुआ था कई बार आपत्ति लेकिन आँख मुंद कर विकासखंड परियोजना अधिकारी ने किया भर्ती। पुलिस को मिली शिकायत को किशन ऑनलाइन के विरुद्ध फर्जी निवास प्रणाम पत्र बनाने की शिकायत खुद पूजा सारथी ने किया फिर भी महिला एवं बाल विकास विभाग धृतराष्ट्र बना बैठा हैं।

चांपा नगर पालिका क्षेत्र के वार्ड नं. 12 आंगनबाडी क्रमांक 4 में हुई सहायिका की नियुक्ति में फर्जी दस्तावेज लगाए गए हैं। इसका खुलासा विकासखंड परियोजना अधिकारी के सामने ही तहसीलदार के जाँच में हुआ। पूजा सारथी जो चाम्पा नपा क्षेत्र के केंद्र क्रमांक 4 में सहायिका के पद पर नियुक्त हुई। तहसीलदार पुलकित साहू और प्रशिक्षु आईएस दुर्गा प्रसाद अधिकारी के द्वारा निवास प्रमाण पत्र की बारीकी से जांच किया गया तो यह दस्तावेज फर्जी पाए गए। इन दस्तावेज को तहसीलदार ने तत्काल प्रभाव से निरस्त कर दिया है। साथ ही पुलिस विभाग को कार्रवाई के लिए अवगत कराया गया है। जिसपर थाना चांपा में अपराध क्र. 461 धारा 318 (2), 338, 336 (3), 340 (1) के तहत अपराध पंजीबद्ध क र विवेचना जारी है।अपराध पंजीबद्ध होने के बाद आरोपी कम्प्यूटर दुकान संचालक फरार है।अबतक पुलिस के हाथ खाली है।आरोपी की गिरफ्तारी के बाद बहुत सी बातों का हो सकता है खुलासा। प्रथम दृष्टि में ही पूजा सारथी के निवास प्रमाण पत्र के फ़र्ज़ीवाड़ा को पकड़ा था।

आपको बता दें मतदाता परिचय पत्र के अनुसार पूजा सारथी पति चुणामणी सारथी निवासी वार्ड नंबर 21 की मूल निवासी है। वोटर लिस्ट में नाम है, और मकान 353 उल्लेखित हैं जो ना तो पूजा सारथी का हैं और ना ही किराये का ऐसे में उसके मतदाता परिचय पत्र का भी बारीकी से जाँच हो। सहायिका की नौकरी के लिए उन्होंने वार्ड नंबर 12 के संपूर्ण दस्तावेज बना लिए और नौकरी के लिए आवेदन कर दिया। इतना ही नहीं उन दस्तावेजों के आधार पर उनकी नियुक्ति भी हो गई। वार्ड 12 के पार्षद अवधेश यादव ने पूजा सारथी की नियुक्ति फर्ज़ी दस्तावेजों पर होने की आपत्ति महिला बाल विकास में लगा दी लेकिन परियोजना अधिकारी ने इस तरफ ध्यान देने के बजाए पार्षद को ही गलत ठहराता रहा। जिसके बाद कलेक्टर जनदर्शन में शिकायत किया गया,वहाँ भी नतीजा सिफर रहा हैं।

तहसीलदार पुलकित साहू और प्रशिक्षु आईएस दुर्गा प्रसाद अधिकारी ने दस्तावेजों की जांच की जिसमे प्रथम दृष्टि में ही फर्ज़ीवाड़ा सामने आ गया जिसके बाद कूट रचना करने वाले ऑनलाइन का संचालक फरार हैं। उसके द्वारा निवास प्रमाण पत्र में तहसीलदार पुलकित साहू के स्थान पर नायब तहसीलदार प्रशांत गुप्ता का सील और हस्ताक्षर स्कैन कर लगाया गया। मामले का भनक लगते ही ऑनलाइन का संचालक फरार हो गया हैं। फर्ज़ीवाड़ा का शिकायत चाम्पा थाना में किया गया हैं जिसकी जाँच चल रही हैं।

पूजा सारथी का मतदाता परिचय पत्र की भी बारीकी से जाँच होना चाहिए कि कब उसका नाम चाम्पा में जुडा कब कहाँ मतदान की हैं, क्या दो जगह मतदाता सूची में नाम थोड़ी हैं

**- अवधेश यादव , पार्षद वार्ड क्रमांक 12...**

मेरे द्वारा फर्जी दस्तावेज निरस्त कर महिला एवं बाल विकास विभाग जांजगीर को प्रतिवेदन भेजा है।आगे की कार्यवाही महिला एवं बाल विकास विभाग की है -

**- पुलकित साहू ,तहसीलदार, चाम्पा।**

रिकॉर्ड के आधार पर नियुक्ति ब्लॉक से हुआ हैं। मामला संज्ञान में आया हैं मै रिकॉर्ड के जाँच कर बता पाऊँगी -

**-अनिता अग्रवाल , महिला एवं बाल विकास अधिकारी,जांजगीर-चांपा।**

# स्कूल भवन की मांग को लेकर विधायक ने किया था सड़कजाम, घबराकर प्रशासन ने दिया था लिखित में आश्वासन, 2 माह बाद भी निर्माण कार्य नही हुआ शुरू

## ग्रामीण हुए एकजुट, भरदाकला शासकीय उच्चतर माध्यमिक शाला की समस्याओं को लेकर ग्रामीणजन कल से बैठेंगे आमरण अनशन पर


रायपुर, बुधवार 21 अगस्त 2024
पायनियर
स्कूल भवन निर्माण की मांग को लेकर विधायक कुंवर संग पालक, ग्रामीण और छात्राओं ने किया सड़क जाम



पायनियर संवाददाता ✓ बालोद
www.dailypioneer.com

जिले के गुंडरदेही विधानसभा क्षेत्र के ग्राम भरदाकला में हायर सेकंडरी स्कूल स्कूल के जर्जर भवन को गिराए जाने के बाद भी नए भवन का निर्माण नही करने को लेकर ग्रामीण अब आमरण अनशन की तैयारी में हैं। इसी मसले पर विधायक कुंवर सिंह निषाद द्वारा 20 अगस्त 2025 को साढ़े 3 घँटे से अधिक समय तक ग्राम भरदाकला के चौराहे पर चक्काजाम भी किया था। तब प्रशासन द्वारा 6 सितंबर तक स्कूल भवन का निर्माण कार्य शुरू करने लिखित में आश्वासन दिया था। बावजूद आज तलक नए स्कूल भवन की नींव तक नही रखी जा सकी है। लेकिन अब ग्रामीणों में प्रशासन को लेकर आक्रोश नज़र आ रहा है। अब वे गांधीगिरी की राह पकड़ कल 7 नवंबर बुधवार से आमरण अनशन की तैयारी में है। जिसके लिए उन्होंने स्थानीय प्रशासन को आमरण अनशन में बैठने की सूचना भी दे दी है।

### कमरों एवं शिक्षकों की कमी के कारण अध्यापन व्यवस्था हो रही चौपट

लिखित सूचना के माध्यम से अवगत कराते हुए बताया गया है कि 20 अगस्त 2024 पूर्व सूचना के आधर पर स्थानीय विधायक कुंवर सिंह निषाद एवं ग्रामवासी व पालको के द्वारा स्वीकृति स्वीकृत राशि 48 लाख शाला भवन के निरस्त होने एवं शिक्षकों को कमी को लेकर चक्का जाम किया गया था। लेकिन आज दिन तक न तो भवन के लिए स्वीकृति प्रदान की गई और न ही शिक्षक के कमी की व्यवस्था की गई। जबकि 20 अगस्त को प्रशासन के द्वारा लिखित में दिया गया है कि 6 सितंबर 2024 को यदि शासन स्तर से स्वीकृति नहीं मिलती है, तो जिला स्तर पर सीएसआर/डीएमएफ मद से स्वीकृत कर कार्य प्रारंभ कर दिया जायेगा। ग्रामीण तिभूषण साहू, भोपेन्द्र कुमार, नागेश, चंद्रकांत साहू, कामता प्रसाद धनकर, पुरेन्द्र कुमार, योगेंद्र कुमार, लोकेश कुमार का आरोप है की स्कूल की समस्या पर शासन-प्रशासन के द्वारा गंभीर लापरवाही बरती जा रही है। स्कूल की समस्या की ओर ध्यान नहीं दिये जाने के कारण छात्र छात्राओं की भविष्य अंधकार में है, कमरों एवं शिक्षकों की कमी के कारण अध्यापन व्यवस्था चौपट हो रही है। इन्ही सब समस्याओं को लेकर कल 7 नवम्बर से पालक व ग्रामवासी शासकीय उच्चतर माध्यमिक शाला के सामने आमरण अनशन पर बैठेंगें।

### स्कूल में है समस्याओं का अंबार

स्कूल में आलम यह है की अध्यनरत 349 छात्र-छात्राओं को मिडिल स्कूल परिसर की कक्षाओं, प्रयोगशाला पुस्तकालय के कक्ष और बरामदे में बैठकर पढ़ाया जा रहा है। इतना ही नहीं स्कूल में शिक्षकों को भी कमी है। छात्र-छात्राओं को कई समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। बता दे की बीते वर्ष स्कूल की जर्जर स्थिति को देखते हुए 6 कमरों का नया भवन बनाने के लिए 48 लाख 42 हजार की राशि की स्वीकृति शासन से मिली थी। इसके बाद बीते गर्मी के समय में गुंडरदेही एसडीएम से अनुमति मिलने के उपरांत पंचायत की ओर से जर्जर भवन को तोड़ने की कार्यवाही की गई थी। समय बढ़ता गया, लेकिन नया स्कूल भवन को बनाने के लिए कार्य शुरू नहीं हो पाया। वही बीते बारिश के मौसम में बच्चों को बरामदे में बैठकर पढ़ने में कठिनाई हुई। परिसर में बारिश के समय में पानी भर जाता था। जिसकी वजह से आने-जाने में दिक्क तों का सामना करना पड़ा। यहां शौचालय की भी समस्या उनको हो रही है।

### छात्र-छात्राओं को हो रही परेशानियां

दरअसल ग्राम भरदाकला के शासकीय उच्चतर माध्यमिक शाला में मुख्यमंत्री जतन योजना अंतर्गत 6 अतिरिक्त कक्ष के निर्माण के लिए पूर्व की भूपेश सरकार ने 48 लाख 42 हजार रुपये की स्वीकृति प्रदान की थी, तदुपरांत यहां के जर्जर भवन को तोड़ दिया गया था। ताकि नया भवन निर्माण हो सके। लेकिन आज पर्यंत तलक लिखित आश्वासन के बाद भी नया भवन का निर्माण शुरू नही हो पाया है। जबकि इसकी राशि भी शिक्षा विभाग को आई गई, बकायदा लोक निर्माण विभाग के द्वारा टेंडर भी निकाला गया। लेकिन 6 कमरों का भवन निर्माण कार्य शुरू नही हो पाया। जिसकी वजह से छात्र छात्राओं को अध्यापन हेतु काफी दिक्क तों का सामना करना पड़ रहा है। स्कूल में परिसर में बने मिडिल स्कूल का भवन, प्रयोगशाला कक्ष, पुस्तकालय कक्ष और बरामदे में बैठकर छात्र-छात्राए अपना भविष्य गढ़ रहें हैं। जिसके चलते छात्र-छात्राओं, ग्रामीण व पालको में शासन-प्रशासन के प्रति जमकर रोष व्यापत है।

# राज्योत्सव के उपलक्ष्य में गुनरबोड़ स्कूल में विविध कार्यक्रम का आयोजन



पायनियर संवाददाता ✓ बेमेतरा
www.dailypioneer.com

शासकीय प्राथमिक शाला गुनरबोड़ में छत्तीसगढ़ राज्योत्सव के उपलक्ष्य में बच्चों के लिए स्थानीय खेल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें बच्चों ने उत्साह के साथ फुगड़ी पिट्टूल बिल्लस खेले। नवाचारी शिक्षिका विधि शर्मा कहा कि बच्चों को हमेशा खेल भावना के साथ खेल खेलने की सीख दी। उन्होंने बच्चों को समझाया खेल में हार या जीत होना ही है इसके कारण मन में आपसी द्वेष की भावना उत्पन्न ना करें। नवाचारी शिक्षिका ने बच्चों को अपने राज्य से संबंधित जानकारी प्रदान करते हुए स्थानीय फसलें, छत्तीसगढ़ की प्रमुख नदियां, दर्शनीय स्थल, पारंपरिक पकवान , नृत्य एवं परिधान आदि से परिचय कराया तथा बच्चों को समझाया की छत्तीसगढ़िया सबले बढ़िया कहे जाने वाले हम छत्तीसगढ़ राज्य के निवासी हैं। जिसका हमें गर्व होना चाहिए। प्रधान पाठक आशा कुजूर ने बच्चों को राज्योत्सव की बधाई दी।

# कलेक्टर के सख्त कड़े निर्देश: जल जीवन मिशन में लापरवाही बर्दाश्त नहीं

## सभी घरों में 15 दिनों के भीतर स्वच्छ पेयजल उपलब्धता सुनिश्चित करने के दिए निर्देश

पायनियर संवाददाता ✓ कवर्धा
www.dailypioneer.com



कलेक्टर गोपाल वर्मा ने आज कवर्धा विकासखंड के ग्राम दौजरी का दौरा कर केंद्र तथा राज्य शासन द्वारा प्राथमिकता में रखे गए जनजीवन मिशन के तहत चल रहे कार्यों का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने जल जीवन मिशन के अंतर्गत घर-घर स्वच्छ पेयजल आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए बिछाई गई पाइपलाइन, नल कनेक्शन और जल आपूर्ति की व्यवस्था का बारीकी से अवलोकन किया। कलेक्टर ने निरीक्षण के दौरान ग्रामीणों के घरों में पहुंचकर पाइपलाइन की गुणवत्ता, नल की कार्यक्षमता और जल आपूर्ति की स्थिति का जायजा लिया। कलेक्टर ने पाया कि कुछ स्थानों पर पाइपलाइन का कार्य सही ढंग से पूरा नहीं होने के कारण लीक होने से पानी बह रहा था। कलेक्टर ने लापरवाही पूर्वक कार्य के लिए ठेकेदार पर कड़ी नाराजगी जताई। इस स्थिति पर उन्होंने तुरंत संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि पाइपलाइन लीकेज को शीघ्र अति शीघ्र सुधारा जाए, ताकि ग्रामीणों को सुचारू रूप से स्वच्छ पेयजल की आपूर्ति हो सके। उन्होंने निर्देश देते हुए कहा कि निर्माण कार्य पूरी गुणवत्ता के साथ होना चाहिए। कही भी शिकायत नहीं मिलना चाहिए। इस दौरान उन्होंने गांव में पेयजल आपूर्ति के संबंध में जानकारी ली। कार्यपालन अभियंता दिलीप सिंह राजपूत ने कलेक्टर को बताया कि गांव में कुल 319 घरों में पेयजल आपूर्ति का लक्ष्य निर्धारित किया गया है, जिनमें से अब तक 210 घरों में नल कनेक्शन के माध्यम से पेयजल की आपूर्ति की जा रही है। उन्होंने यह भी बताया कि बाकी घरों में जल्द से जल्द पेयजल आपूर्ति शुरू करने के लिए कार्य प्रगति पर है और अगले कुछ दिनों में यह कार्य पूरा कर लिया जाएगा। कलेक्टर वर्मा ने जल जीवन मिशन के तहत चल रहे कार्यों में तेजी लाने के सख्त निर्देश देते हुए कहा कि सभी घरों में 15 दिनों के भीतर पेयजल की उपलब्धता सुनिश्चित की जाए। उन्होंने स्पष्ट किया कि इस महत्वाकांक्षी मिशन में किसी भी प्रकार की लापरवाही को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। साथ ही, अधिकारियों को नियमित रूप से निरीक्षण करने और ग्रामीणों की समस्याओं का त्वरित समाधान करने के लिए हिदायत दी। कलेक्टर ने इस अवसर पर ग्रामीणों से बातचीत भी की। उन्होंने उनकी समस्याओं को सुना और जल जीवन मिशन की फीडबैक भी लिए। उन्होंने ग्रामीणों को बताया कि जल जीवन मिशन का उद्देश्य सभी घरों में स्वच्छ और सुरक्षित पेयजल पहुंचाना है। उन्होंने ग्रामवासियों से अपील की कि वे पानी की बचत करें और इसकी गुणवत्ता बनाए रखने में सहयोग दें। उन्होंने यह भी कहा कि जल आपूर्ति कार्यों में किसी प्रकार की अनियमितता पाए जाने पर ग्रामीण तुरंत शिकायत करें, ताकि समय रहते आवश्यक कदम उठाए जा सकें। कलेक्टर वर्मा ने इस दौरान जल जीवन मिशन के कार्यों की नियमित मॉनिटरिंग करने के निर्देश दिए और अधिकारियों को हिदायत दी कि वे समय-समय पर ठेकेदारों के कार्यों का निरीक्षण कर ग्रामीणों की समस्याओं का शीघ्र समाधान करें। उन्होंने कहा कि शासन द्वारा चलाए जा रहे इस महत्वाकांक्षी मिशन में किसी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने कहा कि इस मिशन के तहत हर घर में जल की आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए विभाग को पूरी तरह सतर्क रहना चाहिए। साथ ही, उन्होंने अधिकारियों से कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में जाकर लोगों की समस्याओं का समाधान शीघ्रता से करें और सुनिश्चित करें कि जल जीवन मिशन के कार्य बिना किसी व्यवधान के पूरी गुणवत्ता के साथ पूरा हों। जल जीवन मिशन अंतर्गत कबीरधाम जिले के 959 ग्रामों के लिए योजना तैयार की गई है, जिसमे से रेट्रोफिटिंग की 231, सिंगल विलेज की 542 व सोलर पंप आधारित 186 ग्राम सम्मिलित है। सभी ग्रामों में कार्य प्रारंभ कर दिया गया है।

# खपरी धोबी के सरपंच मुकेश ने स्कूल को दिया साउंड सिस्टम



पायनियर संवाददाता ✓ बेमेतरा
www.dailypioneer.com

ग्राम पंचायत खपरी धोबी विकासखण्ड साजा के सरपंच मुकेश निर्मलकर ने शासकीय प्राथमिक व पूर्व माध्यमिक शाला खपरी धोबी को अपने ग्राम पंचायत की ओर से एक मल्टीमीडिया साउंड बॉक्स प्रदान किये। सरपंच मुकेश निर्मलकर के द्वारा पूजा पाठ कर नये साउंड सिस्टम से प्रार्थना कराया गया। जिसमें सरपंच मुकेश निर्मलकर, राजेंद्र निर्मलकर, सुनील निर्मलकर व प्रधान पाठक धनेश रजक, थूकेल राम तारम, चंद्रशेखर कश्यप, रुखमणी सेन, रावत मैडम व पहली से आठवीं तक के सभी विद्यार्थी उपस्थित रहे। और सुन्दर साउंड सिस्टम से प्रार्थना किये। इस सराहनीय कार्य के लिए प्रधान पाठक धनेश रजक सहित सभी शिक्षक शिक्षिका व बच्चों ने सरपंच महोदय को धन्यवाद दिया। सरपंच मुकेश ने कहा की प्रधान पाठक धनेश रजक इस विद्यालय में ज्वाइन किये और मेरे से लगातार सम्पर्क साधते रहे की सरपंच महोदय मेरे विद्यालय को साउंड बॉक्स की अति आवश्यकता है। और कुछ संसाधन की जरूरत है, और आज आप सबके सहयोग से यह साउंड बॉक्स आप सबको प्रदान कर रहा हूँ। इससे बच्चों की अभियुक्ति कौशल के लिए किसी महापुरुषों की जयंती के अवसर पर बच्चों को डांस सिखाने में मदद होगी,और आने वाले समय में जो जरूरत स्कूल को होगी मदद करने का भरसक प्रयास करेंगे। पुनः विद्यालय परिवार ने इस अनुकरणीय पहल पर सरपंच सचिव व समस्त पंच गण को धन्यवाद दिया।

# शंकर वार्ड मे भी रंगोली की कलाकृति का अदभूत नजारा

पायनियर संवाददाता ✓ भाटापारा
www.dailypioneer.com




दीपावली त्यौहार मे रंगोली कि चित्रकला त्यौहार के उमंग उल्लास को चार गुणा बढ़ा देता है जो शहरवासियों के लिये यह कला आकर्षण का विषय रहता है। इसी संदर्भ मे शंकर वार्ड स्थित दीपा गिन्नोरे (शिक्षिका मार्डन इंग्लिश स्कूल) द्वारा बनाई गई रंगोली कि कलाकृति मे हिरण का चित्रांकन किया गया है। अपने आप मे रंगोली के माध्यम से लोगों को इसका रंगोली कला सजीव दर्शन सा भी महसूस करा कर रहा है जिसको देख लोग प्रशंसा किये बगैर नही रह पा रहे है। वही दूसरी और अनुष्का द्वारा प्रस्तुत रंगोली कि कला मे माँ आदिशक्ति का चित्रांकन अपने अदभुत कला के माध्यम से प्रस्तुत किया है जो आस्था व श्रध्दा से भाव विभोर करती हुई आकर्षण का विषय रहा है वही अभिनव दुबे द्वारा रंगोली के अदभूत कला के माध्यम से माँ काली का चित्रांकन किया गया है। जिसकी दिव्य दृष्टि से खुली हुई आंख व लभ लभाती चिभा रंगोली कि प्रदर्शन कला को आकर्षण का विषय बनाया हुआ है।

# मातर कार्यक्रम में शामिल हुए इंजीनियर के के देवांगन



पायनियर संवाददाता ✓ भाटापारा
www.dailypioneer.com

जिला पंचायत क्षेत्र के ग्राम पंचायत जरौद, गोरदी, एवं बोड़तरा के मातर कार्यक्रम में इंजीनियर के के देवांगन प्रदेश कार्यसमिति सदस्य ओबीसी मोर्चा भाजपा छत्तीसगढ़ शामिल हुए, देवांगन ने सभी को दिवाली त्यौहार के साथ साथ भाई दूज और मातर की बधाई देते हुए दिवाली त्यौहार को प्रेम और भाईचारे का पर्व बताया, देवांगन ने कहा कि यादव एवं यदु समाज द्वारा आयोजित मातर कार्यक्रम एवं राउत नाचा को छत्तीसगढ़ की पारंपरिक नृत्य के रूप मे सभी जानते है, देवांगन ने ग्राम पंचायत गोरदी में समाज के सभी लोगो के मांग पर अपने जिला पंचायत निधि से कार्यक्रम स्थल पर मंच निर्माण के लिए आश्वस्त किया। इस पर समाज के लोगों ने देवांगन का आभार जताया, इस अवसर पर गांव के सरपंच, जितेंद्र गहरे, उपसरपंच पुनउ साहू, जरौद में गांव के सरपंच रोशन वर्मा उपसरपंच शेष नारायण यदु, सहित सरोज साहू, यशवंत यदु, रोशन साहू, राकेश साहू, जय गोपाल यदु, शंकर साहू, आनंद राम यदु, नंदू यदु, रोहित यदु, सूर्या यदु, दुर्गेश यदु, सहित समाज प्रमुख एवं ग्राम वासी उपस्थित रहे।

# दिव्यांगों को सहायता-सहयोग के साथ प्रोत्साहन देना होगा : महेन्द्र कोचर

## पूर्व अध्यक्ष सुभाष सोहाने के जन्मदिन पर 6 दिव्यांगों को जयपुर पैर वितरित



पायनियर संवाददाता ✓ रायपुर
www.dailypioneer.com

अपना पैर खो चुके व्यक्ति का मन ग्लानि से ग्रसित होता है, उसे पराश्रित हो जाना पड़ता है। ऐसी स्थिति में उन्हें सहायता साथ प्रोत्साहन भी देना होता है कि वे प्रयास करने पर पुनः सामान्य जीवन जी सकते है। अपनी गतिशीलता को प्राप्त कर सकते है। आज हमे ईश्वरीय अनुभूति हो रही है कि कुछ अच्छा किया है। उक्त उदगार विनय मित्र मण्डल के संस्थापक व पूर्व अध्यक्ष महेन्द्र कोचर व पूर्व अध्यक्ष खेमराज बैद ने निःशुल्क जयपुर पैर वितरण समारोह में व्यक्त किये। समारोह में पूर्व अध्यक्ष स्व. सुभाष सोहाने के जन्मदिन पर सोहाने परिवार की सौजन्यता से जयपुर पैर दिए गए । पुत्र संकल्प सोहाने , सी ए अमित शर्मा व कल्प कोचर ने यादराम कृष्णन 24 वर्ष , गायत्री साहू 53 वर्ष , अशोक वर्मा 55 वर्ष , राजकुमार 60 वर्ष , नरेन्द्र वर्मा 68 वर्ष , खिलेश्वर साहू 49 वर्ष फुलेसरी साहू 38 वर्ष को जयपुर पैर पहनाकर खुशी खुशी चलते हुए देखकर अभिभूत हो गए । समारोह में संकल्प सोहाने , अमित शर्मा , महेन्द्र कोचर , खेमराज बैद कल्प कोचर उपस्थित थे , जयपुर पैरों का निर्माण कुशल कारीगर अब्दुल वहीद कुरैशी ने किया।

# एथेनाल प्लांट बंद के आंदोलनकारियों का प्रतिनिधिमंडल प्रभारी मंत्री से की मुलाकात

पायनियर संवाददाता ✓ बेमेतरा
www.dailypioneer.com



एथेनाल प्लांट बंद करने आंदोलन कर रहे किसानो का प्रतिनिधि मंडल ने अजीताभ मिश्रा के नेतृत्व मे उपमुख्यमंत्री तथा जिले के प्रभारी मंत्री अरुण साव से मिलकर उन्हें बेमेतरा जिला के पथर्रा और रांका में एथेनाल प्लांट के लिए विगत डेढ़ महीने से चल रहे आंदोलन कर रहे किसानो और उनकी चिंताएं और आशंका से अवगत कराते हुए रांका और पथर्रा के एथेनाल प्लांट को दिए गए एन ओ सी में गंभीर अनियमितता के दस्तावेज उन्हें सौंपा ,और इसकी गंभीरता की देखते हुए शीघ्र उच्च स्तरीय जांच कर कार्यवाही की मांग रखी है।एन ओ सी के लिए विज्ञापन जारी करने की तिथि से पूर्व ही मनमानी रूप से एन ओ सी जारी कर दिया गया इसकी जानकारी उन्होंने उप मुख्यमंत्री को बताई।मिश्रा ने कहा कि अनापत्ति का विज्ञापन निकालने के पहले ही तत्कालीन एस डी एम दुर्गेश वर्मा ने 2022 में एनओसी दे दिया तथा डायवर्सन के लिए एक तरफा कार्यवाही करते हुए बिना पंचायत के सहमति के बिना डायवर्सन का आदेश दे दिया साथ ही ग्राम सभा द्वारा, ग्राम पंचायत से पारित प्रस्ताव को रद्द करने जानकारी दी गई थी लेकिन शासन द्वारा अब तक इस दिशा में कोई कार्यवाही नहीं की गई है। इसी प्रकार प्लांट के नजदीक स्कूल तालाब आदि की जानकारी के गलत तथ्य प्रस्तुत किए गए है,जो पूरी तरह निराधार है। मंत्री ने सभी बातों को ध्यान से सुनते हुए आवश्यक कार्यवाही करने का आश्वासन दिया है।मुलाकात के क्रम में आज किसान संघ के संयोजक प्रमिल तिवारी एवं प्रतिनिधिमंडल ने गृह मंत्री विजय शर्मा से भी मुलाकात कर चर्चा की और उन्हें बताया कि इस प्लांट के लिए दी गई अनुमति ही पूरी तरह से गलत तथ्यों के आधार पर नियम कानून को ताक पर रख कर दी गई है,इन्हीं गलत तथ्यों के दस्तावेज जिला प्रशासन को सौंपने और इस प्लांट पर कार्यवाही की फरियाद ले कर गए किसानो पर ही दमनकारी नीति लागू करते हुए दो किसानों को 151 में कार्यवाही करने और दो अन्य किसान पर झूठा अपराधिक प्रकरण दर्ज कर इस आंदोलन को कुचलने का प्रयास किया गया है।माननीय मंत्री महोदय ने प्रतिनिधिमंडल की बात को ध्यान से सुनते हुए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक कार्यवाही हेतु निर्देश दिया है। इसी प्रकार लगातार राजधानी में किसान संघ ने अपनी समस्याओं से अवगत करते हुए पर्यावरण मंत्री ओपी चौधरी से भी मिलने का कार्यक्रम बनाया है ।किसान संघ के प्रमिला तिवारी ने बताया कि गैर राजनीतिक पर्यावरण प्रेमियों और किसान नेता जिसमें मेघा पाटकर और राकेश टिकैत के नाम शामिल हैं से संपर्क किया गया है।और आंदोलन के लिए समर्थन लेने का प्रयास किया जा रहा है ,उनकी ओर से आश्वासन प्राप्त हो चुका है।आगामी दिनों में शीघ्र ही उन्हें आंदोलन स्थल पर आने की पूरी संभावना बनी हुई है।आज बेमेतरा जिला के पथर्रा में ग्राम के लोगों सहित आसपास की ग्रामीणों के आंदोलन को 45 दिन पूरे हो चुके है।जो अब भी जोश और जुनून के साथ धरना में बैठे हैं शासन प्रशासन किसानों की धैर्य की परीक्षा ले रही है लगातार आसपास के गांव के लोगों का समर्थन बढ़ते ही जा रहा है। आंदोलन में निरंतर सक्रिय रहने वाले रामलाल यादव का आज आकस्मिक निधन से पूरा माहौल बेहद गमगीन रहा।इस आंदोलन में सक्रिय रूप से जुड़े लोगों में ये विगत 45 दिन में तीसरा निधन है।सभी को आंदोलन स्थल पर दो मिनट का मौन रखकर श्रद्धांजलि दी गई।आंदोलन 45 दिनों बाद भी यथावत जारी है।धरना स्थल पर आकर प्रतिनिधिमंडल ने सारे घटनाक्रम की जानकारी प्रदान की प्रदर्शन स्थल पर उपस्थित लोगों को दी। आंदोलन करियों ने बताया बहुत जल्दी एक बड़ी महापंचायत रांका कठिया के बीच शीघ्र ही आहूत की जाएगी। प्रमुख रूप से बसंत जोशी,हेमंत साहू,श्यामलाल प्रीत काली निषाद, पनाबाई कोशली चंद्रिका विश्वकर्मा,सरपंच उषा शर्म,नरेश साहू ,घनाराम निषाद,अवध साहू,टीकाराम साहू, ऋषि साहू,हेमलाल साहू,सहित बड़ी संख्या में महिला पुरुष सभी उपस्थित रहे।

# शहीदों के गौरव पर शराब हावी... घुमका में शराब दुकान खोलने का प्रस्ताव ग्राम सभा में पास

## आबकारी ने मांगा था प्रस्ताव, मंगलवार को पारित किया गया

पायनियर संवाददाता < राजनांदगांव
www.dailypioneer.com



घुमका में देशी शराब दुकान खोलने आबकारी विभाग ने जनपद पंचायत के मार्फत ग्राम पंचायत से प्रस्ताव मांगा था। इस संबंध में मंगलवार को ग्रामीणों ने प्रस्ताव पारित कर दिया। सेनानियों के शहादत से मिले गौरव ग्राम में शराब दुकान नहीं खोलने के सरकार की नीतियों को ताक पर रख आखिर आबकारी विभाग अपने मंसूबे में कामयाब हो गया। शराब दुकान खोलने ग्रामीणों की सकारात्मक प्रतिक्रिया का हवाला देकर विभाग ने 26 अक्टूबर को पंचायत से प्रस्ताव मांगा लेकिन पंचायत की ओर से प्रस्ताव देने में देरी होते देख दो दिन बाद 29 अक्टूबर को जनपद पंचायत के माध्यम से बकायदा ग्रामसभा की तिथि 5 नवम्बर निर्धारित कर प्रस्ताव भेजने का फरमान जारी किया गया। दुकान संचालन के लिए लगातार पत्र जारी करने से विभाग की खासी रुचि को लेकर एक सेनानी के परिजन ने कड़ी आपत्ति जताते हुए विरोध कर शासन प्रशासन को राजधर्म पालन करने की नसीहत तक दी है। आबकारी विभाग की इस प्रक्रिया के बाद अब विवाद की स्थिति बन रही है। वर्ष 2012 से घुमका में शराब दुकान बंद कर दिया गया है। चूंकि राज्य सरकार की आबकारी नीति के तहत गौरव ग्राम में शराब दुकान का संचालन नहीं करने का स्थायी निर्णय केबिनेट में पारित कर अधिनियम बनाया जा चुका है। बावजूद इसके फिर से शराब दुकान खोलने की योजना को लेकर महिला समूहों में नाराजगी और मायूसी दिख रही है।

### भाजपा सरकार ने ही दिया था गौरव ग्राम का तमगा

राज्य की तत्कालीन भाजपा सरकार ने शराब दुकानों के संचालन के लिए कुछ विशेष शर्तों के साथ नियम पारित किया है। चूंकि स्वतंत्रता संग्राम में अहम भागीदारी निभाने वाले ग्रामीणों के गांव को गौरव ग्राम का दर्जा दिया गया है और गौरव ग्राम में शराब दुकान का संचालन नहीं किया जाना है। घुमका निवासी चिंता राम द्विवेदी और बेनी प्रसाद दुबे ने देश की स्वतंत्रता के आंदोलन में भाग लिया था। इनके योगदान को चिरस्मरणीय बनाने दोनों सेनानियों के निधन उपरांत साल 2011 में घुमका को गौरव ग्राम का दर्जा दिया गया। इसके बाद सरकार ने ऐसे गांव में संचालित शराब दुकानों को बंद करने का आदेश जारी कर दिया और अप्रैल2012 से घुमका के देशी शराब दुकान को बंद कर दिया गया।

### पहले भी ग्रामीणों ने किया संघर्ष

इसके पहले भी समय समय पर घुमका के शराब दुकान को बंद करने ग्रामीणों ने काफी संघर्ष किया था। साल 2002 में शराब दुकान बंद करने ग्रामीणों ने एकजुट होकर आंदोलनरत ग्रामीणों पर पुलिस ने जमकर लाठीचार्ज किया था। तब शराब दुकान बंद तो नहीं हुआ अलबत्ता शराब दुकान को बस्ती से हटाकर आऊटर में शिफ्ट किया गया था। इसके बावजूद ग्रामीणों का आ ेश शांत नहीं हुआ और समय समय पर शराब दुकान हटाने ग्रामीणों और खासकर महिला समूहों का विरोध चलता रहा। राज्य सरकार की ओर से गठित भारतमाता वाहिनी के नेतृत्व में शराब दुकान बंद करने अभियान चलाया जाता रहा। अंततः सेनानियों के बलिदान से गौरव ग्राम बनने के बाद सरकार की आबकारी नीति में संशोधन से आखिर घुमका में शराब दुकान 2012 से बंद कर दिया गया।

### शराब का विरोध करती रही भाजपा खुद निशाने पर

वहीं बीते पांच साल तक विपक्ष में रही भाजपा ने शराबबंदी को लेकर भूपेश बघेल सरकार को आड़े हाथों लिया। लेकिन अब सत्ता में बैठी भाजपा सरकार के खुद शराब दुकान खोलने की मंशा को लेकर सीधे विपक्ष के निशाने पर है। वहीं राज्य सरकार के निर्णय से वाकिफआबकारी महकमे के अधिकारियों के शराब दुकान के लिए प्रस्ताव मांगने के पत्र जारी करने के बाद विभाग को लेकर भी सवाल खड़े हो रहें हैं। वहीं परिजनों ने सेनानियों के कीर्ति को कलंकित करने का आरोप भी लगाया है।

### नीति और नियत दोनों में खोट : रूपेश दुबे

स्वतंत्रता संग्राम सेनानी के परिजन एवं प्रदेश कांग्रेस के प्रवक्त ा रूपेश दुबे ने कहां की भाजपा सरकार की शराब नीति 2024 - 25 में नई शराब दुकान नहीं खोलने का निर्णय लिया गया है। वही गौरव ग्राम में साजिश के तहत शराब दुकान खोलने की तैयारी का प्रशासनिक दुस्साहस भाजपा सरकार को नीति हीन साबित कर दिया है। दुबे ने कहा कोशिकाओं के दम पर चलने वाली अक्षम प्रशासन के चलते छत्तीसगढ़ में सरकार नाम की कोई चीज नहीं है।

# मेकॉज में 20 डॉक्टरों का सामूहिक इस्तीफा, अस्पताल से बाहर प्रेक्टिस और नर्सिंग होम में सेवाएं पर प्रतिबंध का विरोध

## मेडिकल कॉलेज अस्पताल में ईलाज प्रभावित होगा, कॉलेज की मान्यता पर खतरा बढ़ा

**राजनांदगांव।** पेंड्री स्थित मेडिकल कॉलेज अस्पताल से करीब 20 डॉक्टरों ने इस्तीफा दे दिया है। मौजूदा सरकार की नॉन प्रेक्टिस पॉलिसी पर विरोध जताते हुए डॉक्टरों ने यह कदम उठाया है। इस्तीफा देने वालों में सीनियर, जूनियर, संविदा और नियमित डॉक्टर शामिल हैं। इससे पहले भी नई पॉलिसी आने के बाद एक डॉक्टर ने इस्तीफा दिया था। इस सामूहिक त्यागपत्र के बाद मेडिकल कॉलेज सह अस्पताल की स्थिति को लेकर चिंतित होने की जरुरत है। पहले ही मेडिकल कॉलेज आवश्यकता से एक तिहाई मानव संसाधनों के साथ संचालित हो रहा है। इस बीच लगातार चिकित्सकों के कॉलेज छोड़ने से स्थिति और बिगड़ती नज़र आ रही है। गौरतलब है कि, केंद्र के निर्देशों पर राज्य सरकार ने शासकीय चिकित्सकों के प्राइवेट प्रेक्टिस और निजी नर्सिंग होम में सेवाएं देने पर प्रतिबंध लगाया था। इसे लागू करते हुए चिकित्सकों और अस्पतालों से शपथ पत्र भी मांगे गए थे। सरकार के निर्णय के बाद से ही डॉक्टर नाराजगी जाहिर कर रहे थे। डॉक्टर्स निजी प्रेक्टिस और प्राइवेट नर्सिंग होम में सेवाएं देने से पृथक किये जाने से बड़े नुकसान को आंक रहे हैं। मेडिकल कॉलेज्स में आवश्यक संसाधानों, सुविधाओं और स्टॉफ जांचने वाले नेशनल मेडिकल कमीशन (एनएमसी) की नज़र पहले ही प्रदेश के मेडिकल कॉलेजों पर बनी हुई है। दरअसल, एनएमसी कॉलेजों को मिली मान्यता के आधार पर जरुरी मापदंडो को परखता है। अगर इनमें कमी मिले तो मेडिकल कॉलेज की मान्यता रद्द की जा सकती है। फिलहाल राजनांदगांव का मेडिकल कॉलेज भी इस खतरे में फंसा हुआ है। विभागाध्यक्षों, सीनियर प्रोफेसर की कमी तो यहां है ही बल्कि आवश्यक सेटअप का कुल 30-40 प्रतिशत पद में ही डॉक्टर और दूसरे स्टॉफ कार्यरत हैं। लगातार अभावों से जूझ रहे मेडिकल कॉलेज में चिकित्सकों के इस्तीफे से यह स्थिति और गहरा गई है।

# सूखे वृक्ष को हटाने की दरकार

पायनियर संवाददाता < छुरिया
www.dailypioneer.com




वार्ड क्रमांक 2 छुरिया से चिचोला रोड पर पेट्रोल पंप के सामने एक पुराने पेड़ से खतरा बना हुआ है। यह पेड़ पूरी तरह सूख चुका है और यह अब-तब गिरने की स्थिति में है। वार्ड वासियों ने नगर पंचायत में इसे हटाने की मांग रखी है। अब तक अधिकारियों और जन प्रतिनिधियों ने इस पर ध्यान नहीं दिया है। उन्हें तहसील कार्यालय जाने कहा गया है। वार्डवासियों का कहना है यह सूखा वृक्ष कभी भी गिर सकता है जिससे बड़ी हानि हो सकती है। तत्काल इस वृक्ष की कटाई की जानी चाहिए।



## ताजूराम साहू का निधन

**डोंगरगांव नगर।** अंचल के ग्राम सांगिनकछार निवासी ताजूराम साहू का 5 नवंबर को निधन हो गया। वे लगभग 72 वर्ष के थे। वे कुछ दिनों से अस्वस्थ थे। वे क्षेत्र के युवा पत्रकार टुम्मन साहू के पिता थे। स्व साहू अपने पीछे 5 पुत्रों लूणकरण, जसवंत, टुम्मन, पालनदास व हरीप्रसाद सहित भरापूरा परिवार पीछे छोड़ गए हैं। स्व साहू का अंतिम संस्कार आज 6 नवंबर को सुबह 9 बजे स्थानीय मुक्तिधाम में किया जाएगा।

# कांग्रेस पर संलिप्तता का आरोप, भाजयुमो ने पुतला फूंका

पायनियर संवाददाता < राजनांदगांव
www.dailypioneer.com




भारतीय जनता युवा मोर्चा ने सोमवार को मानव मंदिर चौक में प्रदेश में हिंसक घटनाओं को अंजाम देने में कांग्रेसियों की संलिप्तता का आरोप लगाते कांग्रेस कमेटी का पुतला दहन किया गया। प्रदेश भाजपा युवा मोर्चा के आह्वान पर राजनांदगांव में युवा मोर्चा के कार्यकर्ताओं ने सोमवार को प्रदेश में लगातार घट रही हिंसक घटनाओं को लेकर इसमें कांग्रेस के लोगों के शामिल होने का आरोप लगाते कांग्रेस कमेटी का पुतला दहन किया। इस दौरान मानव मंदिर चौक में कांग्रेस के खिलाफ जमकर नारेबाजी की गई। प्रदर्शन के दौरान भाजयुमो ने कहा कि दामाखेड़ा कबीर आश्रम में उदित मुनि साहब के ऊपर हमला में कांग्रेस की संलिप्तता व बलौदाबाजार, सूरजपुर, कवर्धा सहित छत्तीसगढ़ प्रदेश के अन्य क्षेत्रों में कांग्रेस पार्टी द्वारा प्रदेश का वातावरण को दूषित करने व अशांति फैलाने का प्रयास किया जा रहा है। विरोध प्रदर्शन करने के अवसर पर जिला भाजयुमो महामंत्री गोलू सूर्यवंशी, भाजपा मंडल महामंत्री प्रशांत गुप्ता (गोलू), भाजपा उपाध्यक्ष सुमीत सिंह भाटिया, हेतल भोजानी, विनोद श्रीरंगे, भाजयुमो जिला उपाध्यक्ष पिंटू वर्मा, विक्रांत श्रीवास्तव, आशुतोष सिंह, साकेत वैष्णव, द मं. भाजयुमो शहर अध्यक्ष प्रखर श्रीवास्तव, महामंत्री आशीष जैन, उपाध्यक्ष नितेश नायक, सुवितेश श्रीवास्तव, अमितेश झा, रोहित सिन्हा, विकास साहू, आशीष सिन्हा, सौरभ सिंह राजपूत, अंकित देवांगन सहित अनेंक पदाधिकारी उपस्थित थे।

# रास्ता न देने पर परिवार का हुक्का-पानी बंद

## पीड़ित ने जिला प्रशासन से लगाई गुहार



पायनियर संवाददाता < राजनांदगांव
www.dailypioneer.com

डोंगरगांव इलाके के ग्राम दीवानझिटिया में एक परिवार का हुक्का-पानी बंद कर दिया गया है। पीड़ित परिवार ने कलेक्टर और पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुंचकर न्याय की गुहार लगाई है। पीड़ित शिवकुमार यदु ने बताया कि उसे पारिवारिक बंटवारे में 40 डिसमिल जमीन मिली है। जिसके बीच से गांव के लोग रास्ता देने की मांग कर रहे थे, जब उसके द्वारा अपनी जमीन से रास्ता देने से मना किया गया तो गांव में बैठक कर उस पर 5 हजार रुपए का अर्थदंड लगाया गया, लेकिन जब उसने अर्थदंड पटाने से भी इंकार किया तो गांव के प्रमुखों द्वारा गांव में उसका हुक्का-पानी बंद कर दिया गया। पीड़ित ने अपने ज्ञापन में गांव के प्रमुखों के खिलाफ नामजद शिकायत करते कार्रवाई की मांग की है। वहीं हुक्का-पानी बंद होने से उनका परिवार मानसिक तनाव के दौर से गुजर रहा है। पीड़ित परिवार ने न्याय की गुहार लगाई है।

# नवपदस्थ सीईओ से सचिव संघ ने की मुलाकात जपंसीईओ ने ली सचिवों की परिचयात्मक बैठक



पायनियर संवाददाता < डोंगरगांव नगर
www.dailypioneer.com

जनपद पंचायत में नवपदस्थ मुख्य कार्यपालन अधिकारी रोशनी भगत टोप्पो से ग्राम पंचायत सचिव संघ ब्लॉक इकाई ने शिष्टाचार भेंट की। सचिवों ने टोप्पो को गुलदस्ता भेंटकर आत्मीय स्वागत कर बेहतर कार्यकाल के लिए शुभकामनाएँ दी। मंगलवार को नवपदस्थ सीईओ टोप्पो ने ग्राम पंचायत सचिवों के साथ परिचयात्मक बैठक ली। उल्लेखनीय है कि नवपदस्थ सीईओ रोशनी भगत टोप्पो ने हालिया दिनों ही निवर्तमान सीईओ नवीन कुमार के स्थान पर सीईओ का कार्यभार संभाला है। पुर्व सीईओ नवीन कुमार का बेमेतरा तबादला हुआ है। वहीं सीईओ टोप्पो डौंडीलोहारा से तबादले पर डोंगरगांव आई हैं। जनपद पंचायत में मुलाकात के दौरान ब्लॉक अध्यक्ष रामदुलार साहू, योगेश साहू, मौसमी साहू, मोनिका खत्री सहित अन्य सचिव उपस्थित थे।

# गांव के बदमाशों और शराब कोचियों पर कार्रवाई की मांग, ग्रामीणों ने कलेक्टर-एसपी दफ्तर घेरा

- रामपुर में बिगड़ते माहौल पर ग्रामीण आ ेशित, नामजद शिकायत की

पायनियर संवाददाता < राजनांदगांव
www.dailypioneer.com



बदमाशों और शराब कोचियों पर कार्रवाई की मांग को लेकर रामपुर के ग्राम समिति व ग्रामीण बड़ी संख्या में कलेक्टर और एसपी कार्यालय धमक पड़े। ग्रामीणों ने ज्ञापन सौंपते कहा कि असामाजिक तत्वों द्वारा ग्राम प्रमुख के घर जाकर गाली-गलौज करते उनके बेटे से मारपीट की गई। बीच-बचाव करने पर गांव के लोगों से भी मारपीट की। पूर्व में उन्हें कई बार समझाईश दी गई थी, किन्तु वे अपने आदत में कोई सुधार नहीं किया गया। वे दोनों भाई संजय कुमार टांडेकर व सज्जन टांडेकर दोनों निगरानी बदमाश हैं। इनके विरूद्ध थाना में कई बार शिकायत की गई, फिर भी कोई कार्रवाई नहीं की गई। 3 नवंबर को ग्राम छत्रपाल द्वारा परमेश्वर नेताम को मारपीट किया गया। टांडेकर दोनों भाई के साथी घनसू यादव उर्फ बटाई यादव द्वारा जनपद सदस्य मनीष साहू को जान से मारने की धमकी दी है। ग्राम के रंजीत मंडावी द्वारा ग्राम के भरत साहू को मां-बहन की गाली-गलौज किया एवं मारने की धमकी दी। ग्राम के अन्य और भी लड़के जो कभी ग्राम प्रमुखों से विवाद कर मारपीट पर उतर आते हैं उनमें सज्जन टांडेकर, संजय टांडेकर, घनसू यादव, छत्रपाल विश्वकर्मा, रंजीत मंडावी व कैलाश नेता शामिल हैं। ग्रामीणों ने संजय और सज्जन टांडेकर जो निगरानी बदमाश हैं इनके विरूद्ध जिला बदल की कार्रवाई करने की मांग की। ज्ञापन सौंपने के दौरान ग्राम समिति रामपुर के अध्यक्ष दुधेराम साहू, सचिव दुधनाथ मंडावी, मनीष साहू, रूपचंद साहू, जीवनलाल साहू, संतराम समेत बड़ी संख्या में ग्रामीण व महिलाएं भी शामिल थी।

# निकाय को खोखला कर रहे नगर के नामी बकायेदार नामी बकायादारों के प्रतिष्ठनों में पहुंची राजस्व टीम

## निकाय टीम की टेक्स जमा कराने प्रतिष्ठानों में धमक

पायनियर संवाददाता < डोंगरगांव नगर
www.dailypioneer.com



नगर पंचायत में पहली दफा प्रशासन ने निकाय के बकाया टेक्स को लेकर सख्त कदम उठाया है। उल्लेखनीय है कि नगर पंचायत के राजस्व विभाग द्वारा नगर के 50 बड़े बकाया दारो को बकाया टैक्स राशि 13 लाख 97 हजार का बिल लगभग एक माह पूर्व दिया जा चुका था, हालांकि सिर्फ2 करदाताओं द्वारा ही 51 हजार का टैक्स जमा कराया जा सका है। निकाय के बकायादारों को पुर्व सूचना के आधार पर सीएमओ विनम्र जेमा की अगुवाई में राजस्व टीम ने दिवाली पर्व के बाद 4 नवंबर को सख्त कदम उठाते हुए बड़े बकायादारों के प्रतिष्ठान में धमक दी। निकाय टीम ने टाटा वाले सेठ, माहेश्वरी किराना स्टोर्स जैसे नामी प्रतिष्ठानों में धमक देते हुए टेक्स बकाया बिल थमाते हुए 7 दिवस के भीतर टेक्स जमा कराने अथवा नगर पालिका अधिनियम की धारा 162 के तहत डिमांड नोट जारी कर नियमानुसार वसूली किये जाने की ताकीद दी। नगर पंचायत की राजस्व टीम के सीधे प्रतिष्ठान में पहुंचने से प्रतिष्ठान संचालको में अफरातफरी की स्थिति बन गई। इस दौरान सीएमओ ने सभी बड़े बकायादारों को टैक्स जमा करने अपील की। राजस्व टीम में उमाशंकर पाल, कमल कोठारी, महेश बैस, खेलेंद्र नायक व दीपक मेश्राम सहित अन्य शामिल थे।

## सामाजिक पदाधिकारियों ने घर पहुंच किया अभिनंदन

# सिन्हा समाज के 15 युवाओं का एसआई में चयन

पायनियर संवाददाता < डोंगरगांव नगर
www.dailypioneer.com



छत्तीसगढ़ शासन द्वारा गत दिनों पुलिस विभाग में सब इंस्पेक्टर तथा प्लाटून कमान्डर पद पर चयनित अभ्यर्थियों की सूची जारी की गई है। उक्त सूची में सिन्हा कलार समाज के 15 युवक व युवतियों का भी चयन हुआ है। इन सभी युवाओं को बधाई और शुभकामनाएं देने के लिए सिन्हा समाज के प्रदेश संरक्षक दीपक सिन्हा की अगुवाई में जिला व ब्लाक स्तर के पदाधिकारी युवाओं के निज निवास पहुंचे और सभी का सम्मान किया। उल्लेखनीय है कि यह पहली बार है जब इतनी बड़ी संख्या में सिन्हा कलार समाज के युवाओं का चयन पुलिस सेवा में हुआ है। चयनित अभ्यर्थियों में प्रमुख तौर पर अभिषेक सिन्हा, संजीत जायसवाल, महेन्द्र जायसवाल, कुलदीप कुमार जायसवाल, कंचन सिन्हा, अभिलाष सिन्हा, दीपशिखा सिन्हा, मनीष सिन्हा, चन्दूलाल जैन, विकास कुमार गजेन्द्र, तेजेन्द्र कुमार सिन्हा, मुकेश सिन्हा तथा उमेश कुमार सिन्हा का चयन एसआई पद हेतु तथा पुष्पेन्द्र जायसवाल, सतीश कुमार जायसवाल, नवीन जायसवाल, यतन गजेन्द्र, आशीष सिन्हा, ऐश्वर्य जैन एवं मयंक सिन्हा का चयन प्लाटून कमांडर पद में हुआ है। खास बात यह है कि इनमें से 5 राजनांदगांव जिले के ही निवासी हैं। दीपशिखा सिन्हा पिता भोलाराम सिन्हा चिखली राजनांदगांव, मनीष सिन्हा पिता चंद्रभूषण सिन्हा खैरझिटी, मुकेश सिन्हा पिता शत्रुघन सिन्हा खैरझिटी, खेमलाल सिन्हा पिता सादीराम सिन्हा ग्राम ठेलकाडीह तथा यतन गजेन्द्र पिता जोहार लाल गजेन्द्र भंडारपुर डोंगरगढ़ के निवासी हैं। सिन्हा कलार समाज के जिला प्रचार प्रसार मंत्री बालकृष्ण सिन्हा ने बताया कि बड़ी संख्या में समाज के युवाओं के पुलिस सेवा में चयनित होने पर खुशी और हर्ष व्याप्त है। और समाज के लोग इससे गर्व महसूस कर रहे हैं। चयनित सभी युवाओं को समाज के लोगों ने बधाई व शुभकामनाएं प्रेषित की है। इस अवसर पर समाज के प्रांतीय संरक्षक दीपक कुमार सिन्हा के नेतृत्व में पूर्व निर्वाचन अधिकारी पीएल सिन्हा, शहर मंडलेश्वर नाथूराम सिन्हा, राजनंदगांव ग्रामीण मंडलेश्वर प्यारेलाल सिन्हा, कोषाध्यक्ष अशोक सिन्हे, डोंगरगांव मंडलेश्वर भागवत सिन्हा, एलबीनगर मंडलेश्वर उत्तम सिन्हा, सचिव रेवाराम सिन्हा, पूर्व सचिव शिव डड़सेना, एलबीनगर मंडल मिडिया प्रभारी पवन कुमार सिन्हा, राजूराम सिन्हा आदि चयनित युवाओं के घर पहुंचे और उनके साथ परिवारजनो को भी बधाई प्रेषित दी।

# कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन आत्महत्या के लिए दोषी अधिकारियों पर कार्रवाई की मांग

**राजनांदगांव।** सर्व ब्राह्मण समाज राजनांदगांव ने रायपुर निवासी स्वर्गीय प्रदीप उपाध्याय के आत्महत्या मामले में दोषी अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग करते हुए राजनांदगांव कलेक्टर संजय अग्रवाल को राज्यपाल के नाम ज्ञापन सौंपा। समाज के सदस्यों का कहना है कि प्रदीप उपाध्याय ने अपने सुसाइड नोट में अपने आला अधिकारी का नाम दर्ज कर उनके उत्पीड़न का उल्लेख किया था, जो उनकी आत्महत्या का मुख्य कारण माना जा रहा है। इसके बावजूद प्रशासन द्वारा पीड़ित परिवार को न्याय दिलाने की दिशा में कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया है। ज्ञापन में सर्व ब्राह्मण समाज ने चेतावनी दी है कि यदि प्रशासन ने इस मामले में शीघ्र कार्रवाई नहीं की तो समाज प्रदेशभर में कठोर कदम उठाएगा। समाज के सदस्यों का कहना है कि यह मामला केवल एक व्यक्ति का नहीं है, बल्कि समाज के सम्मान और सुरक्षा का भी प्रश्न है। ज्ञापन देने वाले में प्रमुख रूप से मौलेश तिवारी, रुपेश जोशी, ऋषि शास्त्री, राकेश दुबे, प्रदीप शर्मा, मनोज दुबे, शशांक झा, क्रांति तिवारी एवं अन्य सामाजिक लोग उपस्थित थे।

# बच्चे को नदी में फेंका, युवकों ने बचाया, आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज

**राजनांदगांव।** मोहारा वार्ड के एक बच्चे को युवक द्वारा नदी में फेंकने की घटना सामने आई है। हालांकि हादसे के दौरान नदी में नहाते दो युवकों ने मासूम को डूबने से बचा लिया। बसंतपुर पुलिस ने बालक की मां की रिपोर्ट के आधार पर युवक के खिलाफमामला दर्ज किया है। मोहारा वार्ड की रहने वाली सावित्री देवांगन के दो बच्चे समीर देवांगन और आशीष देवांगन दो नवंबर को सुबह पड़ोस के एक बच्चे के साथ शिवनाथ नदी के मोहारा तट पर खेल रहे थे। इस दौरान वार्ड के ही एक युवक कार्तिक सोनकर ने आशीष देवांगन को नदी में फेंक दिया। इस हादसे के दौरान नदी में नहा रहे विनोद निषाद एवं जितेन्द्र देवांगन ने बच्चे को पानी में डूबने से बचा लिया। मासूम का बड़ा भाई समीर देवांगन दौड़ते अपने पिता राजू लाल देवांगन के पास पहुंचा और उसने घटना की जानकारी दी। माता-पिता जब मौके पर पहुंचे तो मासूम पानी में भीगा हुआ था। माता-पिता को देखकर सनकी युवक ने चाकू दिखाकर सभी को धमकाया। घटना से घबराए परिजनों ने बसंतपुर पुलिस से शिकायत की। बसंतपुर पुलिस ने युवक के खिलाफमामला दर्ज कर लिया है।

# पार्षद रजनी संजय रामचंद्र की सक्रियता से वार्ड क्रमांक–06 में लगा पानी का पंप

## रजनी ने कहा- वार्ड वासियों को सुविधाये देना ही हमारी प्राथमिकता

पायनियर संवाददाता ◄ सक्ती
www.dailypioneer.com



नगर पालिका परिषद शक्ति की वार्ड क्रमांक-06 गुरुद्वारा वार्ड की भारतीय जनता पार्टी की सक्रिय, ऊर्जावान पार्षद रजनी संजय रामचंद्र के प्रयासों से शहर के गौरव पथ मार्ग में ऋषि हार्डवेयर के सामने 5 नवंबर को राज्य स्थापना दिवस के मौके पर छत्तीसगढ़ प्रदेश में विष्णु देव के सुशासन वाली सरकार द्वारा करवाए जा रहे विकास कार्यों की श्रृंखला में पानी का नया पंप डलवाया गया, जिससे नागरिकों ने राहत की सांस ली है, एवं वार्ड क्रमांक- 06 की पार्षद रजनी संजय रामचंद्र ने कहा है कि वार्ड के नागरिकों को छत्तीसगढ़ शासन की मंशा अनुरूप बेहतर सुविधाएं उपलब्ध करवाना ही उनकी पहली प्राथमिकता है। तथा इस दौरान भाजपा के जिला उपाध्यक्ष एवं पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष संजय रामचंद्र ने कहा कि वार्ड क्रमांक-06 में जगह-जगह आवश्यकता अनुसार पानी के बोर उत्खनन करवाकर पंप डलवाए गए हैं, एवं पूरे वार्ड में लोगों को बेहतर सुविधाएं मिल सके इस दिशा में निरंतर प्रयास किया जा रहा है, साथ ही वार्ड में बिजली, पानी, सड़क तथा साफ- सफाई की भी बेहतर व्यवस्था नागरिकों को मिल रही है, एवं प्रतिदिन डोर टू डोर कचरा कलेक्शन के माध्यम से भी स्वच्छता दीदीया कचरे को एकत्रित कर रही है, ज्ञात हो कि वार्ड क्रमांक-6 की पार्षद रजनी संजय रामचंद्र के प्रयासों से जहां वार्ड के नागरिकों को बेहतर सुविधाएं मिल रही हैं,तो वहीं छत्तीसगढ़ शासन की समुचित योजनाओं का भी लाभ नागरिकों को पार्षद की सक्रियता से मिल रहा है। विगत दिनों छत्तीसगढ़ प्रदेश की भारतीय जनता पार्टी की विष्णु देव की सुशासन वाली सरकार की महतारी वंदन योजना के तहत भी पार्षद रजनी संजय रामचंद्र ने अपने वार्ड की सभी महिलाओं को इस योजना की जानकारी देते हुए स्वयं उनके फार्म भरवाये, जिससे आज महिलाओं को इस योजना का लाभ मिल रहा है, वहीं छत्तीसगढ़ शासन की सभी जन कल्याणकारी योजनाओं का लाभ पूरे वार्ड वासियों को निरंतर नियमित रूप से मिल रहा है, 5 नवंबर को राज्य स्थापना दिवस के शक्ति जिले में आयोजित कार्यक्रम को लेकर वार्ड क्रमांक-6 की पार्षद रजनी संजय रामचंद्र एवं पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष संजय रामचंद्र ने भी पूरे वार्ड वासियों को बधाई शुभकामनाएं देते हुए कहा कि आज हमारे जिले में राज्योत्सव कार्यक्रम का शुभारंभ हो रहा है, इस अवसर पर हमारे इस वार्ड में भी आज विकास का एक नया और आयाम स्थापित हुआ है, इस दौरान भारतीय जनता पार्टी सागर शक्ति नगर मंडल के पूर्व कोषाध्यक्ष एवं वरिष्ठ नेता ऋषि कुमार गोयल भी मौजूद थे। उल्लेखित हो की इससे पूर्व भी वार्ड क्रमांक- 06 की पार्षद रजनी संजय रामचंद्र ने अपनी पार्षद निधि से शक्ति शहर के मुक्तिधाम में स्वर्ग रथ वाहन सेवा हेतु एक पक्के कमरे गैरेज तथा शैड का निर्माण करवाया था, जिस पर नागरिकों ने भी उनकी इस पहल पर साधुवाद ज्ञापित किया था।

# 8 नवंबर से 15 नवंबर तक होंगा सामूहिक अष्टोत्तर सहस्त्र श्रीमद् भागवत कथा भक्ति महोत्सव

पायनियर संवाददाता ◄ सक्ती
www.dailypioneer.com



छत्तीसगढ़ प्रदेश की पुनीत पावन धरा पर 8 नवंबर से 14 नवंबर तक भव्य धार्मिक आयोजन होने जा रहे हैं, इस कार्यक्रम का आयोजन शक्ति की प्रतिष्ठित धार्मिक संस्था पराशक्ति ज्योतिष पीठम परिवार द्वारा किया जा रहा है, जन सहयोग से आयोजित इस सामूहिक कार्यक्रम में परम पूज्य महामंडलेश्वर अमृतानंद सरस्वती (भरत जी महाराज) के सानिध्य में समस्त कार्यक्रम संपन्न होंगे तथा यह पहला अवसर होगा कि छत्तीसगढ़ की इस पुनीत पवित्र धरा पर बड़े भव्य धार्मिक आयोजन एक साथ संपन्न होंगे, तथा इस आयोजन को लेकर संपूर्ण तैयारियां पूर्ण हो चुकी है, तथा 4 नवंबर को नांदी श्राद्ध का भी कार्यक्रम संपन्न हुआ है। तथा उपरोक्त कायक्रम को सफल बनाने के लिए जहां महामंडलेश्वर अमृतानंद सरस्वती जी महाराज ने सभी श्रद्धालु भक्तों को इस कार्यक्रम में शामिल होने का आग्रह किया है, तो वही 8 नवंबर से प्रारंभ होने वाले इस आयोजन में जहां 12 एवं 13 नवंबर को तुलसी शालिगराम विवाह एवं एकादशी उद्यापन का कार्यक्रम होगा।

# मुख्यमंत्री कौशल विकास प्रशिक्षण में प्रवेश के लिए आवेदन 20 नवम्बर तक आमंत्रित

**जगदलपुर।** मुख्यमंत्री कौशल विकास योजनांतर्गत सभी वर्गों के लिए व्यावसायिक प्रशिक्षण मॉड्यूलर एम्प्लाएबल स्किल (एमईएस) कोर्सेस के अंतर्गत सेल्फएंप्लॉयड टेलर (वस्त्र सिलाई), कोसा धागाकरण एवं कोसा वस्त्र बुनाई ट्रेड में कक्षा 5वीं, 8वीं, 10वीं और 12वीं उत्तीर्ण युवक-युवतियों से अंत्यावसायी व्यावसायिक प्रशिक्षण केंद्र, कोसा केंद्र जगदलपुर में निःशुल्क प्रशिक्षण हेतु 20 नवंबर 2024 तक आवेदन आमंत्रित है। अंचल के दूर-दराज क्षेत्रों से आने वाले प्रशिक्षार्थियों के लिए छात्रावास की सुविधा उपलब्ध है। भोजन की व्यवस्था स्वयं को करनी होगी। आवेदन पत्र के साथ शैक्षणिक योग्यता, जाति-निवास प्रमाण पत्र एवं आधार कार्ड की छायाप्रति संलग्न करना आवश्यक है। आवेदन पत्र अंत्यावसायी व्यावसायिक प्रशिक्षण केंद्र, कोसा केंद्र कुम्हारपारा जगदलपुर से कार्यालयीन समयावधि में निःशुल्क प्राप्त किया जा सकता है।

# बैगा बाहुल्य क्षेत्र लोरमी में एक बार फिर संजीवनी एक्सप्रेस वरदान साबित हुई

पायनियर संवाददाता ◄ मुंगेली
www.dailypioneer.com



बैगा बाहुल्य क्षेत्र लोरमी में एक बार फिर संजीवनी एक्सप्रेस वरदान साबित हुआ। संजीवनी एक्सप्रेस ने एक बार फिर अपने नाम की तरह काम किया है. यहां 108 स्टाफकी सूझबूझ और तत्परता से एक गर्भवती महिला ने स्वस्थ बेटे को जन्म दिया. डिलीवरी के बाद महिला और नवजात दोनों स्वस्थ हैं.। दरअसल, सोमवार दोपहर में 12 - 1 बजे के बीच बोइरहा (लोरमी) की रहने वाली बिमला बाई बैगा 22 वर्ष पति भगवान सिंह बैगा को अचानक से प्रसव पीड़ा हुई. जिसके बाद परिजनों ने 108 संजीवनी एक्सप्रेस को कॉल किया । खबर मिलते ही झम्मनलाल साहू और पायलट हरिशंकर साहू तुरंत गांव केस के निकले. महिला को एम्बुलेंस में शिफ्ट कर नजदीकी हॉस्पिटल प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र खुड़िया के लिए रवाना हुए. तभी रास्ते में अचानक से दर्द उठा हॉस्पिटल से लगभग 25किलोमीटर पहले बिजरहा कापा के पास गर्भवती महिला की प्रसव पीड़ा काफी ज़्यादा बढ़ गई। मामले की गंभीरता को देखते हुए अपनी सूझबूझ का परिचय दिया, और स्वस्थ बच्चे का जन्म कराया।

# भाईदूज पर चित्रगुप्त महाराज की पूजा व कर्ण माहन्ति कायस्थ समाज रायगढ़ की बैठक में लिए गए महत्वपूर्ण निर्णय

पायनियर संवाददाता ◄ रायगढ़
www.dailypioneer.com



रायगढ़ के डिग्री कॉलेज में भाईदूज के शुभ अवसर पर कर्ण माहन्ति कायस्थ समाज रायगढ़ द्वारा चित्रगुप्त महाराज जी की पूजा का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम विशेष रूप से कर्ण माहन्ति कायस्थ समाज रायगढ़ के द्वारा किया गया, जिसमें समाज के कई सदस्य शामिल हुए। इस अवसर पर समाज के अध्यक्ष कर्ण महान्ति कायस्थ समाज द्वारा पूजा-अर्चना कर भगवान चित्रगुप्त का आशीर्वाद लिया गया। इस कार्यक्रम के बाद समाज के सदस्यों ने एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की, जिसमें समाज की उन्नति और युवा वर्ग की सहभागिता पर जोर दिया गया। बैठक में यह निर्णय लिया गया कि समाज की जिम्मेदारियाँ युवा वर्ग को दी जाएंगी ताकि समाज में नई ऊर्जा और प्रेरणा का संचार हो सके। इसके साथ ही समाज की गतिविधियों को और अधिक संगठित और प्रभावशाली बनाने के लिए एक नई कार्यकारिणी का गठन भी प्रस्तावित किया गया। बैठक में यह भी प्रस्ताव रखा गया कि यदि वर्तमान पदाधिकारी समाज के विस्तार और संगठन के लिए समयबद्ध तरीके से बैठक का आयोजन नहीं करते हैं, तो उनके पद स्वतः ही निरस्त माने जाएंगे। इसके साथ ही, समाज के सदस्यों द्वारा यह सहमति बनी कि समाज के लिए एक भवन निर्माण की योजना को भी प्रमुखता दी जाएगी। इस भवन के निर्माण से समाज के लिए एक स्थायी स्थल उपलब्ध हो सकेगा, जहाँ विभिन्न सामाजिक और सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जा सकेगा। भवन निर्माण के इस प्रस्ताव पर समाज के सदस्यों ने सकारात्मक प्रतिक्रिया दी और इसे शीघ्र ही कार्यान्वित करने के लिए सभी सदस्यों से योगदान और समर्थन की अपील की गई। समाज के इस निर्णय के माध्यम से रायगढ़ के कायस्थ समाज को संगठित और सशक्त बनाने के प्रयास किए जा रहे हैं, ताकि समाज में एकता, सहयोग और परस्पर समर्थन की भावना को और मजबूती मिल सके।

# राज्य उत्सव पर जगमगाया निगम कार्यालय



पायनियर संवाददाता ◄ रायगढ़
www.dailypioneer.com

शहर का नगर निगम कार्यालय इन दिनों जगमग रोशनी से सराबोर है। दरअसल, छत्तीसगढ़ राज्य स्थापना दिवस के मौके पर निगम कमिश्नर सुनील कुमार चंद्रवंशी के निर्देश पर कार्यालय की लाइटिंग से सजावट की गई है। वर्तमान में नगर निगम कार्यालय रंगबिरंगी झालर एवं एलईडी लाइटों से जगमग है। शासन के निर्देश के अनुसार यहां छत्तीसगढ़ राज्य स्थापना दिवस के मौके पर लाइटिंग की सजावट की गई है। निगम कमिश्नर सुनील कुमार चंद्रवंशी ने शासन के निर्देशानुसार पूरे कार्यालय परिसर में लाइटिंग की सजावट करने के निर्देश दिए थे। निर्देश के तहत निगम तकनीकी शाखा द्वारा पूरे कार्यालय परिसर में लाइटिंग की सजावट कराई गई है। लाइटिंग इतनी आकर्षक है कि यहां से गुजरने वाले राहगीर एक बार निगम कार्यालय की ओर देखने से अपने आप को नहीं रोक पा रहे हैं। शहर में निगम कार्यालय की एलईडी एवं झालर से सजावट की शहरवासी बहुत तारीफकर रहे हैं।

# संतान के सुखी जीवन की कामना के लिये समर्पित छठ पूजा

पायनियर संवाददाता ◄ मुंगेली
www.dailypioneer.com



प्रसिद्ध सूर्य देव की आराधना तथा संतान के सुखी जीवन की कामना के लिये समर्पित छठ पूजा हर वर्ष कार्तिक मास के शुक्ल पक्ष की षष्ठी तिथि को होती है। छठ के व्रत में मुख्य रूप से सूर्य की उपासना और छठी मईया की पूजा करने का विधान है। मान्यता है कि छठ का व्रत करने से छठी मईया प्रसन्न होकर संतान को दीर्घायु का वरदान देती हैं। इसलिये संतान प्राप्ति और संतान की लंबी आयु अच्छे स्वस्थ जीवन व पारिवारिक सुख समृद्धि की कामना के लिये छठ का व्रत रखा जाता है। छठी मईया के संबंध में जानकारी देते हुये अरविन्द तिवारी ने बताया कि छठ के इस महापर्व में छठी मईया और भगवान सूर्यदेव की पूजा की जाती है। पौराणिक कथा के अनुसार छठी मईया को ब्रह्मदेव की पुत्री और भगवान सूर्य की बहन कहा जाता है। छठी मईया को संतान प्राप्ति की देवी और सूर्य देव को शरीर का स्वामी या देवता कहा जाता है।? श्रुति स्मृति पुराणों के अनुसार जब ब्रह्म देव सृष्टि की रचना कर रहे थे तब उन्होंने खुद को दो भागों में विभाजित कर लिया था, एक भाग पुरुष और दूसरा प्रकृति। जिसके बाद प्रकृति ने भी खुद को छह भागों में विभाजित कर लिया, जिसमें से एक देवी मां हैं। आपको बता दें कि छठी मईया देवी मां का छठा अंश हैं , इसलिये उन्हें छठी मईया या प्रकृति की देवी के नाम से जाना जाता है। उन्होंने बताया हालांकि बिहार, पूर्वी उत्तरप्रदेश तथा झारखंड में छठ पूजा का विशेष महत्व है लेकिन दिल्ली, मुम्बई समेत कई बड़े शहरों में भी हर्षोल्लास के साथ इसका भव्य आयोजन किया जाता है। अब यह पर्व एक संस्कृति बन चुका है और देश से लेकर विदेशों तक में छठ के प्रति आस्था देखने को मिलती है। इस व्रत को छठ पूजा, सूर्य षष्ठी पूजा, डाला छठ के नाम से भी जाना जाता है। पौराणिक कथाओं के अनुसार सतयुग में भगवान श्रीराम , द्वापर में दानवीर कर्ण और पांडवों की पत्नी द्रौपदी ने भी सूर्य की उपासना की थी।

**क्यों होती है सूर्य की आराधना ?–** छठ पूर्व में सूर्य की आराधना और छठी मैया की विधि विधान से पूजा का बड़ा महत्व है। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार छठी माता को सूर्य देवता की बहन माना जाता हैं। कहा जाता है कि छठ पर्व में सूर्य की उपासना करने से छठ माता प्रसन्न होती हैं और घर परिवार में सुख शांति तथा संपन्नता के साथ सभी मनोकामनायें पूरी करती है।

**चार दिनों में होती है छठ पूजा**–हिन्दू धर्म में यह एकमात्र ऐसा त्यौहार है जिसमें डूबते सूर्य की पूजा होती है। तिथि अनुसार छठ पूजा चार दिनों की होती है। छठ की शुरुआत चतुर्थी तिथि को नहाय खाय से होती है, पंचमी तिथि को लोहंडा और खरना होता है। उसके बाद षष्ठी तिथि को छठ पूजा होती है जिसमें सूर्यदेव को शाम का अर्घ्य अर्पित किया जाता है। फिर अगले दिन सप्तमी को सूर्योदय के समय में उगते सूर्य को अर्घ्य देने के बाद पारण करके व्रत पूरा किया जाता है। इस वर्ष यह त्यौहार 05 नवंबर मंगलवार से 08 नवंबर शुक्रवार तक चलेगी।

छठ पूजा की शुरुआत 05 नवंबर मंगलवार को नहाय खाय के साथ होगी। इस दिन पूरे घर की अच्छे से साफ-सफाई की जाती है और स्नान के करने के पश्चात सूर्य को साक्षी मानकर व्रत का संकल्प लिया जाता है। इस दिन चने की सब्जी, चांवल, साग का सेवन किया जाता है। छठ पूजा के दूसरे दिन 06 नवंबर बुधवार के दिन खरना होगा जो कि छठ पूजा का महत्वपूर्ण दिन होता है, इसे लोहंडा भी कहा जाता है। इस दिन पूरे दिन व्रत किया जाता है और छठ की तैयारियां होती हैं। शाम को नदी सरोवर पर कमर तक जाकर पानी में खड़े होकर अस्ताचलगामी सूर्य को अर्घ्य दिया जाता है। मिट्टी के नये चूल्हे पर आम की लकड़ी से आग जलाकर साठी के चांवल दूध और गुड़ से खीर बनाकर छठी मईया को अर्पित करने के बाद प्रसाद के रूप में ग्रहण किया जाता है। इसके बाद व्रती कुछ भी खाते-पीते नहीं हैं। खरना के अगले दिन छठ पूजा का मुख्य दिन होता है, इस दिन छठी मैया और सूर्य देव की पूजा की जाती है। इस साल छठ पूजा 07 नवंबर को है, इस दिन सुबह दृ शाम दोनो समय सूर्य को अर्घ्य दिया जाता है। छठ पूजा से अगले दिन छठ पूजा का समापन होता है जो इस बार 08 नवंबर को होगा, इस दिन पुनरू नदी या सरोवर पर जाकर पानी में खड़े होकर उगते हुये सूर्य को अर्घ्य देकर पारण के बाद कठिन व्रत पूर्ण किया जाता है। इन चारों दिनों में सभी लोगों को सात्विक भोजन करने, जमीन पर सोने के अलावा और भी कई कड़े नियमों का पालन करना होता है। इन चारों दिनों में छठ पूजा से जुड़े कई प्रकार के व्यंजन, भोग और प्रसाद बनाया जाता है।

# जनदर्शन में कुल 145 आवेदन प्राप्त हुए



पायनियर संवाददाता ◄ मुंगेली
www.dailypioneer.com

जिला कलेक्टोरेट में आयोजित साप्ताहिक जनदर्शन में कलेक्टर एवं पुलिस अधीक्षक ने आमजनों की मांगों एवं समस्याओं को गंभीरता से सुना और अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। कलेक्टर ने कहा कि आमजनों से प्राप्त आवेदनों का संबंधित अधिकारी नियमानुसार शीघ्र निराकरण करें और लोगों को राहत पहुंचाएं। जनदर्शन में विकासखण्ड लोरमी के ग्राम बुधवारा निवासी रामलोचन नवरंग ने 26 अक्टूबर को उनके मकान में आग लगने पर आर्थिक सहायता राशि की मांग की। जिस पर कलेक्टर ने नाराजगी जाहिर की और कार्य में लापरवाही एवं उदासीनता बरतने पर संबंधित पटवारी को कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। साथ ही पटवारी को तत्काल मौका पंचनामा और रिपोर्ट राजस्व न्यायालय में प्रस्तुत करने निर्देशित किया। इस दौरान संबंधित विभाग के अधिकारी मौजूद रहे। 'जनदर्शन में कुल 145 आवेदन प्राप्त हुए'। जनदर्शन में कुल 145 आवेदन प्राप्त हुए, इसमें मुंगेली विकासखण्ड के ग्राम भठलीखुर्द के फूलचंद साहू ने प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ दिलाने, ग्राम तालम के नारायण ने अपनी भूमि का नक्शा-बटांकन कराने, ग्राम मोहतरा तेली के इतवारी राम ने विद्युत केबल बदलवाने, ग्राम करही के श्रवण साहू ने जल जीवन मिशन योजनांतर्गत शुद्ध पेयजल दिलाने, ग्राम कुआंगांव की बैसखिया बाई ने धान खरीदी के लिए आनलाईन रिकार्ड दुरूस्त कराने, ग्राम नुनियाकछार के रामेश्वर बंजारा ने नकल बंदोबश्त दिलाने, पथरिया विकासखण्ड के ग्राम लौदा के बजरंग साहू ने शासकीय भूमि से अतिक्रमण हटाने, हडगांव के मत्स्य पालक बलदाउ कश्यप ने मछली पालन के लिए किसान क्रेडिट योजना का लाभ दिलाने, ग्राम मनकी की भारती जोशी ने स्वच्छ भारत मिशन अंतर्गत शौचालय योजना का लाभ दिलाने सहित अन्य आवेदकों ने अपनी मांगों एवं समस्याओं से संबंधित आवेदन सौंपे।

## 50 नेत्र रोगियों को मोतियाबिंद ऑपरेशन हेतु भेजा गया रायपुर

# सक्ती में संपन्न हुआ नि :शुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर

पायनियर संवाददाता ◄ सक्ती
www.dailypioneer.com





शहर की प्रतिष्ठित फर्म अयोध्या प्रसाद कपूरचंद के संचालक रहे संतोष अग्रवाल (प्रियंका मोबाइल) की पुण्य स्मृति में 5 नवंबर को शहर के सामुदायिक भवन में एक दिवसीय निशुल्क चिकित्सा जांच शिविर का आयोजन किया गया, इस शिविर में जहां एमजीएम हॉस्पिटल रायपुर, अपोलो हॉस्पिटल बिलासपुर, बिहान मल्टी स्पेशलिटी हॉस्पिटल शक्ति के विशेषज्ञ चिकित्सकों ने उपस्थित होकर अपनी निशुल्क चिकित्सा परामर्श सेवाएं दी, तो वही एमजीएम हॉस्पिटल रायपुर द्वारा लगभग 290 नेत्र रोगियों की जांच की गई, जिसमें 40 लोगों को मोतियाबिंद ऑपरेशन के योग्य पाए जाने पर उन्हें तत्काल रायपुर रवाना किया गया वहीं बाकी नेत्र रोगियों को परामर्श देकर दवाइयां दी गई। वहीं इस शिविर में विभिन्न प्रकार के रोगों के विशेषज्ञ चिकित्सक मौजूद रहे, जिन्होंने अपनी बेहतर चिकित्सीय परामर्श के माध्यम से आने वाले मरीजों को संतुष्ट किया, तथा चिकित्सा परामर्श देकर उन्हें मेडिसिन लिखी, इस कार्यक्रम में आयोजक परिवार के सदस्य उषा संतोष अग्रवाल, राजकुमार अग्रवाल राजू, रितेश अग्रवाल, राहुल अग्रवाल, आदित्य अग्रवाल राजा प्रमुख रूप से उपस्थित थे, तथा कार्यक्रम का शुभारंभ भारत माता एवं स्वर्गीय संतोष अग्रवाल के तेल क्षेत्र पर माल्यार्पण एवम पूजा अर्चना कर हुआ, शुभारंभ अवसर पर खरकिया परिवार के वरिष्ठ सदस्य गणेश राम अग्रवाल एवं स्वर्गीय संतोष अग्रवाल के अजीज मित्र सरदार महेंद्र सिंह सलूजा ने इस निशुल्क स्वास्थ्य चिकित्सा शिविर को एक सराहनीय पहल बताते हुए ऐसे कार्यक्रमों को सेवा का एक सबसे बड़ा काम बताया, शिविर के दौरान सुबह से ही शक्ति जिले सहित अन्य जिलों से भी लोग पहुंचे हुए थे, तथा करीब 1000 की संख्या में लोगों ने पहुंच कर विभिन्न विशेषज्ञ चिकित्सकों से चिकित्सीय परामर्श लिया, तथा पूरे पंजीयन कार्य को सफल बनाने में खरकिया परिवार शक्ति सहित शहर के सेवाभावी नवयुवक भी जुटे रहे, जिसमें श्री हनुमान सेवा परिवार शक्ति के पंडित ओमप्रकाश वैष्णव, कोडके मौर्य, महेंद्र गबेल, राकेश गबेल,गोवर्धन सोनू देवांगन, संतोष देवांगन सहित अन्य सदस्य भी थे, तो वही एकता पत्रकार संघ के सुमित शर्मा, वार्ड क्रमांक-15 के पार्षद दीपक सेवक, विशाल गर्ग, सरदार हरजीत सिंह सलूजा, आमिर अनिरुद्ध अग्रवाल, अमरलाल अग्रवाल कॉन्ट्रेक्टर, जनरलिस्ट वेलफेयर यूनियन के जिला अध्यक्ष रमेश चंद्र अग्रवाल, गोविंद राम गर्ग,आकाश टेमरिहा, मनीष कथूरिया, प्रमोद अग्रवाल, गोपाल अग्रवाल, नरेश मित्तल, चमन अग्रवाल प्रमुख रूप से उपस्थित थे। तो वही समापन समारोह के दौरान श्री राधा कृष्ण मंदिर समिति के पूर्व अध्यक्ष जगदीश बंसल, पूर्व व्यवस्थापक अमरलाल अग्रवाल ठेकेदार, सुमित शर्मा, उषा संतोष अग्रवाल, पार्षद दीपक रिकी सेवक, बिहान हॉस्पिटल के डायरेक्टर डॉक्टर हेमेंद्र जायसवाल, श्री हनुमान सेवा परिवार शक्ति के संस्थापक पंडित ओमप्रकाश वैष्णव मौजूद रहे,समापन समारोह को संबोधित करते हुए अतिथियों ने ऐसे आयोजनों से लोगों को निःशुल्क चिकित्सा का लाभ मिलने की बात कही तो वही आयोजक परिवार को भी इस कार्य के लिए साधुवाद ज्ञापित किया, समापन समारोह के दौरान आयोजक परिवार की ओर से कार्यक्रम में सेवाएं देने वाले अपोलो हॉस्पिटल,बिहान अस्पताल, एमजीएम हॉस्पिटल के चिकित्सकों एवं मेडिकल टीम को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया तो वहीं कार्यक्रम में प्रत्यक्ष-अप्रत्यक्ष रूप से सहयोग देने वाले गणमान्य नागरिकों एवं मंच पर उपस्थित अतिथियों को भी स्मृति चिह्न दिया गया। शिविर के दौरान आगंतुकों के लिए स्वल्पाहार एवं दोपहर भोजन की भी व्यवस्था की गई थी तथा शिविर में पहुंचे लोगों ने कहा कि एक ही स्थान पर इतने विशेषज्ञ चिकित्सकों की सेवाओं का यह शिविर निश्चित रूप से एक बड़ा कार्य है तथा इसके लिए आयोजक परिवार साधुवाद के पात्र हैं।

# एक दिवसीय निशुल्क करियर गाइडेंस कार्यशाला का आयोजन

पायनियर संवाददाता ◄ मुंगेली
www.dailypioneer.com

जेईई मेंस 2025 सत्र पहले और दूसरे के लिए नोटिफिकेशन जारी कर दिया है रजिस्ट्रेशन की प्रक्रिया 28 अक्टूबर से शुरू कर दी गई है योग्य अभ्यर्थी जेईई मेंस 2025 सत्र पहले के लिए रजिस्ट्रेशन कर सकते हैं रजिस्ट्रेशन लिंक 22 नवंबर रात्रि 11.50 तक सक्रिय रहेगा परीक्षा 22 जनवरी से 31 जनवरी 2025 के बीच आयोजित की जाएगी अतः अभ्यर्थियों को सूचित किया जाता है कि डॉ भीमराव अंबेडकर शिक्षण संस्थान छत्तीसगढ़ द्वारा संचालित डॉ ब्रॉस मास्टर की एकेडेमी डॉ भीमराव अंबेडकर आवासीय विद्यालय परिसर मुंगेली में जिले के किसी भी शासकीय शासकीय विद्यालयों में कक्षा 11वीं एवं 12वीं में नियमित रूप से अध्यनरत गणित संकाय के छात्रों के लिए दिनांक 9 नवंबर 2024 शनिवार को दोपहर 12रू00 बजे से 3रू00 बजे तक जेईई मेंस परीक्षा 2025 की तैयारी करने के संबंध में एक दिवसीय निशुल्क करियर गाइडेंस कार्यशाला का आयोजन किया जा रहा है जिसमें इच्छुक छात्र छात्र उपस्थित होकर लाभ प्राप्त कर सकते हैं तथा जेईई मेंस फर्म भरने के लिए डॉ ब्रॉस मास्टर की एकेडेमी



श्री नरेन्द्र मोदी
माननीय प्रधानमंत्री

छत्तीसगढ़
राज्योत्सव



श्री विष्णु देव साय
माननीय मुख्यमंत्री, छत्तीसगढ़

# राज्य अलंकरण
# एवं
# राज्योत्सव समापन समारोह

**06 नवम्बर, 2024**

**राज्योत्सव स्थल, नवा रायपुर, अटल नगर, छत्तीसगढ़**



Samvad- 42022 / 65

मुख्य अतिथि
श्री जगदीप धनखड़
माननीय उप राष्ट्रपति

अध्यक्ष
श्री रमेन डेका
माननीय राज्यपाल, छत्तीसगढ़

अतिविशिष्ट अतिथि
श्री विष्णु देव साय
माननीय मुख्यमंत्री, छत्तीसगढ़

अतिविशिष्ट अतिथि
डॉ. रमन सिंह
माननीय अध्यक्ष, विधानसभा, छत्तीसगढ़





विशिष्ट अतिथि

श्री अरूण साव
माननीय उप मुख्यमंत्री
छत्तीसगढ़

श्री विजय शर्मा
माननीय उप मुख्यमंत्री
छत्तीसगढ़

श्री रामविचार नेताम, माननीय मंत्री
श्री दयाल दास बघेल, माननीय मंत्री
श्री केदार कश्यप, माननीय मंत्री
श्री लखन लाल देवांगन, माननीय मंत्री
श्री श्याम बिहारी जायसवाल, माननीय मंत्री
श्री ओ.पी. चौधरी, माननीय मंत्री
श्रीमती लक्ष्मी राजवाड़े, माननीय मंत्री
श्री टंकराम वर्मा, माननीय मंत्री
डॉ. चरणदास महंत, माननीय नेता प्रतिपक्ष
श्री बृजमोहन अग्रवाल, माननीय सांसद
श्री राजेश मूणत, माननीय विधायक
श्री पुरन्दर मिश्रा, माननीय विधायक
श्री मोती लाल साहू, माननीय विधायक
श्री अनुज शर्मा, माननीय विधायक
श्री गुरू खुशवंत साहेब, माननीय विधायक
श्री इंद्र कुमार साहू, माननीय विधायक



एवं

समस्त माननीय सांसद, विधायक, निगम, मंडल, आयोग, जिला पंचायत के माननीय अध्यक्ष, उपाध्यक्ष एवं सदस्यगण, माननीय महापौर की गरिमामयी उपस्थिति में आयोजित है।

आप सादर आमंत्रित हैं...

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय से जुड़ने के लिए QR CODE स्कैन करें

हमने बनाया है, हम ही सँवारेंगे

Visit us : ChhattisgarhCMO ChhattisgarhCMO ChhattisgarhCMO ChhattisgarhCMO DPRChhattisgarh DPRChhattisgarh www.dprcg.gov.in

छत्तीसगढ़ जनसंपर्क


सीएमवाईके प्रिंटेक लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक भोजराम पटेल द्वारा आसमा पब्लिसर्स इण्डिया प्रायवेट लिमिटेड पीएनबी के सामने जयस्तंभ चौक रायपुर, छत्तीसगढ़ से मुद्रित तथा श्री बालाजी हॉस्पिटल कैम्पस (मोवा) रायपुर, छत्तीसगढ़ - 492001 से प्रकाशित संपादक-अच्युतानन्द द्विवेदी*
समाचार चयन के लिए पीआरबी एक्ट के तहत जिम्मेदार, डाक पंजीयन नं. छ.ग./रायपुर संभाग/97/2024-26, दूरभाष नंबर 0771-2972403